# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

बुधवार, 11 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 41, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 208 अंकों की उछाल

शेयर बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और सेंसेक्स 208.17 अंक चढ़कर 84,273.92 अंक पर बंद हुआ। } 14

## 23 को आरबीआई बोर्ड को संबोधित करेंगी सीतारमण


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 फरवरी को आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड को संबोधित करेंगी। इस दौरान वह वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के मुख्य बिंदुओं के बारे में बताएंगी। } 16



## अभिनेता रणवीर सिंह को मिली धमकी

### अनजान शख्स ने मांगी करोड़ों की रंगदारी, जांच में जुटी पुलिस

एजेंसी



मुम्बई। अभिनेता रणवीर सिंह को व्हॉट्सएप पर एक वॉइस नोट भेजकर धमकी दी गई है। एक अनजान शख्स ने अभिनेता से करोड़ों रुपये की रकम मांगी है। मुंबई पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बीच उनकी सुरक्षा में इजाफा किया गया है। रणवीर और दीपिका पादुकोण के घर के बाहर अचानक सिक्योरिटी में बढ़ोतरी देख सोसाइटी के लोगों ने चिंता जताई है। पुलिस को लिखे पत्र में कहा गया है कि रणवीर सिंह और दीपिका ने सोसाइटी प्रबंधन और सोसाइटी के सदस्यों को बताए बिना निजी सिक्योरिटी तैनात की है।

मुंबई के प्रभादेवी हाउसिंग सोसायटी ने रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण को लेकर पुलिस से स्पष्टीकरण मांगा है। मुंबई के प्रभादेवी स्थित ब्यू मोंडे बी टॉवर हाउसिंग सोसायटी की तरफ से दादर पुलिस स्टेशन को पत्र लिखा गया है। इसके जरिए सोसायटी परिसर में तैनात निजी सशस्त्र सुरक्षा गार्डों को लेकर चिंता जताई है। दरअसल, यह गार्ड रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने तैनात किए है। सोसायटी प्रबंधन के अनुसार, रणवीर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ओम बिरला पर पक्षपात का आरोप, हटाने के लिए दिया नोटिस

### विपक्षी दलों के करीब 120 सांसदों ने हस्ताक्षर कर जतायी नाराजगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को लोकसभा महासचिव को सौंपा और बिरला पर पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन संचालित करने, कांग्रेस सदस्यों पर झूठे इल्जाम लगाने तथा अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

❍ फैसला आने तक सदन का संचालन नहीं करेंगे लोकसभा अध्यक्ष

लोकसभा सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि विपक्ष की ओर से नोटिस सौंपे जाने के बाद लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने फैसला किया कि वह मामले का निपटारा होने तक आसन पर नहीं बैठेंगे और उन्होंने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को निर्देश दिया कि नोटिस की जांच कर उचित कार्वाई की जाए। सूत्रों ने यह भी कहा कि नोटिस पर विचार किया जाएगा और नियमों के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। निचले सदन में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश और सचेतक मोहम्मद जावेद ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को यह नोटिस सौंपा। उल्लेखनीय है कि विपक्ष को दो बार नोटिस सौंपना पड़ा क्योंकि पहली बार जो नोटिस सौंपा गया था कि उसमें सदन के भीतर कुछ घटनाक्रमों का उल्लेख करते समय जिन तिथियों का हवाला दिया गया था उनमें त्रुटि थी। नोटिस पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक और कई अन्य विपक्षी दलों के करीब 120 सांसदों से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। संविधान के अनुच्छेद 94 (सी) के तहत यह प्रस्ताव संबंधी नोटिस सौंपा गया है। नोटिस में कहा गया है, हम भारत के संविधान के अनुच्छेद 94(सी) के प्रावधानों के अंतर्गत लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने का नोटिस देते हैं, क्योंकि जिस तरह से वह लोकसभा की कार्यवाही का संचालन कर रहे हैं, वह खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण है। कई अवसरों पर विपक्षी दलों के नेताओं को बोलने ही नहीं दिया गया, जबकि यह संसद में उनका मूल लोकतांत्रिक ...शेष पृष्ठ 14 पर



## संक्षेप

### दो उपनिरीक्षकों पर वसूली व अपहरण का आरोप

मेरठ। लोहिया नगर थाने में तैनात दो उपनिरीक्षकों पर एक धागा कारोबारी का अपहरण कर उससे 20 लाख रुपये वसूलने का आरोप लगा है। पुलिस के अनुसार, मामले की गोपनीय जांच के बाद आरोप सही पाए गए और 15 लाख रुपये भी बरामद कर लिये। उसने बताया कि दोनों उपनिरीक्षक फिलहाल फरार हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्हें पुलिसकर्मियों द्वारा एक कारोबारी से अवैध वसूली की शिकायत मिली थी। इसके बाद नगर पुलिस अधीक्षक ने कारोबारी को बुलाकर सभी तथ्यों की जानकारी ली और जांच के आदेश दिए। जांच में दोनों उपनिरीक्षकों की संलिप्तता की पुष्टि हुई। एसएसपी ने कहा कि लोहिया नगर थाना प्रभारी की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने फरार उपनिरीक्षकों की पहचान महेश और लोकेन्द्र साहू के रूप में की है, दोनों 2023 बैच के हैं। उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### बस-ट्रक की भिड़ंत में किशोर की मौत

पीलीभीत। पूरनपुर राजमार्ग पर मंगलवार को सुबह थाना गजरौला क्षेत्र में कोहरे के बीच अचानक सामने आए पशु को बचाने के प्रयास में ट्रक की टक्कर के बाद भारत-नेपाल मैत्री सेवा की बस सड़क किनारे खाई में जा गिरी जबकि ट्रक सड़क पर पलट गया। इस दुर्घटना में नेपाल के निवासी 11 वर्षीय सुभान की मौत हो गई जबकि 23 अन्य लोग घायल हो गए। जिले की गजरौला थाना पुलिस के अनुसार मंगलवार को तड़के थाना गजरौला के जरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत सकरिया तिराहे के पास पीलीभीत की ओर से जा रहा एक ट्रक अचानक सामने आए पशु को बचाने के लिए मुड़ा। तभी पूरनपुर की ओर से आ रही नेपाल-भारत मैत्री बस से उसकी सीधी टक्कर हो गई।

# कयामत तक नहीं बनेगा बाबरी ढांचा : योगी

❍ जहन्नुम की तरफ जाता है कानून तोड़ने वालों का रास्ता ❍ बाराबंकी में जल्द होगा लोधेश्वर महादेव मंदिर कॉरिडोर का निर्माण

विशेष संवाददाता



लखनऊ/बाराबंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबरी ढांचे का सपना देखने वालों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। उन्होंने दो टूक कहा कि कयामत का दिन कभी आने वाला नहीं है, जो लोग इसका सपना देख रहे हैं, सड़-गल जाएंगे। हिंदुस्तान में कायदे में रहने वाले फायदे में रहेंगे। अगर कोई कानून तोड़कर जन्नत जाने का सपना देख रहा है तो उसका यह सपना कभी पूरा नहीं होने वाला। कानून तोड़ने वाले का रास्ता कहीं और नहीं, सीधे जहन्नुम की तरफ ले जाता है। मुख्यमंत्री ने पूरी दृढ़ता के साथ कहा कि यह डबल इंजन सरकार पीएम मोदी के मार्गदर्शन में जो बोलती है, वह करके दिखाती है और जितना करती है, उतना ही बोलती है। हमने कहा कि रामलला आएंगे...। अब मंदिर भी बन गया है। हम विरासत को सम्मान देते हुए भारत व सनातन धर्म की गौरवशाली परंपरा को अक्षुण्ण रखेंगे। पीएम मोदी ने 25 नवंबर को अयोध्या में सनातन के प्रतीक श्रीराम मंदिर में भव्य केसरिया ध्वज का आरोहण किया था, यह ध्वज सदा भारत व सनातन के गौरव को आगे बढ़ाएगा।

मुख्यमंत्री मंगलवार को हिंद केसरी ब्रह्मलीन महंत बाबा हरिशंकर दास जी महाराज की पुण्य स्मृति में श्रीराम जानकी मंदिर, दुल्हदेपुर कुटी (बाराबंकी) में आयोजित दशम श्री हनुमत विराट महायज्ञ एवं श्री रामार्चा पूजन में सम्मिलित हुए। सीएम ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं व उपलब्धियां गिनाने के साथ ही कहा कि बाराबंकी में जल्द ही विकास प्राधिकरण प्रारंभ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## योगी सरकार आज पेश करेगी 10वां बजट



लखनऊ। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना बुधवार को सुबह 11 बजे विधान सभा में उत्तर प्रदेश सरकार का बजट पेश करेंगे। अगले साल विधान सभा चुनाव में जाने के पहले यह योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट होगा। बजट का आकार 9 लाख करोड़ रुपये के पार होने की उम्मीद है। मंगलवार को वित्त मंत्री ने बजट पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। विधान भवन स्थति अपने कार्यालय में बजट पर हस्ताक्षर करने के बाद सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि बजट प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं, विकास की जरूरतों और सुशासन की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। सुरेश खन्ना ने कहा कि वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए तैयार किया गया यह बजट आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में एक निर्णायक कदम है और आने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संतकबीरनगर के सहायक चकबन्दी अधिकारी सस्पेंड

लखनऊ। चकबन्दी आयुक्त, उत्तर प्रदेश डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने मंगलवार को चकबंदी प्रक्रिया के दौरान गंभीर अनियमितता बरतने और पीड़ित परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में शासन की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति के अन्तर्गत रामदरश, सहायक चकबन्दी अधिकारी, संतकबीरनगर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उल्लेखनीय है कि जनपद संतकबीरनगर की तहसील धनघटा के ग्राम संठी में चकबंदी प्रक्रिया के दौरान प्रथम दृष्टया नियम विरुद्ध तरीके से मृतक प्रभुनाथ प्रजापति के परिजनों के मूल गाटा नंबरों को बदलकर 'उड़ान चक' प्रदिष्ट किए जाने और समय रहते आपत्ति का नियमानुसार निस्तारण नहीं किया गया जिस पर इस प्रकरण में संबंधित लेखपाल को पूर्व में ही निलंबित किया जा चुका है। चकबंदी आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि भ्रष्टाचार पर किसी भी कर्मी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने फील्ड में कार्यरत कर्मियों को नियमानुसार चकबंदी कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि न्याय की प्रक्रिया को अपनाते हुए जनहित में उत्कृष्ट कार्य करें या दंडित होने को तैयार रहें।

## आखिरकार घुटनों पर आया पीसीबी

### भारत के खिलाफ बिना शर्त मैच खेलने को तैयार

एजेंसी

इस्लामाबाद/ढाका। भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप का मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा चूंकि पाकिस्तान सरकार ने बांग्लादेश और श्रीलंका के समझाने के बाद इस मैच के बहिष्कार का फैसला वापिस ले लिया है।

भारत और पाकिस्तान के बीच मैच कोलंबो में 15 फरवरी को होना है। पाकिस्तान सरकार ने एक विज्ञप्ति में कहा बहुपक्षीय बातचीत के नतीजों और दोस्त देशों के अनुरोध के बाद पाकिस्तान सरकार पाकिस्तान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को निर्देश देती है कि वह 15 फरवरी 2026 को आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप का अपना निर्धारित मैच खेलने मैदान पर उतरे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने इससे पहले जारी एक बयान में पाकिस्तान से क्रिकेट के हित में यह मैच खेलने का अनुरोध किया था। इसके बाद ही स्पष्ट हो गया था कि पाकिस्तान यह मैच खेलेगा। पाकिस्तान सरकार के बयान में कहा गया यह फैसला क्रिकेट की भावना की रक्षा और सभी प्रतिभागी देशों में इस वैश्विक खेल की निरंतरता का समर्थन करने के मकसद से लिया गया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को श्रीलंका से राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके का भी फोन आया था जिन्होंने उनसे बहिष्कार का फैसला वापिस लेने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 17 को भारत आयेंगे फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैंक्रो

नयी दिल्ली। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 17 फरवरी से तीन दिवसीय भारत यात्रा पर रहेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मैक्रों एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में भाग लेने के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसके अतिरिक्त, दोनों नेता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मोदी और मैक्रों मुंबई में संयुक्त रूप से भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष का उद्घाटन करेंगे। फ्रांसीसी राष्ट्रपति भारत के साथ संबंधों को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की रखी नींव : धामी

### उत्तराखण्ड में एकल महिला स्वरोजगार योजना का हुआ शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखण्ड सरकार ने महिला सशक्तिकरण को ठोस जमीन पर उतारते हुए प्रदेश की एकल महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना का औपचारिक शुभारंभ किया और लाभार्थी महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से राज्य के छह जिलों की 484 एकल महिलाओं के खातों में कुल 3 करोड़ 45 लाख 34 हजार 500 रुपये की पहली किश्त सीधे अंतरित की। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा तैयार विभागीय कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। योजना के प्रथम चरण में बागेश्वर की 42, देहरादून की 191, नैनीताल की 75, पौड़ी गढ़वाल की 66, टिहरी गढ़वाल की 23 और ऊधम सिंह नगर की 87 महिलाओं को स्वरोजगार गतिविधियों के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 25.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 10.00 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


❍ आगरा एक्सप्रेस-वे के पास बनेगा ट्रॉमा सेंटर (पृष्ठ-02)

❍ सरकार ने तीन गुना बढ़ायी दिव्यांगजन पेंशन (पृष्ठ-02)

❍ वायदा बाजार में सोने, चांदी के भाव में गिरावट (पृष्ठ-14)

❍ दिल्ली सरकार की कर्ज देने वाली एजेंसी बंद (पृष्ठ-14)

❍ बिजली के लिए 14,230 अरब डॉलर की जरूरत (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — क्लाउड सुरक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी जेडस्केलर ने जारी की रिपोर्ट

## एंटरप्राइज एआई के उपयोग में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत कृत्रिम मेधा (एआई) अपनाने के मामले में दुनिया में एक बड़ी ताकत बनकर उभरा है। एंटरप्राइज एआई/एमएल लेनदेन के मामले में भारत अब अमेरिका के बाद वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है। क्लाउड सुरक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी जेडस्केलर की एक ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

जेडस्केलर थ्रेटलैब्ज 2026 एआई सुरक्षा रिपोर्ट के ये निष्कर्ष राजधानी में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से ठीक एक सप्ताह पहले आए हैं। इस सम्मेलन में एनवीडिया के जेन्सेन हुआंग, ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन, गूगल के सुंदर पिचाई, एंथ्रोपिक के डारियो अमोदेई और क्वालकॉम के क्रिस्टियानो आमोन जैसे विश्व के प्रौद्योगिकी दिग्गजों, नीति-निर्माताओं और नवोन्मेषकों के शामिल होने की उम्मीद है। जेडस्केलर ने रेखांकित किया कि भारत में एआई की स्वीकार्यता की मजबूत गति के बावजूद सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियां बनी हुई हैं। इनमें एजेंटिक एआई का हथियार के तौर पर इस्तेमाल और नवाचार तथा सुरक्षा उपायों के बीच बड़ा अंतर शामिल है। कंपनी के जीरो ट्रस्ट एक्सचेंज मंच पर जनवरी से दिसंबर, 2025 के बीच लगभग 1,000 अरब एआई और मशीन लर्निंग लेनदेन के विश्लेषण पर आधारित यह रिपोर्ट बताती है कि उद्यम अब एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर पहुंच गए हैं, जहां एआई केवल उत्पादकता बढ़ाने का साधन मात्र नहीं रह गया है।

अब यह स्वायत्त और मशीनी गति से होने वाले संघर्षों (साइबर हमलों) का प्राथमिक माध्यम बनता जा रहा है। इस अध्ययन में एआई और एमएल ट्रैफिक का एक साथ परीक्षण किया गया है, क्योंकि उद्यमों की एआई प्रणालियां बड़े पैमाने पर काम करने के लिए मशीन लर्निंग मॉडल पर ही निर्भर होती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय उद्यमों ने जून और दिसंबर, 2025 के बीच कुल 82.3 अरब एआईएमएल लेनदेन दर्ज किए। यह मात्रा एशिया-प्रशांत (एपीएसी) क्षेत्र की कुल एआई गतिविधियों का 46.2 प्रतिशत है, जो भारत को इस क्षेत्र का निर्विवाद अगुवा बनाती है।

## मथुरा में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

मधुसूदन शर्मा

मथुरा। जिले के खप्परपुर गांव में मंगलवार को एक दंपति और उनके तीन नाबालिग बच्चे अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस ने अंदेशा जाहिर किया है कि यह सामूहिक आत्महत्या का मामला है। मुख्यमंत्री ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया है और अधिकारियों को पीड़ित परिवार को पूरा सहयोग प्रदान करने तथा मामले की जांच करने का निर्देश दिया है।

❍ सामूहिक आत्महत्या का मामला : पुलिस

पुलिस को परिवार के मुखिया द्वारा बनाया गया एक वीडियो और दीवार पर लिखे संदेश के अलावा एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट और वीडियो की सामग्री के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान किसान मनीष कुमार (35), उनकी पत्नी (लगभग 32 वर्ष), उनकी दो बेटियों - हनी (8) और प्रियांशी (5) तथा बेटे प्रतीक (3) के रूप में हुई है। एसएसपी ने बताया कि वे अपने घर के एक कमरे में मृत पाए गए। उन्हें इस घटना की जानकारी मनीष कुमार के भाई से मिली। एसएसपी के मुताबिक जब बच्चे सुबह खेलने के लिए बाहर नहीं आए, तो मनीष का भाई कुछ ग्रामीणों के साथ दीवार फांदकर घर के अंदर गया और ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज में डेंटल इंप्लांट कार्यक्रम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बीबीडीयू, लखनऊ ने 9 फरवरी 2026 को एक दिवसीय कंटिन्यूइंग डेंटल एजुकेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का शीर्षक था वन डे कॉम्पिटेंस डेंटल इम्प्लांट प्रोग्राम। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चासंलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास के प्रेरणा से हुआ।

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. दिव्ये मल्होत्रा थे, जो हिमाचल डेंटल कॉलेज, सुंदरनगर, हिमाचल प्रदेश में ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हैं। डॉ. दिव्ये एक प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं चिकित्सक हैं, जिन्हें दंत चिकित्सा और इम्प्लांटोलॉजी के क्षेत्र में 20 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने भारत एवं विदेशों में जटिल ओरल सर्जरी, क्लेफ्ट लिप/पैलेट तथा डेंटल इम्प्लांट्स में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्हें कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित डेंटल संस्थाओं की फेलोशिप भी प्राप्त है।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. श्रीकृष्ण श्रीवास्तव, की उपस्थिति में माँ सरस्वती के आशीर्वाद के साथ किया गया। कुलपति एवं प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. नीता पसरीचा ने अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए और प्रतिभागियों को इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बधाई दी।

इस कार्यक्रम में 70 से अधिक पंजीकृत प्रतिनिधि उपस्थित थे। व्याख्यानों में इम्प्लांटोलॉजी के सैद्धांतिक एवं नैदानिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इम्प्लांट डेंटिस्ट्री खोए हुए दांतों को बदलने का एक व्यापक रूप से अपनाया गया उपचार विकल्प है। इसमें इम्प्लांट्स को जबड़े की हड्डी में स्थापित किया जाता है, जिन पर दांत जैसे कृत्रिम संरचनाएँ लगाई जाती हैं। इससे प्राकृतिक दांत की तरह रूप और कार्य दोनों में दांत की भरपाई संभव होती है।

व्याख्यान श्रृंखला के बाद प्रतिनिधियों के लिए उसी विषय पर हैंड्स-ऑन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। प्रतिभागियों ने डमी जॉ मॉडल्स में डमी इम्प्लांट्स लगाकर अभ्यास किया, जिससे उन्हें मुख में कार्य करने का वास्तविक अनुभव प्राप्त हुआ। प्रतिभागी पूरे कार्यक्रम के दौरान डेंटल इम्प्लांट्स के ज्ञान से अत्यंत प्रभावित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन, वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंट करने तथा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ हुआ। यह कार्यक्रम फैकल्टी सदस्यों के सहयोगात्मक प्रयासों तथा बाबू बनारसी दास एजुकेशनल ग्रुप के प्रोत्साहन एवं समर्थन से सफल रहा।

यह कार्यक्रम प्राचार्य-प्रोफेसर डॉ. नीता पसरीचा के गतिशील नेतृत्व में तथा संयुक्त रूप से डॉ. मोना शर्मा (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष पीरियोडॉन्टोलॉजी विभाग), डॉ. जीतेंद्र अरोड़ा (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग) तथा डॉ. मनोज उपाध्याय (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग) द्वारा आयोजित किया गया।

# आगरा एक्सप्रेस-वे के पास सैफई में बनेगा ट्रॉमा सेंटर

## 250 शैय्या वाले लेवल-1 ट्रॉमा सेंटर की होगी स्थापना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई (इटावा) के अंतर्गत 250 शैय्या वाले लेवल-1 ट्रॉमा सेंटर की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया है। यह ट्रॉमा सेंटर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के पास स्थापित किया जाएगा, जिससे सड़क दुर्घटनाओं सहित अन्य आपात परिस्थितियों में घायलों को त्वरित एवं उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

मंगलवार को बतौर कुलाधिपति विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस-वे विश्वविद्यालय परिसर से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिसके कारण दुर्घटना पीड़ितों के उपचार में बहुमूल्य समय नष्ट होता है। प्रस्तावित ट्रॉमा सेंटर का संचालन विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर रूरल हेल्थ की स्थापना के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए, जिसमें टेली-ओपीडी, वर्चुअल ओपीडी, डिजिटल डेटा एकीकरण तथा मोबाइल आउटरीच जैसी सेवाएं शामिल हों। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं

**विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर रूरल हेल्थ के गठन के निर्देश**

के सुदृढ़ीकरण तथा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान को नई दिशा देने से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय को पश्चिमी एवं मध्य उत्तर प्रदेश के लिए उच्चस्तरीय चिकित्सा, शिक्षण एवं शोध के प्रभावी केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि उपचार, शिक्षण और अनुसंधान के प्रत्येक क्षेत्र में गुणवत्ता, संवेदनशीलता तथा समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र में नवाचारों को प्राथमिकता देने पर बल देते हुए कहा कि देश के अग्रणी चिकित्सा एवं शैक्षणिक संस्थानों की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों (बेस्ट प्रैक्टिसेज) का अध्ययन कर उन्हें विश्वविद्यालय की व्यवस्था में समाहित किया जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से समाज की उच्च अपेक्षाएं जुड़ी हुई हैं, जिनकी पूर्ति के लिए हब-एंड-स्पोक मॉडल को प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में समग्र सुधार हो सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में इंटीग्रेटिव मेडिसिन यूनिट की स्थापना की जाएगी। इस इकाई के माध्यम से एलोपैथी एवं आयुष पद्धतियों के समन्वय से रोगी-केन्द्रित उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अंतर्गत आयुष विभाग के सहयोग से इंटीग्रेटिव ओपीडी, विशेष क्लीनिक, योग एवं वेलनेस इकाई स्थापित की जाएंगी। स्वास्थ्य जागरूकता एवं जनसंपर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय समाज के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करे। इस क्रम में विश्वविद्यालय में कम्युनिटी ब्रॉडकास्ट सर्विस की स्थापना का निर्णय लिया गया, जिसके माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता, रोग-निवारण, सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से संबंधित प्रमाणिक जानकारी तथा शैक्षणिक सामग्री का प्रसारण किया जाएगा।

# प्रदेश ने खोए जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के नेताः सीएम



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शोक जताते हुए सदन में कहा कि वर्तमान विधानसभा के सदस्य प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल का निधन 2 जनवरी 2026 को 60 वर्ष की आयु में हो गया। वह दूसरी बार विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे और फरीदपुर (बरेली) से भारतीय जनता पार्टी के विधायक थे। प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल मिलनसार और जमीन से जुड़े जनप्रतिनिधि थे। शिक्षा जगत से उनका गहरा जुड़ाव रहा। वह इतिहास संकलन समिति, बरेली के अध्यक्ष तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की कार्यसमिति के सदस्य भी रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में बुनियादी विकास कार्यों को गति दी और पिछड़े, वंचित व गरीब वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर काम किया। शिक्षा जगत से जुड़े विद्वान जब जनप्रतिनिधि बनते हैं तो वह लोकतांत्रिक परंपराओं को सशक्त करते हैं। उनके निधन से प्रदेश और भारतीय जनता पार्टी को अपूर्णनीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने वर्तमान विधानसभा के वरिष्ठ सदस्य विजय सिंह गौड़ के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने सदन को बताया कि समाजवादी पार्टी से विधायक विजय सिंह का निधन 8 जनवरी 2026 को 71 वर्ष की आयु में हो गया था। वह आठवीं बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वर्ष 1980 से उनका राजनीतिक सफर शुरू हुआ था। उन्होंने सर्वप्रथम वर्ष 1980, फिर 1985, 1989, 1991, 1993, 1996, 2002 में चुनाव जीता था। वर्ष 2024 के उप चुनाव में वह दुद्धी विधानसभा से निर्वाचित हुए थे। वह जनजातीय समाज की सशक्त आवाज के रूप में जाने जाते थे। सीएम योगी ने कहा कि विजय सिंह गौड़ ने जल, जंगल, जमीन के अधिकारों के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों को सदैव प्राथमिकता दी। उनके निधन से न केवल जनजातीय समाज, बल्कि पूरे प्रदेश ने संघर्षशील समाजसेवी और अनुभवी राजनेता को खो दिया है। मुख्यमंत्री ने दोनों दिवंगत सदस्यों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से शोकाकुल परिजनों को संबल देने की प्रार्थना की। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि प्रो. श्याम बिहारी के निधन से विधान सभा उनके ज्ञान और अनुभव से वंचित हो गई है। उन्होंने विजय सिंह को याद करते हुए कहा कि वह 1980 में सदन में चुनकर आए थे और राजनीतिक चमक-दमक से दूर रहते थे। पांच बार के विधायकों के सम्मान समारोह में भाग न लेकर उन्होंने सादगी और सिद्धांतों की मिसाल पेश की थी। अपना दल के राम निवास वर्मा ने दोनों विधायकों के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। रालोद के राजपाल सिंह बालियान ने दोनों के निधन को अपूरणीय क्षति बताया है। सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने दोनों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। निषाद पार्टी के अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सदन ने अपने दो सदस्यों को असामयिक रूप से खो दिया है और पूरा सदन श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। कांग्रेस की आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि दोनों के योगदान को याद करते हुए नमन किया। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के विनोद सरोज ने भी दोनों के कार्यों को याद कर श्रद्धांजलि दी। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि पूरा सदन शोकाकुल है और सदन की ओर से दोनों परिवारों के प्रति संवेदनाएं प्रेषित की जाएंगी।

### रिंग बजने पर भाजपा विधायक का मोबाइल जब्त

सदन में विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने फतेहपुर सीकरी के भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल का मोबाइल फोन बजने पर नाराजगी जताई। दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि देते समय इनका मोबाइल बजा था। विधान सभा अध्यक्ष ने तत्काल सुरक्षा कर्मी को बुलाकर विधायक का मोबाइल जब्त कराया। विधान सभा की कार्यवाही खत्म होने के बाद माफी मांगने पर अध्यक्ष ने उनका मोबाइल फोन वापस कराया।

# केंद्र की समृद्ध योजना में यूपी ने बनायी राष्ट्रीय पहचान

**लखनऊ।** केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेटी) की महत्वाकांक्षी स्टार्टअप एक्सेलेरेटर ऑफ मेटी फॉर प्रोडक्ट इनोवेशन, डेवलपमेंट एंड ग्रोथ (समृद्ध) योजना में उत्तर प्रदेश ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। स्टार्टअप्स को नवाचार, उत्पाद विकास और विस्तार के लिए तैयार करने वाली इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश से चयनित एक्सेलेरेटरों और स्टार्टअप्स की संख्या यह संकेत देती है कि प्रदेश तेजी से देश के प्रमुख

- **प्रदेश से 4 एक्सेलेरेटरों का चयन, 35 स्टार्टअप्स को मिली 9.91 करोड़ की फंडिंग**

स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपनाई गई नीतियों का असर अब राष्ट्रीय स्तर पर साफ दिखने लगा है। योगी सरकार की ओर से केंद्र की योजनाओं का लाभ जमीन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश स्तर पर लगातार समन्वय किया जा रहा है। एक्सेलेरेटरों और स्टार्टअप्स की निगरानी, मेंटरशिप और बाजार से जोड़ने की प्रक्रिया को मजबूत किया गया है, ताकि युवा उद्यमियों को केवल फंडिंग ही नहीं बल्कि स्थायी विकास का रास्ता भी मिल सके। समृद्ध को लेकर उत्तर प्रदेश से कुल 10 एक्सेलेरेटरों ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जमा किया था। इनमें से 4 एक्सेलेरेटरों का चयन किया गया। इन चयनित एक्सेलेरेटरों के माध्यम से प्रदेश के 35 स्टार्टअप्स को एक्सेलेरेशन सपोर्ट दिया गया, जिनमें से 27 स्टार्टअप्स फंडिंग प्राप्त करने में सफल रहे। उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप्स को इस योजना के तहत कुल 9.91 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। यह राशि स्टार्टअप्स को उनके उत्पाद के विकास, बाजार विस्तार और तकनीकी मजबूती के लिए दी गई है। केंद्र सरकार की इस योजना में स्टार्टअप्स को अधिकतम 40 लाख रुपये तक की मैचिंग फंडिंग का प्रावधान है, जबकि प्रत्येक स्टार्टअप के लिए एक्सेलेरेटरों को भी वित्तीय सहयोग दिया जाता है।

# सरकार ने तीन गुना से अधिक बढ़ायी दिव्यांगजन पेंशन

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण को सामाजिक न्याय की धुरी बनाते हुए पेंशन, सहायता योजनाओं और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में ऐतिहासिक सुधार किए हैं। सरकार की पारदर्शी, ऑनलाइन और समयबद्ध व्यवस्था के चलते आज प्रदेश में कोई भी पात्र दिव्यांगजन सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं है। विधानपरिषद में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने स्पष्ट किया कि योगी सरकार में दिव्यांगजनों के लिए धन की कोई कमी नहीं है और जो भी पात्र है, उसे शत-प्रतिशत लाभ मिलेगा।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने सदन को अवगत कराया कि वर्ष 2017 से पूर्व दिव्यांग पेंशन मात्र 300 रुपये प्रतिमाह थी, जिसे योगी सरकार ने बढ़ाकर 1,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया है।

- **यूडीआईडी कार्ड से लेकर पेंशन तक पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और ऑनलाइन**

यह पेंशन पात्र लाभार्थियों के खातों में पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की जाती है, जिससे किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं रहती। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल के माध्यम से यूडीआईडी कार्ड जारी किए जाते हैं। आकांक्षी जनपद सिद्धार्थनगर में 31 जनवरी 2026 तक 24,414 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा चुके हैं। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14,356 पात्र दिव्यांगजनों को पेंशन, 153 कुष्ठावस्था पेंशन और 321 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। 31 दिसंबर 2025 तक कोई भी पात्र लाभार्थी लंबित नहीं है। मंत्री कश्यप ने स्पष्ट किया कि यूडीआईडी कार्ड धारक सभी दिव्यांगजन स्वतः पेंशन के पात्र नहीं होते। पेंशन के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता, ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 रुपये और शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये से कम वार्षिक आय तथा अन्य किसी पेंशन योजना का लाभ न लेना अनिवार्य है। आवेदन एकीकृत सामाजिक पेंशन पोर्टल पर ऑनलाइन किया जाता है, जिसकी जांच जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी की ओर से की जाती है। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दो टूक कहा कि विभाग में दलालों और भ्रष्टाचारियों के लिए कोई स्थान नहीं है। यदि किसी स्तर पर शिकायत मिलती है तो निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जो दिव्यांगजन स्वयं कार्यालय नहीं आ सकते, उनके घर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूरी कराई जाए। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के विशेष विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चयनित शिक्षकों की पदोन्नति से जुड़े प्रस्ताव उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को भेजे जा चुके हैं और इस पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। मंत्री कश्यप ने यह भी स्पष्ट किया कि वितरण कार्यक्रमों में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना अनिवार्य है।

# 74.33 करोड़ से 7 नयी ड्रेनेज परियोजनाओं का होगा निर्माण

## बहराइच, बिजनौर, गोण्डा, हापुड़ और मेरठ में करा रहा 7 ड्रेनों का निर्माण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कृषि विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। जल प्रबंधन को बेहतर बनाने, बाढ़ की समस्या को कम करने और किसानों की आय में बढ़ोतरी के उद्देश्य से ड्रेनेज व्यवस्था के विस्तार और ड्रेनों की नियमित सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग विभिन्न जनपदों में 7 नई ड्रेन परियोजनाओं का निर्माण करा रहा है। साथ ही जल प्रबंधन और खेतों तक सुचारू रूप से जल की पहुंच को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 17,500 किलोमीटर ड्रेनों की सफाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

- **17,500 किलोमीटर ड्रेनों की सफाई का लक्ष्य, मार्च 2026 तक पूर्ण होगा कार्य**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में सिंचाई व्यवस्था के विस्तार के उद्देश्य से विभिन्न जनपदों में 7 नई ड्रेन परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें गोण्डा, हापुड़ और मेरठ में एक-एक ड्रेन परियोजना को मंजूरी दी गई है, जबकि बिजनौर और बहराइच में दो-दो ड्रेन परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। जिन पर कुल 74.33 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय करने की स्वीकृति मिली है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से संबंधित क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ होगी और किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए व्यापक सफाई का कार्य भी नियमित तौर पर कराया जाता है। बाढ़ एवं साल भर ड्रेनों के परिचालन से इनमें भारी मात्रा में गाद और सिल्ट जमा हो जाती है, जो खेतों तक जल की पहुंच में बाधा उत्पन्न करती है। इस क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 17,500 किलोमीटर ड्रेनों की सफाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें से 11,065 किलोमीटर ड्रेनों की सफाई का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। शेष कार्य मार्च 2026 तक पूरा किया जाना है।

विभाग द्वारा कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि तय समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण हो सके। इससे न केवल किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा, बल्कि जलभराव और बाढ़ की समस्या में भी कमी आएगी, जिससे कृषि उत्पादन और ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार की उम्मीद है।

# राज्यपाल ने मां पाटेश्वरी विवि के निर्माणाधीन परिसर का किया निरीक्षण

## जिला कलेक्ट्रेट बलरामपुर में मां पाटेश्वरी विवि एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के निमार्णाधीन परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लगभग 150 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की वर्तमान प्रगति रिपोर्ट एवं आगामी शैक्षणिक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए एडमिन ब्लॉक, अकादमिक ब्लॉक एवं गर्ल्स हॉस्टल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि छात्रावास के प्रत्येक तल पर वाशिंग मशीन एवं शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक कमरे में अलमारी, कपड़े सुखाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही गर्ल्स हॉस्टल के समक्ष उपलब्ध खाली भूमि पर वॉलीबॉल, बैडमिंटन आदि खेल सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए, जिससे छात्राएं खेल गतिविधियों से जुड़ सकें।

इन्क्यूबेशन सेंटर के निर्माण के संबंध में कुलाधिपति ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि एकेटीयू के इन्क्यूबेशन सेंटर को देखकर उसी के अनुरूप कार्यवाही की जाए। विश्वविद्यालय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि फैसिलिटी सेंटर में बैंक के लिए स्थान आवंटन के लिए किराया निर्धारित किया जाए, जिसे प्रत्येक दो वर्ष में पुनरीक्षित किया जाए। अकादमिक भवन में प्रयोगशालाओं की फ्लोर-वाइज व्यवस्था विश्वविद्यालय एवं कार्यदायी संस्था आपसी समन्वय से तय कर सुनिश्चित करें। राज्यपाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय के सभी निर्माण कार्य समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण किए जाएं, ताकि विश्वविद्यालय को उच्च शिक्षा के एक सशक्त एवं आदर्श केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके। इस अवसर पर कुलाधिपति द्वारा कुलाधिपति वाटिका में मौलश्री के पौधे का पौधरोपण किया गया।

निरीक्षण के बाद जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विश्वविद्यालय एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। राज्यपाल को अवगत कराया गया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय से 182 महाविद्यालय सम्बद्ध हैं, जिनमें कुल 69,845 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। साथ ही शासन द्वारा सृजित पदों एवं विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। कुलाधिपति ने निर्देश दिए कि सृजित शैक्षिक पदों पर आवश्यकतानुसार शासन की अनुमति प्राप्त कर शीघ्र विज्ञापन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि विश्वविद्यालय में अनावश्यक बैंक खाते न खोले जाएं तथा न्यूनतम आवश्यक बैंक खातों का ही संचालन किया जाए। परीक्षा नियंत्रक को उत्तर पुस्तिकाओं के डिजिटाइजेशन के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय में आवश्यकतानुसार ही सामग्री क्रय करने तथा अनावश्यक भंडारण से बचने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में कुलपति, मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, आयुक्त, देवीपाटन मंडल, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी, बलरामपुर, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा, कुलसचिव, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ट्रांसजेंडर समुदाय से भेदभाव न करें, सम्मान दें

## राज्यपाल ने ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए नवनिर्मित गरिमा गृह का किया उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को बस्ती में भारत सरकार के स्माइल योजनान्तर्गत ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए नवनिर्मित गरिमा गृह का उद्घाटन किया तथा परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि समाज का प्रत्येक नागरिक समान अधिकारों का अधिकारी है और ट्रांसजेंडर समुदाय को सम्मानजनक जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकार, सम्मान, सुरक्षा एवं सामाजिक सहभागिता को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण आवश्यक है तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दिया जाना चाहिए। उन्होंने समाज से अपील की कि ट्रांसजेंडर समुदाय को स्वीकार करें, किसी प्रकार का भेदभाव न करें और उन्हें सम्मान प्रदान करें।

राज्यपाल जी ने कहा कि ट्रांसजेंडर जन्म से ही होते हैं, अतः उन्हें शिक्षा एवं रोजगार के समान अवसर प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना अत्यंत आवश्यक है। बस्ती से प्रारंभ हुई यह पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा ट्रांसजेंडर पैदा होता है तो उसे परिवार में सम्मानपूर्वक रखा जाए तथा पड़ोस या समाज द्वारा किसी प्रकार की टीका-टिप्पणी न की जाए। यह एक पुण्य कार्य है। उन्होंने ट्रांसजेंडर समुदाय से शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज उन्हें स्वीकार करने के लिए तैयार है। उन्होंने इंदिरा चौरिटेबल ट्रस्ट के अजय पाण्डेय द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश में ट्रांसजेंडर समुदाय के उत्थान के लिए राज्यपाल के योगदान पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गयी, जिसे उपस्थित जनसमूह द्वारा अत्यंत सराहा गया।

संक्षेप

## विवाहिता की मौत पर पति समेत पांच पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। फांसी के फंदे से लटक कर विवाहिता द्वारा आत्महत्या किये जाने की घटना में पुलिस ने पति समेत पांच ससुरालीजनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के देल्हूपुर गांव निवासी धर्मेन्द्र यादव की पत्नी रीता 35 ने आठ फरवरी की रात ससुराल में घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना को लेकर मृतका के भाई राकेश कुमार यादव पुत्र स्व0 गोकुल प्रसाद निवासी धनेही मोवाई थाना ऊंचाहार, रायबरेली ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजन उसकी बहन को मारते पीटते व प्रताड़ित करते थे। ससुरालीजनों की प्रताड़ना से मजबूर होकर उसकी बहन रीता ने आठ फरवरी की रात आत्महत्या कर ली। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## दो पर मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। मारपीट गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के उदियापुर गांव निवासी संजय कुमार विश्वकर्मा पुत्र रामअधार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती नौ फरवरी की सुबह करीब नौ बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के लालजी धुरिया पुत्र रामफेर व उसके पुत्र शिवा धुरिया ने पीड़ित के भतीजे मनीष विश्वकर्मा पुत्र मंगल प्रसाद व भांजे आलोक विश्वकर्मा पुत्र राधेश्याम को जैनपुर चौराहे पर मारापीटा व गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने वाहन में तोड़फोड भी किया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अज्ञात आरोपी पर किशोरी के अपहरण का मुकदमा

प्रतापगढ़। किशोरी के गायब होने की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती आठ फरवरी की रात उसकी पुत्री कमरे से अचानक गायब हो गयी। काफी खोजबीन के बाद भी किशोरी का कहीं पता नहीं चला। पीड़िता ने आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच की जा रही है।

## पति समेत ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

प्रतापगढ़। दहेज की मांग पूरी न होने से विवाहिता के साथ मारपीट व धमकी की घटना पर पुलिस ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के पुरईपुर अजगरा गांव की सुषमा पाल पुत्री स्व0 राजेन्द्र पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पांच जून 2022 को उसका विवाह तेलियाही बहुंचरा निवासी अभिषेक पाल पुत्र जयप्रकाश पाल के साथ हुआ। आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजनों ने उसे घर से भगा दिया था। महिला प्रकोष्ठ में पीड़िता द्वारा शिकायत के बाद ससुरालीजन बीती आठ फरवरी को उसे ससुराल ले गये। लेकिन ससुरालीजनों ने उसी दिन गालीगलौज व मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। पुलिस ने पति व ससुर जयप्रकाश पाल, सास कुसुम, देवर अभिजीत, ननद शालिनी व शिवानी, चाची ललिता पत्नी भोला पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## समारोहपूर्वक बोर्ड परीक्षार्थियों को दी गई विदाई

प्रतापगढ़। धारूपुर स्थित अवधेश इण्टर कालेज में मंगलवार को यूपी बोर्ड के इण्टर के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। प्रधानाचार्य सौरभ सिंह ने बोर्ड परीक्षार्थियों को बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के टिप्स दिये। उन्होंने परीक्षार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए समय प्रबन्धन, नियमित अध्ययन एवं आत्म विश्वास बनाए रखने का मार्ग दर्शन किया। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य अशोक सिंह, विजय प्रताप सिंह, कमलेन्द्र द्विवेदी, आशीष सिंह, अभय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# नवजात बच्ची की मौत, लाइसेंस रद्द

### नर्सिंग होम में लगी आग

**कानपुर।** बिठूर क्षेत्र में एक निजी नर्सिंग होम की नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में कथित रूप से आग लगने से एक नवजात बच्ची की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि प्रशासन ने अस्पताल का लाइसेंस रद्द कर दिया व प्रबंधन के खिलाफ आपराधिक लापरवाही का मामला दर्ज किया है। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना रविवार को राजा नर्सिंग होम में हुई, जहां नवजात शिशु को इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। पुलिस के अनुसार, बेबी वार्मर मशीन में कथित तौर पर आग लगने से एक बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई और उसे बचाया नहीं जा सका। उसने बताया कि संभवतः आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) एस.एम. कासिम आबिदी ने बताया कि नर्सिंग होम के एक अज्ञात डॉक्टर के खिलाफ लापरवाही से मृत्यु कारित करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के आदेश पर कराई गई प्रारंभिक जांच में सामने आया कि नर्सिंग होम स्वास्थ्य विभाग से अनिवार्य अनुमति लिए बिना एनआईसीयू का संचालन कर रहा था।

स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया, "एनआईसीयू के संचालन के लिए पूर्व अनुमति, विशेष उपकरण और प्रशिक्षित स्टाफ आवश्यक होता है, लेकिन अस्पताल के न तो अनुमति ली थी और न ही विभाग को इसकी जानकारी दी थी। इसी लापरवाही के कारण नवजात की जान चली गई। जांच के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अस्पताल का लाइसेंस रद्द कर दिया और सभी चिकित्सा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया। एनआईसीयू वार्ड को सील कर दिया गया है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमित रस्तोगी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अस्पताल के रिकॉर्ड की जांच की गई और कर्मचारियों से पूछताछ भी की गई। नवजात की मौसी ऋतु निषाद की शिकायत पर बिठूर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने जिले में निजी स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षा मानकों और नियामक निगरानी को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## चीनी मांझे की चपेट में आने से चील घायल

सहारनपुर। जिले में प्रतिबंधित चीनी मांझे की चपेट में आने से एक चील बुरी तरह घायल हो गई। एक पार्षद के प्रयास से नगर निगम की टीम ने चील को बचा लिया। सहारनपुर के आनन्द नगर पार्क में एक पेड़ पर एक चील घायल अवस्था में मिली, चील का पास में ही घोसला भी था और उसमें चील के बच्चे भी थे। रात के समय जब चीनी मांझे में फंसी चील के फड़फड़ाने की आवाज क्षेत्रवासियों ने सुनी तो पार्षद और नगर निगम कार्यकारिणी के सदस्य मंसूर बदर को इसकी जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि बदर के प्रयास से नगर निगम की लिफ्ट वाली गाड़ी और उद्यान विभाग की टीम मौके पर पहुंची। चील चीनी मांझे में फंसी हुई थी। कई घंटों की मशक्कत के बाद रात में ही इस चील को मांझे से मुक्त कराया गया। बदर ने बताया कि चील इस मांझे की वजह से बुरी तरह घायल हो चुकी थी, इसलिए नगर निगम की टीम ने मौके पर ही हल्दी और दवा लगाकर उसका प्राथमिक उपचार कर दिया। जैसे ही उनको पेड़ पर चीनी मांझे की चपेट में चील के फंसे होने की सूचना मिली तो उन्होंने नगर आयुक्त और सहायक नगर आयुक्त उद्यान प्रभारी को इसकी जानकारी दी। देर रात होने के बावजूद दोनों अधिकारियों ने इस बात को सुबह के लिये नहीं टाला, बल्कि तुरंत ही तत्परता दिखाई। पार्षद ने कहा कि सबकी तत्परता से ही चील इस मांझे से मुक्त हो सकी। क्षेत्रवासियों ने पार्षद बदर सहित नगर निगम का आभार व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रतिबंधित चीनी मांझे (पतंग की डोर) के निर्माण, बिक्री और वितरण के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है और राज्य में संचालित संपूर्ण आपूर्ति नेटवर्क की गहन जांच के आदेश दिए हैं।

# डीएम ने बांसी तहसील का किया निरीक्षण



**बांसी सिद्धार्थनगर।** गत मंगलवार जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बांसी तहसील का निरीक्षण किया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार के कोर्ट में 3 से 5 साल से अधिक समय से लंबित मामलों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि धारा-67 के तहत लंबित मामलों का मौके पर जाकर निस्तारण कर व संबंधित पक्षों को कब्जा भी दिलाया जाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने पारिवारिक सदस्यता प्रमाण-पत्र, पट्टा, आर.सी. वसूली और ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण-पत्र से संबंधित पत्रावलियों की भी गहनता से जांच की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रिकॉर्ड रूम, संग्रह कार्यालय, मतदाता पंजीकरण केंद्र, राजस्व निरीक्षक कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष, नजारत और आपूर्ति कार्यालय का भी जायजा लिया। उन्होंने वसूली रजिस्टर और परवाना रजिस्टर सहित विभिन्न अभिलेखों की भी जांच की।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती, तहसीलदार बांसी पीयूष कुमार श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार महबूब चन्द्र प्रकाश सहित अन्य नायब बांसी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजस्व कर्मियों की उपस्थित रही, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के जाने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

## अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर आवाज हुई बुलन्द, किया प्रदर्शन



लखनऊ। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर मंगलवार को आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले अधिवक्ताओं ने आवाज बुलन्द की। एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी की अगुवाई में एकजुट अधिवक्ताओं ने परिसर में मांग को लेकर जमकर नारेबाजी भी की। वहीं एसोसिएसन की ओर से महासचिव अनिल कुमार तिवारी ने संघर्ष में योगदान के लिए अधिवक्ताओं को सम्मान पत्र भी प्रदान किया। श्रम कानून सलाहकार एसोसिएसन द्वारा आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में विधानसभा का बजट सत्र जारी है। ऐसे में अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए सरकार को कानून बनाना चाहिए। वहीं उन्होंने बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में साथी अधिवक्ताओं से मिलकर सहयोग भी मांगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएसन के सचिव चन्द्रमोहन शर्मा ने किया। संचालन कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव द्वारा हुआ। इस मौके पर एएन त्रिपाठी, जेपी कटियार, रोहित कुमार मिश्र, अजय विश्वकर्मा, रवि प्रजापति, अंकुर दुबे, राजीव पटेल, आदि अधिवक्ता रहे।

## धूमधाम से निकाली गयी कलश यात्रा



प्रतापगढ़। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अर्न्तगत सगरा सुंदरपुर के ओरी का पुरवा में मंगलवार से सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ आरम्भ हुआ। श्रीमदभागवत कथा को लेकर सुबह भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कथा स्थल से निकली कलश यात्रा क्षेत्र स्थित माता शारदा मंदिर, लालेश्वर मंदिर, बाबा नर्वदेश्वर धाम पहुंची। यहां श्रद्धालुओं व आयोजक ने विधिविधान से पूजन अर्चन किया। इसके बाद वापस कलश यात्रा कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा के दौरान भक्ति गीतों पर नाचते गाते सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण का जयघोष करते दिखे। कथाव्यास रामकृष्णाचार्य महराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य समस्त संतापों से मुक्त हो जाता है। मुख्य आयोजक घनश्याम पाण्डेय व यशोदा देवी ने व्यासपीठ का विधिविधान से पूजन किया। इस मौके पर लक्ष्मीकांत पाण्डेय, प्रमोद मिश्र, राम मनोहर, राजकुमार मिश्र, राम बहादुर, पारसनाथ तिवारी, कुलदीप शुक्ल, अशोक पाण्डेय, राममूर्ति मिश्र, श्रवण त्रिपाठी, रुद्र प्रताप सिंह, प्रदीप तिवारी आदि मौजूद रहे।

## मन की पवित्रता में हुआ करता है प्रभु श्रीराम का दर्शनः आचार्य देवव्रत जी



प्रतापगढ़। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में मानस सम्मेलन के दूसरे दिन मंगलवार को कथाव्यास प्रयागराज से पधारे आचार्य देवव्रत जी महराज ने कहा कि मन की पवित्रता तथा चरित्र से ही श्रीराम की कृपा मिला करती है। उन्होंने कहा कि भगवान की प्राप्ति का एक मात्र साधन मन की शुद्धता है। आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि प्रभु श्रीराम का चरित्र युवाओं के लिए आज के युग में सबसे अधिक सम्बल प्रदान करता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि रावण ने भी सीताहरण के बाद राम के स्वरूप को धारण करने की कल्पना की थी। उन्होंने कहा कि रावण को भगवान राम का स्मरण करते ही दूसरी महिलाएं मां के स्वरूप में दिखने लगी। आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि आज सनातन पर सबसे बड़ा संकट मानस की विकृति है। उन्होंने कहा कि युवाओं को इन विकृतियों से बचाने के लिए चरित्र निर्माण की प्रेरणा प्रदान करना ही सनातन की सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम भक्ति के अधीन हैं। उदाहरण के तौर पर सबरी तथा केवट प्रसंग सुनाते हुए कहा कि यह शुद्ध भक्ति भाव में प्रभु के आराधक रहे। उन्होंने कहा कि भक्ति के सामने भगवान श्रीराम को स्वयं इन्हें दर्शन देना पड़ा। कथा में कथावाचक सचिन कृष्ण जी महराज का भी श्रद्धालुओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके पहले सावित्री वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में हो रही कथा में श्रीराम दरबार के समक्ष कथा के संयोजक अनूप प्रतापगढ़ी, प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र तथा अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दीप प्रज्ज्वलन किया। संचालन साहित्यकार जयप्रकाश पाण्डेय सरल ने किया। श्रद्धालुओं का स्वागत शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य प्रदोष नारायण सिंह ने किया।


# एसपी ने देखी विभूतिनाथ मंदिर की सुरक्षा

**श्रावस्ती।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम द्वारा थाना सिरसिया क्षेत्र अंतर्गत पांडव कालीन विभूतिनाथ मंदिर का निरीक्षण कर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया गया।



निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर में तैनात पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, प्रवेश एवं निकासी मार्ग, पार्किंग व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के लिए किए गए प्रबंधों की गहन समीक्षा की। उन्होंने ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। अपर पुलिस अधीक्षक ने मंदिर प्रबंधन एवं स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए व्यवस्थाओं की रूपरेखा तय की। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग, सुदृढ़ यातायात व्यवस्था तथा विशेष सतर्कता बरती जाएगी। साथ ही ड्रोन कैमरों एवं सादे वस्त्रों में तैनात पुलिस कर्मियों के माध्यम से भीड़ पर पैनी नजर रखी जाएगी। इस अवसर पर मंदिर परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गोष्ठी आयोजित कर सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन सतर्कता, संवेदनशीलता एवं अनुशासन के साथ करने के निर्देश दिए, ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी भिनगा श्री सतीश कुमार शर्मा, थानाध्यक्ष सिरसिया शैलकांत उपाध्याय सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। श्रावस्ती पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें, किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस को दें तथा निर्धारित नियमों का पालन करें।

## हत्या का खुलासा, महिला गिरफ्तार



**सिद्धार्थनगर।** पुलिस ने एक हत्या के मामले का खुलासा किया है त्रिलोकपुर पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हत्या का हथियार (आलाकत्ल) भी बरामद कर लिया है। यह मामला 26 जनवरी 2026 को सामने आया था। उदयराज चौरसिया ने त्रिलोकपुर थाने में लिखित सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि उनके छोटे भाई बृजभान चौरसिया 25 जनवरी 2026 की शाम 4 बजे सौदा लेने गए थे और देर रात तक घर नहीं लौटे। अगले दिन, 26 जनवरी की सुबह 6:30 बजे, बृजभान का शव गांव के पूरब खेत के पास मिला। शव को देखकर यह स्पष्ट था कि बृजभान की हत्या की गई थी। वादी की तहरीर के आधार पर, त्रिलोकपुर थाने में अज्ञात के खिलाफ मु0अ0सं0- 10/2026, धारा 103(1) बीएनएस (पूर्व की धारा 302 भा0द0वि0) के तहत मामला दर्ज किया गया था सिद्धार्थनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने घटना के अनावरण के लिए अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में एक टीम गठित की थी थानाध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय के नेतृत्व में सर्विलांस टीम की मदद से, पुलिस ने 10 फरवरी 2026 को इस घटना का खुलासा किया। पुलिस ने उज्जैनिया, थाना त्रिलोकपुर, सिद्धार्थनगर निवासी अभियुक्ता इन्द्रावती पत्नी रामचन्दर को गिरफ्तार किया। उसके पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया एक सूखा बांस का डंडा भी बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान यह तथ्य सामने आया कि 25 जनवरी 2026 की शाम को बृजभान और इन्द्रावती के बीच फोन पर कहासुनी और गाली-गलौज हुई थी। उसी शाम, बृजभान शराब पीकर लौट रहा था। अपने खेत के पास उसकी मुलाकात इन्द्रावती से हो गई, जहां दोनों के बीच फिर से कहासुनी हुई। इसी दौरान, इन्द्रावती ने अपने हाथ में लिए लाठी से बृजभान के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी कर अभियुक्ता को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष चन्द्रकान्त पाण्डेय, उपनिरीक्षक शिवाकान्त राय, हेड कांस्टेबल अभिषेक सिंह, कांस्टेबल नितिन पाठक, सागर जायसवाल और महिला कांस्टेबल प्रीती शामिल रहीं।

# जरबेरा पुष्प उत्पादन में श्रावस्ती ने रचा इतिहास

जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** जन भवन में 06 फरवरी से 09 फरवरी, 2026 तक आयोजित प्रादेशिक शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी में श्रावस्ती जनपद के कृषक आसिफ अजीज सिद्दीकी ने पाली हाउस में उत्पादित जरबेरा पुष्प के माध्यम से प्रदेश में लगातार तीसरी बार प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया।


उक्त प्रदर्शनी में प्रदेश के सभी जनपदों से आए कृषकों ने वैज्ञानिक एवं आधुनिक विधियों से उत्पादित सब्जी, फल एवं पुष्पों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से अपनी कृषि दक्षता का परिचय दिया। इसी क्रम में श्रावस्ती के कृषकों ने भी सब्जी, फल एवं पुष्प उत्पादन में सहभागिता करते हुए अपनी उन्नत खेती की पहचान स्थापित करने का प्रयास किया। पाली हाउस तकनीक से विभिन्न रंगों में उत्पादित जरबेरा पुष्प के पाँच अलग-अलग वर्गों में प्रदर्शन कर श्री सिद्दीकी ने दो वर्गों में प्रथम, एक में द्वितीय तथा दो में तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिससे वे प्रदेश स्तर पर तीसरी बार जरबेरा पुष्प विजेता बने। जिला उद्यान अधिकारी बी.एस. चौधरी ने दूरभाष पर जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले समय में श्रावस्ती के अनेक कृषक संरक्षित खेती के माध्यम से पुरस्कार विजेता बनेंगे। उन्होंने बताया कि पाली हाउस एवं नेट हाउस तकनीक द्वारा कलर्ड शिमला मिर्च, गुलाब, जरबेरा जैसी फसलों का बेमौसम उत्पादन कर कमक्षेत्र में अधिक लाभ अर्जित किया जा सकता है, जिससे बेरोजगारी दूर कर कृषक आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में दिनांक 22 जनवरी, 2026 को आयोजित विशेष कार्यशाला से प्रेरित होकर अब तक कृषकों द्वारा 66,000 वर्ग मीटर (16 एकड़) से अधिक क्षेत्रफल में पाली हाउस हेतु पंजीकरण कराया जा चुका है। पंजीकरण की प्रक्रिया निरंतर जारी है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि सभी प्रस्ताव संकलित कर शीघ्र ही जिलाधिकारी की स्वीकृति उपरान्त निदेशालय उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ भेजे जाएंगे। शासन स्तर से अनुमोदन मिलने के बाद श्रावस्ती में पाली हाउस का एक बड़ा क्लस्टर विकसित होने की संभावना है, जिससे कृषि उत्पादन के साथ-साथ निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा और पलायन पर रोक लगेगी। उन्होंने अपील की कि जो कृषक अभी तक पाली हाउस का पंजीकरण नहीं करा सके हैं, वे शीघ्र उद्यान विभाग कार्यालय में संपर्क करें।



## ग्रामीणों पर हाइवे जाम करने व मारपीट तथा पथराव का केस

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने हाइवे पर मासूम का शव रखकर जाम लगाने वाले उन्हत्तर ग्रामीणों पर केस दर्ज किया है। दरोगा ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जाम लगाने के साथ ही आरोपियों ने समझाने पर पुलिस से मारपीट व वाहनों पर पथराव भी किये। लालगंज कोतवाली के चांदीपुर, भदारी कला गांव निवासी धर्मेश सरोज का पुत्र देव सरोज 09 बीती तेरह जनवरी की शाम बाइक की टक्कर से घायल हो गया था। घटना को लेकर घायल मासूम के चाचा सोनू सरोज की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोसी गांव निवासी पूरे कलंदर निवासी बलवन्त वर्मा पुत्र संतलाल वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इधर प्रयागराज में इलाज के दौरान आठ फरवरी की रात देव सरोज की मौत हो गयी।

## एसएसपी ने हत्यारोपी हरिओम यादव पर 10,000 रुपये का इनाम किया घोषित



सिद्धार्थनगर। जिले में युवक मनोज कुमार की हत्या के मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मुख्य आरोपी हरिओम यादव की गिरफ्तारी पर 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया है। यह घोषणा खेसरहा थाना क्षेत्र के बनुहिया बुजुर्ग गांव में हुई 35 वर्षीय मनोज कुमार की निर्मम हत्या के बाद की गई है। मनोज कुमार की हत्या 07 फरवरी, शनिवार सुबह हुई थी। वह रोजाना की तरह दूध देने घर से निकले थे, तभी गांव के दक्षिण बाग के पास घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने मनोज के सिर पर धारदार कुल्हाड़ी और शरीर पर लोहे की रॉड से कई वार किए। खून से लथपथ मनोज को राहगीरों ने देखा और परिजनों को सूचना दी। उन्हें तुरंत सीएचसी खेसरहा ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान मनोज कुमार की मौत हो गई। एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार ने 08 फरवरी को इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि यह घटना पुरानी रंजिश का परिणाम थी। करीब 20-22 दिन पहले मनोज के ई-रिक्शा और आरोपी अनिल यादव की मोटरसाइकिल के बीच मामूली टक्कर हुई थी, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने मनोज के रास्ते और समय पर नजर रखकर योजनाबद्ध तरीके से हमला किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार अन्य आरोपियों–अनिल यादव, चैतू यादव, सुजीत यादव और कलावती यादव–को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पूछताछ में इन आरोपियों ने हत्या की साजिश रचने और वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, लोहे की रॉड और मोटरसाइकिल भी बरामद कर लिया गया है।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का जनपद में हुआ शुभारंभ



**श्रावस्ती।** बच्चों एवं किशोरों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार के उद्देश्य से जनपद श्रावस्ती में आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय द्वारा केन्द्रीय विद्यालय भिनगा में छात्र-छात्राओं को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजोल खिलाकर की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश में हिफिट इंडियाह अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए कृमि मुक्ति अभियान अत्यंत आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने अभिभावकों एवं शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की भ्रांति में न आएं तथा बच्चों को निर्धारित दवा अवश्य खिलवाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि एल्बेंडाजोल दवा पूर्णतः सुरक्षित है और चिकित्सकीय रूप से प्रमाणित है। इस अभियान के अंतर्गत जनपद में 01 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों एवं किशोरों को कृमि मुक्ति की दवा दी जाएगी। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0के0 सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निर्धारित तिथियों में दवा वितरण किया जाएगा। जिन बच्चों को किसी कारणवश निर्धारित तिथि पर दवा नहीं मिल पाएगी, उनके लिए मॉप-अप डे का आयोजन भी किया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्साधिकारी भंगहा डा0 सत्य सरन, यूनीसेफ प्रतिनिधि अनुराग सिंह, डी0ई0आई0सी0 मैनेजर प्रतीक शाक्य, डी0सी0पी0एम0 राकेश गुप्ता, आर0बी0एस0के0 टीम के सदस्य सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में प्रदेश में सिद्धार्थनगर छठे स्थान पर



सिद्धार्थनगर- जनपद सिद्धार्थनगर ने आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) शिकायत निस्तारण में प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. के सक्रिय नेतृत्व और प्रशासनिक कार्यकुशलता का परिणाम मानी जा रही है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रेरित किया। उनकी निगरानी और जनता के प्रति जवाबदेही की भावना ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिलाधिकारी ने बताया कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान ही प्रशासन की मुख्य जिम्मेदारी है, जिसके लिए जिले के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने समर्पित होकर कार्य किया। जिले की बांसी, डुमरियागंज, इटवा और शोहरतगढ़ तहसीलों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन तहसीलों ने 100 प्रतिशत शिकायतें निस्तारित कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह दर्शाता है कि सिद्धार्थनगर प्रशासन जनता के मुद्दों के समय पर समाधान को प्राथमिकता देता है। इस उपलब्धि ने जिले की प्रशासनिक कार्यकुशलता को प्रदेश भर में पहचान दिलाई है। जिले के नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना की है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही की भावना मजबूत हुई है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा ने कहा कि यह केवल एक शुरुआती सफलता है। भविष्य में शिकायत निस्तारण को और अधिक त्वरित तथा प्रभावी बनाने के लिए नई रणनीतियाँ अपनाई जाएंगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को जनता की समस्याओं को समयबद्ध तरीके से हल करने और शिकायत निस्तारण में सुधार के लिए लगातार प्रयास जारी रखने के निर्देश दिए हैं। इस उपलब्धि के साथ जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि जनता के अधिकार और उनके मुद्दों का समाधान जिलाधिकारी की प्राथमिकता में है।

संक्षेप

## डॉ शौर्य का हुआ भव्य स्वागत



चौरीचौरा, गोरखपुर। वर्ल्ड होम्योपैथी समिट में चौरीचौरा क्षेत्र के सरैया निवासी युवा चिकित्सक डॉ शौर्य यादव का गोरखपुर एयरपोर्ट से सरदारनगर तक उनके घर पहुंचने तक भव्य स्वागत किया गया। कैस्पियन यूनिवर्सिटीज ऑफ मेडिकल कॉलेज अलमाटी कजाकिस्तान एवं केंट होम्यो कालेज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित वर्ल्ड होम्योपैथी समिट में सम्मानित होने के बाद सोमवार की रात गोरखपुर एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए, गाड़ियों के काफिले के साथ खड़े थे। सरदारनगर पहुंचने पर गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया।सरदारनगर के युवा चिकित्सक को बड़े मंच पर सम्मान मिलने पर उन्होंने अपने दादा होम्योपैथी के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ रामकिशोर सिंह यादव तथा क्षेत्र की जनता को समर्पित करते हुए कहा कि यह क्षेत्र की जनता का सम्मान है। डॉ यादव के पिता रवि यादव बेटे को सम्मान मिलने पर काफी हर्षित है। उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आलोक यादव, अछैबर यादव, प्रमुख प्रतिनिधि मनोज यादव आशीष यादव, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अवनीश यादव, सन्नी यादव, सौरभ यादव, जगदीशपुर ग्राम प्रधान गगनदेव यादव, राकेश यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगी : मंडलायुक्त

### विकास परियोजनाओं को समय पर पूरा करें, जनता को जल्द मिले लाभ : मंडलायुक्त



जिला संवाददाता

गोरखपुर। मंडल में चल रहे 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार में की गई। बैठक में नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, , जिला विकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह, एसडीएम सदर दीपक गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर/तहसीलदार सदर ज्ञान प्रताप सिंह तथा पीडब्ल्यूडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने एक-एक परियोजना की बिंदुवार समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और धनराशि के उपयोग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन कार्यों की समयसीमा निर्धारित है, उनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यदायी संस्थाओं को मानक के अनुरूप काम कराने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में सड़कों, नालों, भवन निर्माण, सौंदर्यीकरण तथा अन्य विकास परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति प्रस्तुत की गई। मंडलायुक्त ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता करने की शिकायतें मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि आम जनता को जल्द से जल्द सुविधाओं का लाभ मिल सके।

नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने नगर निगम क्षेत्र में संचालित परियोजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिकता वाले कार्यों को तय समय में पूर्ण कराने के लिए विशेष निगरानी की जा रही है। वहीं अन्य विभागों के अधिकारियों ने भी अपने-अपने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। मंडलायुक्त ने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोपरि है। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित स्थलीय निरीक्षण करने और प्रगति की रिपोर्ट समय-समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# एसपी सिटी ने पदोन्नत उपनिरीक्षक संजय पांडेय को स्टार लगाकर दी बधाई



गोला, गोरखपुर। गोला विकास खंड क्षेत्र के खोपापार गांव निवासी संजय कुमार पाण्डेय उत्तर प्रदेश पुलिस में हेड कांस्टेबल से उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर जनपद जौनपुर के पुलिस अधीक्षक शहर शहर आयुष श्रीवास्तव और सीओ केराकत अजीत कुमार रजक ने उनके कंधों पर स्टार लगाकर बधाई दी।एसपी सिटी ने उनकी सेवाओं और अनुशासन की सराहना की और पदोन्नति को मेहनत और ईमानदारी का परिणाम बताया। एसपी सिटी ने संजय कुमार पाण्डेय के सेवाकाल के दौरान किए गए कार्यों, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की व पदोन्नति को निरंतर परिश्रम, ईमानदारी एवं निष्ठा का परिणाम बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें, संजय कुमार पाण्डेय जनपद जौनपुर के खेतासराय थाने पर बतौर हेड कॉस्टेबल तैनात रहे, उनकी कर्तव्य-निष्ठा, ईमानदारी को लेकर शासन द्वारा पदोन्नत मिली है। इनके पदोन्नत होने पर चाचा चन्द्रमोहन पाण्डेय, वरिष्ठ पत्रकार बडे भाई राजेश पाण्डेय, विधायक राजेश त्रिपाठी, डाक्टर प्रदीप पाण्डेय, पूर्व कृषि अधिकारी रामअधार यादव, मनोज दूबे, पुनित तिवारी, अनिल पाण्डेय, अजय पाण्डेय, मुन्ना पाण्डेय आदि ने बधाई दी।

# केके कॉलेज में इनडोर क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ



इटावा। केके कालेज में वार्षिक दो दिवसीय इनडोर खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के मंत्री ओमकार नाथ वर्मा ने प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह के साथ बैडमिंटन खेलकर किया। इस अवसर पर मंत्री प्रबंध समिति ओंकारनाथ वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी को अपने जीवन में खेल को आत्मसात करना चाहिए। खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छात्र जीवन से ही शतरंज में विश्वनाथन आनंद, बैडमिंटन में पी वी संधू, साइना नेहवाल ने देश का नाम विश्व पटल में रोशन कर नई इबारत लिखी है। आयोजन सचिव लेफ्टिनेंट प्रो. सुनील सिंह सेंगर ने आयोजन के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए संपन्न होने वाले महिला एवं पुरुष वर्ग के बैडमिंटन, टीटी, शतरंज प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर रहे सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। संचालन प्रो. शिवराज सिंह यादव ने किया। इस मौके पर प्रो. ओमकुमारी, प्रो मनोज गुप्ता, प्रो. पदमा त्रिपाठी, डॉ.रमाशंकर यादव, प्रो. राजवीर सिंह, डॉ.सुजीत कुमार, डॉ. मिथलेश सिंह, डॉ. सुशील वर्मा, डॉ. हिमांशु कुमार, प्रो. अनिल त्रिपाठी, मुरली कुमार, अजय कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अंकुर वर्मा, डॉ. सनोज यादव सहित सभी शिक्षक, कार्यालय अधीक्षक मधुसूदन सिंह, लेखाकार अखिलेश वर्मा, पवन वर्मा, आशीष पटेल, बंटू, हरिओम, दीपांशु सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# राजनैतिक दलों के साथ डीएम ने की बैठक




इटावा। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के सम्बन्ध में विचार-विमर्श हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी कि सूची तैयार है एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी में तीन अभिलेख ही लगाने है साथ ही कहा कि लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी में बीएलओ द्वारा घर घर जाकर सुनवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि आयोग के निदेर्शानुसार आवेदक के आधार कार्ड, पैन कार्ड भी मान्य कर दिया गया है साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया कि एईआरओ द्वारा सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नो मैपिंग केस में आवेदक के मार्कशीट, पासपोर्ट, जन्मप्रमाण पत्र, जाति प्रमाण मान्य हैं। उन्होंने कहा कि 55000 लोगों की सुनवाई हो चुकी है, जिसमें 46000 के पछ में सकारात्मक आदेश है, किसी के भी पक्ष में नकारात्मक आदेश नहीं है एवं 9000 लोगों की सुनवाई प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर नोटिस देंगे एवं आवेदक के फोटो एवं इसकी प्रक्रिया वही है एवं नोटिस भी वही है जैसा नो मैपिंग में है।उन्होंने कहा कि गांव-गांव कैंप लगाकर लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता का नाम बिना सुनवाई के काटा नहीं जाएगा। उक्त बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार, कृपानारायण तिवारी भाजपा, सत्येंद्र राजपूत भाजपा, प्रदीप शाक्य बबलू जिलाध्यक्ष सपा, उदयभान सिंह यादव समाजवादी पार्टी, संजीव भदौरिया भाजपा, वाचस्पति द्विवेदी इंडियन नेशनल कांग्रेस, इकरार अहमद आम आदमी पार्टी, मोहित जाटव बहुजन समाज पार्टी, प्रेमशंकर माकपा सहित समस्त राजनैतिक दल उपस्थित रहे।

# फर्जी इंस्पेक्टर बनकर ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार, पुलिस वर्दी-बैज व कार बरामद



गोरखपुर। जिले के सिकरीगंज में फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी को सिकरीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। आरोपी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से रुपये ऐंठता था और खुद को उत्तर प्रदेश पुलिस का निरीक्षक बताकर रौब जमाता था।

एस एसपी गोरखपुर डॉ. कौस्तुभ (आईपीएस), पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दिनेश कुमार पुरी (पीपीएस) तथा क्षेत्राधिकारी खजनी कमलेश कुमार सिंह (पीपीएस) के कुशल निर्देशन में कार्रवाई की गई। थाना सिकरीगंज के थानाध्यक्ष आशीष कुमार तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक बैजनाथ बिंद, उपनिरीक्षक दीपक कुमार, कांस्टेबल राजू यादव व कांस्टेबल संदीप कुमार की टीम ने मुखबिर की सूचना पर 10 फरवरी 2026 को कस्बा सिकरीगंज से अभियुक्त को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान दिग्विजय नाथ पुत्र स्व. रामलाल निवासी ग्राम लखवापाकड़ थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर, उम्र करीब 55 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से उत्तर प्रदेश पुलिस की इंस्पेक्टर रैंक की वर्दी, नेम प्लेट, बैज, पीकेप, फर्जी पुलिस आईडी कार्ड आदि बरामद किया गया है।

# सेंट्रल पब्लिक एकेडमी ने किया भव्य सम्मान व विदाई समारोह का आयोजन




चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र स्थित सेंट्रल पब्लिक एकेडमी में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह तथा कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए शुभकामना कार्यक्रम का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कक्षा 11 के छात्रों ने अपने सीनियर और जूनियर छात्रों को तिलक लगाकर पुष्पवर्षा करते हुए उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बैज लगाकर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। 12 के छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अभिमन्यु दुबे एवं प्रशासिका डॉ. गीता दुबे भावुक होते हुए ने कहा कि, विद्यार्थियों ने इस विद्यालय में अपने जीवन के लगभग 12-15 महत्वपूर्ण वर्ष बिताए हैं। यह विद्यालय उनके सपनों और सफलताओं का साक्षी रहा है। छात्रों की उपलब्धियाँ ही विद्यालय की सबसे बड़ी पूँजी हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि पाण्डेय ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। ग्रुप हेड श्री कौस्तुभ प्रकर्ष ने कार्यक्रम का समापन करते हुए कक्षा 10 और 12 के छात्रों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ देते हुए तनावमुक्त होकर परीक्षा देने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को स्मृति-चिह्न भेंट किए गए। विदाई समारोह में विद्यार्थियों की आँखें नम थीं, वहीं विद्यालय से मिली यादों को सहेजने का संकल्प भी दिखाई दिया।

# पंचायती राज्य मंत्री से भेंटकर गांव की समस्याएं गिनायीं

चौरीचौरा, गोरखपुर। इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र तथा सरदार नगर ब्लाक के ग्राम पंचायत बेलवा बाबू निवासी राहुल वर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। तथा आगामी 2026 में होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा किया। उन्होंने बातचीत में पंचायत स्तर पर युवा सहभागिता, गांवों में विकास कार्यों की वास्तविक जरूरतें, और स्थानीय स्तर पर पारदर्शिता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को साझा किया गया।मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने राहुल वर्मा द्वारा उठाए गए बिंदुओं की सराहना किया और कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र की जड़ हैं, जिनमें युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

# एक ही फोटो से सत्यापित हो गये 9 मस्टर रोल

- मनरेगा: सिंचाई विभाग और ब्लॉक के बीच उलझा मामला
- पाली ब्लॉक के कुवाबार पंचायत का मामला

यजुगेन्द्र श्रीवास्तव

गीडा,गोरखपुर। सरकार द्वारा गांव के लोगों को गांव में ही रोजगार एवं आजीविका की गारंटी को लेकर चलाई जा रही महत्वाकांक्षी 'मनरेगा' योजना में भ्रष्टाचार रोकने के लिए लागू की गई डिजिटल हाजिरी की व्यवस्था को ग्राम पंचायत कुवाबार में जिम्मेदारों ने मजाक बना दिया है। कुवाबार माइनर की मरम्मत और पुलिया निर्माण के नाम पर चल रहे कार्य में एक ऐसी अनियमितता सामने आई है, जिसने विभाग की निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।हपाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुवाबार में माइनर के कि.मी. 0.000 से 2.00 के मध्य ह्यूम पाइप कलवर्ट निर्माण एवं बैंक मरम्मत का कार्य सरकारी अभिलेखों में चल रहा है। इस कार्य के लिए 08 फरवरी 2026 को कुल 9 मस्टर रोल संख्या 3280 से 3288 जारी किए गए थे, जिनमें कुल 81 मानव दिवस सृजित दिखाए गए। हैरानी की बात यह है कि इन सभी 9 मस्टर रोल पर अलग-अलग ग्रुप फोटो अपलोड करने के बजाय, एक ही फोटो को बार-बार अपलोड कर उपस्थिति दर्ज कर ली गई। नियमानुसार हर मस्टर रोल के श्रमिकों की वास्तविक फोटो कार्यस्थल से लाइव अपलोड होनी चाहिए, लेकिन यहाँ अधिकारियों की आंखों में धूल झोंकते हुए एक ही साक्ष्य से पूरी धांधली को अंजाम दिया गया।



अभिलेखों के अनुसार, कार्यस्थल पर कुल 49 पुरुष और 32 महिला श्रमिकों को उपस्थित दिखाया गया है। जबकि सभी मस्टर रोल की फोटो एक ही है। अब यहां बड़ा सवाल खड़ा हो गया की वाकई ये 81 श्रमिक मौके पर मौजूद थे? या फिर घर बैठे ही सिंडिकेट के जरिए फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी बजट निकाला जा रहा है?

वही इस मामले पर पंचायत सचिव धनेन्द्र प्रताप सिंह ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि यह कार्य मेरे विभाग से नहीं हो रहा है, इसमें मैं कुछ नहीं कर सकता। अब सवाल यह उठता है कि यदि कार्य पंचायत विभाग का नहीं है, तो सिंचाई विभाग या अन्य संबंधित विभाग के कार्य कोड पर मस्टर रोल का सत्यापन और श्रमिकों की डिजिटल हाजिरी की निगरानी कौन कर रहा है? एक ही फोटो बार-बार अपलोड कर 81 श्रमिकों का हाजरी दिखाया जा रहा है, फिर भी जिम्मेदार अधिकारी इसे रोकने के बजाय अधिकार क्षेत्र का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।

अब देखना यह होगा कि इस डिजिटल हेराफेरी पर जिला प्रशासन क्या कार्रवाई करता है या फिर सब कुछ ठीक है का चश्मा पहनकर इस लूट को जारी रहने दिया जाएगा।

*इस संदर्भ में डीसी मनरेगा रघुनाथ सिंह ने तकनीकी स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि सिंचाई विभाग अपनी आईडी से मस्टर रोल निकालता है और उन्हीं के विभाग से एई कार्यक्रम अधिकारी नामित होते हैं, ताकि कार्यों की निगरानी की जा सके। चूंकि कार्य ब्लॉक क्षेत्र में हो रहा है और अनियमितता की शिकायत मिली है, इसलिए मैं बीडीओ को बोलकर मामला दिखवाता हूँ। जाँच में गलत पाए जाने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।*

*-सरयू नहर खण्ड प्रथम के सहायक अभियंता शैलेश कुमार ने कार्य प्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा कार्यों की कार्य आईडी और मस्टर रोल निर्गत कर दिए जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि धरातल पर कार्य की देखरेख, साक्ष्यों के तौर पर फोटो अपलोड करने और श्रमिकों की ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करने का दायित्व संबंधित ब्लॉक के तकनीकी सहायक (ळअ) एवं रोजगार सेवक का है। जांच कराया जाएगा अगर लापरवाही बरती गई है तो मस्टर रोल शून्य कर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।*

# पति की हत्या में शामिल पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार



इटावा। पति की हत्या करने वाली पत्नी एवं उसके प्रेमी को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार। क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में थाना भरथना पुलिस द्वारा गयी कार्यवाही। 9 फरवरी को वादी प्रदीप कुमार पुत्र लाखन सिंह निवासी पडियापुरा थाना भरथना द्वारा थाना भरथना पर तहरीर दी कि उसके भाई की पत्नी नें अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी है। मंगलवार को थाना भरथना पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत पक्कताल तिराहे पर भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम पडियापुर में हत्या करने वाले अभियुक्तगण कहीं भागने के फिराक में भरथना की ओर से आ रहें है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना भरथना पुलिस द्वारा उपयुक्त घटना से संबंधित 2 अभियुक्तों को अनैया नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में विक्रम सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना भरथना, निरीक्षक अपराध अरिमर्दन सिंह रहे। पकडे हुये अभियुक्तों से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से मोटरसाइकिल, 2 मोबाइल, पर्स, एटीएम कार्ड, रक्त रंजित शर्ट बरामद की गयी। बरामद शर्ट के संबंध में पुलिस टीम द्वारा कडाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम दोनो एक दूसरे से प्रेम करते हैं, हम दोनों के मिलने से मेरे पति रनवीर सिंह ऐतराज करता था। इसलिये हम दोनों ने मिलकर 9 फरवरी की रात्रि को रनवीर सिंह की कुल्हाडी मारकर हत्या कर दी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तेजवापुर विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर**

पत्रांक: मेमा/मनरेगा/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26 दिनांक 09.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सचित किया जाता है कि मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु निम्न दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो तथा मोहर बंद दिनांक 10.02.2026 को अपरान्ह 01 बजे से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत तेजवापुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 16.02.2026 को समय 03 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च प्राथमिक वि. ढोलनापुर में एम.डी.एम. लंच सेट निर्माण कार्य। | 376418.00 | 300.00 | 553649.00 |

1. निविदा फर्म क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।
2. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
4. सामग्री आपूर्ति कार्य स्थल पर ही की जायेगी।

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत तेजवापुर, विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर
ग्राम सचिव, ग्राम पंचायत तेजवापुर, विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत चेनिया विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर**

पत्रांक: मेमा/मनरेगा/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26 दिनांक 09.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सचित किया जाता है कि मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु निम्न दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो तथा मोहर बंद दिनांक 10.02.2026 को अपरान्ह 01 बजे से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत चेनिया के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 16.02.2026 को समय 03 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रामप्रसाद के घर से इण्टरलाकिंग तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 662540.00 | 300.00 | 884683.00 |
| 2 | पक्की रोड़ से राम प्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 733335.00 | 300.00 | 979364.00 |
| 3 | प्रा.वि. चैरा की बाण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य। | 277895.00 | 200.00 | 381200.00 |
| 4 | कम्पोजिट वि. चेनिया में एम.डी.एम. लंच सेट निर्माण कार्य। | 416688.00 | 300.00 | 575502.00 |

1. निविदा फर्म क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।
2. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
4. सामग्री आपूर्ति कार्य स्थल पर ही की जायेगी।

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत चेनिया, विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर
ग्राम सचिव, ग्राम पंचायत चेनिया, विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत गिन्हौना विकास खण्ड नकहा, जिला खीरी**

पत्रांक - मेमो/पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रिय वित्त/वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 09.02.2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वां केन्द्रिय वित्त/पंचम राज्य वित्त वित्त योजनांतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत गिन्हौना में स्वीकृत कार्ययोजना के सापेक्ष निम्न लिखित विवरण के अनुसार निर्माण सामग्री इत्यादि की आपूर्ति किये जाने हेतु निविदायें आमंत्रित हैं। इच्छुक अनुभवी पंजीकृत फर्मों से उनकी निविदायें सीलबंद लिफाफे में दिनाँक 10.02.2026 से 16.02.2026 को समय 12 बजे तक कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में आमंत्रित हैं, जोकि उसी दिनांक को समय 02 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा की दरें समस्त व्यय व कर सहित दी जायें, अलग से कोई भी व्यय देय नहीं होगा। किसी भी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने एवं सामग्री की मात्रा को आवश्यकतानुसार कम या अधिक क्रय करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत गिन्हौना में रामहेत के मकान से रहीश खां के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड़ निर्माण कार्य। | इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, रोड़ा, गिट्टी, आदि। | 224000.00 |
| 2 | ग्राम पंचायत गिन्हौना में इरसाद अंसारी के मकान से अब्दुलगनी के मकान तक इण्टर लाकिंग रोड़ निर्माण कार्य। | इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, रोड़ा, गिट्टी, आदि। | 156900.00 |
| 3 | ग्राम पंचायत गिन्हौना में अलीमुद्दीन अंसारी के मकान से साजिद अंसारी के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग रोड़ निर्माण कार्य। | इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, रोड़ा, गिट्टी, आदि। | 257500.00 |
| 4 | ग्राम पंचायत गिन्हौना में साजिद अंसारी के मकान से नईम अंसारी के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग रोड़ निर्माण कार्य। | इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, रोड़ा, गिट्टी, आदि। | 257500.00 |
| 5 | ग्राम पंचायत गिन्हौना में याकूब शाह के मकान से शकील शाह के मकान तक इण्टर लाकिंग रोड़ निर्माण कार्य। | इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, रोड़ा, गिट्टी, आदि। | 238300.00 |

चुन्नी, प्रधान, ग्राम पंचायत गिन्हौना, विकास खण्ड नकहा, खीरी
नेहा पाण्डेय, सचिव, ग्राम पंचायत गिन्हौना, विकास खण्ड नकहा, खीरी

# सांसद गीता शाक्य ने ट्रेनों के पुनः ठहराव की मांग की




भरथना, इटावा। कोरोना काल के दौरान भरथना रेलवे स्टेशन पर बन्द हुई टेज्नों के पुनः ठहराव के सम्बन्ध में राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने सदन में सभापति के समक्ष अपनी माँग रखी। मंगलवार को नई दिल्ली स्थित राज्यसभा सदन में सभापति, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के समक्ष जनहित की माँग रखते हुए राज्यसभा सांसद चन्द्रप्रभा उर्फ गीता शाक्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरोना काल के दौरान से भरथना रेलवे स्टेशन पर संगम एक्सप्रेस, मुरी एक्सप्रेस, लिंक एक्सप्रेस, महानन्दा एक्सप्रेस आदि ट्रेनों का रेल मंत्रालय द्वारा ठहराव बन्द कर दिया गया है। जिससे क्षेत्रीय जनता, छात्रों, मरीजों व व्यापारियों को आवागमन सहित अन्य प्रकार की सुविधाओं में बेहद परेशानियों का सामना करना पडता है तथा उनके जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड रहा है। उन्होंने सदन को बताया कि उनके द्वारा रेल मंत्रालय के अधिकारियों को पूर्व में भी उक्त जनहित की समस्या के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, किन्तु अभी तक उक्त प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही शून्य है। साथ ही उन्होंने पडोसी जनपद औरैया के अछल्दा, फफूंद और कंचैसी रेलवे स्टेशन पर भी ट्रेनों के ठहराव की माँग रखी। कोरोनाकाल से भरथना रेलवे स्टेशन पर उपरोक्त ट्रेनों का ठहराव समाप्त होने के बाद नगर के समाजसेवियों व विभिन्न समाजसेवी संगठनों द्वारा अनवरत रेल मंत्रालय समेत विभागीय उच्चाधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से ट्रेनों के पुनः ठहराव की माँग की जाती रही है तथा ट्रेनों के ठहराव के सम्बन्ध में वर्तमान में भी प्रयास जारी हैं।

# कांवरियों के लिए इस वर्ष भी भंडारा, मेडिकल कैम्प लगाया जायेगा



ऊसराहार, इटावा। हजारी महादेव मंदिर पर कांवरियो की मदद के लिए इस वर्ष भी भंडारा व मैडिकल कैंप लगाया जाएगा। मंदिर जाने वाले सभी रास्तो पर बैरियर लगाए जाएगे। चार पहिया वाहनों को बैरियर पर रोक दिया जाएगा। मंदिर परिसर मे सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएगे। हजारी महादेव मंदिर पर शिवरात्रि के पर्व पर कई जनपदों से कावंर लेकर आने वाले कांवरियो के लिए कालिका माता मंदिर सुंदरकांड सेवा समिति इस वर्ष भी भंडारा लगाने जा रही है। मंगलवार को हजारी महादेव मंदिर सरसईनावर में उपजिलाधिकारी ताखा श्वेता मिश्रा, क्षेत्राधिकारी भरथना रामदवन मौर्य व थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने भंडारा समित व मेला कमेटी के साथ बैठक की बैठक मे भंडारा लगाने के लिए जगह को लेकर तय हुआ पिछले वर्ष की तरह भंडारा स्थल को पर्यटन विभाग द्वारा बनाए गए सत्संग भवन में आयोजित किया जाएगा। समित ने इसके लिए पर्यटन विभाग से अनुमति भी ले ली है। मंदिर परिसर का निरीक्षण भी एसडीएम श्वेता मिश्रा व क्षेत्राधिकारी रामदवन मौर्य ने किया निरीक्षण के बाद सीओ रामदवन ने बताया मंदिर को जोडने वाले सभी मार्गो पर बैरियर लगाए जाएगे। बैरियर पर ही चार पहिया वाहनों को रोक दिया जाएगा। सीओ ने मेला कमेटी के अध्यक्ष पंचम सिंह से शिवरात्रि से पहले परिसर मे सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा जिन स्थानो पर वाहन रोके जाएगे वहा मेला कमेटी पार्किंग की व्यवस्था पहले से तय कर ले जिससे भक्तो को परेशानी न उठाना पडे।

संक्षेप

## पाइप पर बाइक चढ़ने के विवाद में मारपीट

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरहिया में खेत की सिंचाई के लिए डाले गए पाइप पर बाइक का पहिया चढ़ने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के बाद मारपीट की गई, जिसमें दो लोग घायल हुए। मामले में तीन नामजद समेत 2-3 अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस को दी गई तहरीर में अशोक कुमार पुत्र गोकर्ण प्रसाद निवासी ग्राम पिपरहिया, पोस्ट भल्लिया बुजुर्ग ने बताया कि शाम करीब 4 बजे उनका पुत्र बाइक से जा रहा था, तभी रास्ते में पड़े पानी के पाइप पर बाइक का पहिया चढ़ गया। इसी बात पर सचिन, संजीव पुत्र तेजराम, तेजराम पुत्र नत्थू लाल निवासी उपरोक्त तथा 2-3 अज्ञात लोग नाराज हो गए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि बाद में घर में घुसकर अशोक कुमार और उनके भाई रमा शंकर के साथ लात-घूंसों व लोहे की रॉड से मारपीट की गई, जिससे सिर और शरीर में चोटें आईं। तहरीर में जानमाल की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पहुंचकर घटना की सूचना दी और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## वादा पूरा न होने पर दिव्यांग यूनियन ने दिया ज्ञापन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। लंबित मांगों के समाधान न होने पर भारतीय दिव्यांग यूनियन के पदाधिकारियों व दिव्यांगजनों ने तहसील पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी को सौंपा। ज्ञापन में पूर्व में दिए गए आश्वासनों के बावजूद कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई गई। यूनियन ने बताया कि जून-जुलाई में सदर चौराहे के पास इंदिरा पार्क में धरना देकर दिव्यांगजनों से जुड़ी कई मांगें रखी गई थीं। 6 जुलाई को प्रशासनिक व जनप्रतिनिधि धरना स्थल पर पहुंचे थे और एक माह में समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन महीनों बीतने के बाद भी स्थिति जस की तस है। ज्ञापन में अंत्योदय राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ, भूमिहीन दिव्यांगजनों को भूमि पट्टा, सरकारी अस्पतालों में अलग काउंटर व चिकित्सकीय सुविधा, मुद्रा योजना का लाभ तथा रोडवेज बसों के संचालन में आ रही दिक्कतों के समाधान की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। यूनियन का कहना है कि ये मांगें दिव्यांगजनों के बुनियादी अधिकारों से जुड़ी हैं और इनके लंबित रहने से उन्हें दैनिक जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है। इस मौके पर मिथिलेश कुमार, अमित कुमार, विजयपाल, राजेश मौर्य, तिलकराम वर्मा, बबलू, नारायण सहित कई दिव्यांगजन मौजूद रहे।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चीनी मिल के पीछे कोंधवा रेलवे क्रॉसिंग के पास जंगल में पेड़ से लटका मिला अज्ञात युवक का शव मिलने के मामले में अब पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर कब्जे में लिया था। प्रारंभिक जांच में शव कई दिन पुराना प्रतीत हुआ। मृतक की शिनाख्त मुशीर पुत्र वकील निवासी ग्राम खैरीगढ़ थाना सिंगाही के रूप में हुई। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव की पुष्टि की। बताया गया कि मुशीर इन दिनों थाना नीमगांव क्षेत्र के ग्राम बिलहरी स्थित अपने ससुराल में रह रहा था।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 100 मरीजों की हुई जांच



**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** वीओएल। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं उपचार शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक अमन गिरी और सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार ने किया। इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य, बचाव, रोकथाम और उपचार को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई।

मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला ने 100 मानसिक रोगियों का परीक्षण कर उपचार दिया। उन्होंने बताया कि मानसिक समस्याओं से बचाव के लिए 6 से 8 घंटे की नींद, नियमित व्यायाम, स्वच्छता, ताजा भोजन और धूम्रपान से दूरी आवश्यक है। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट स्तुति कक्कड़ ने मानसिक मंदित व्यक्तियों की काउंसलिंग की।

एनसीडी काउंसलर मंजीत सिंह ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य परामर्श व उपचार के लिए प्रत्येक बृहस्पतिवार सुबह 10 से शाम 4 बजे तक सीएचसी में सुविधा उपलब्ध है, साथ ही हर महीने के दूसरे मंगलवार को भी विशेष परामर्श दिया जाता है। शिविर में डॉ. यामिनी बादल, डॉ. सुशील आदिम और जावित्री देवी ने मुख, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की स्क्रीनिंग की। साथ ही टीबी की जांच भी की गई। साइकेट्रिक नर्सिंग ऑफिसर विवेक मित्तल ने दवाओं का वितरण किया। जावित्री देवी ने 220 लोगों का ब्लड प्रेशर परीक्षण किया, जबकि लैब तकनीशियन सुशील कुमार और सत्यवीर सिंह राना ने 110 लोगों की मधुमेह जांच की।

कार्यक्रम में डॉ. गणेश कुमार, डॉ. यामिनी बादल, डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ. अशोक सिंह, डॉ. आकांक्षा वर्मा, डॉ. देवराज वर्मा, डॉ. सुशील कुमार, ओटी टेक्नीशियन आदित्य कुमार सहित समस्त स्टाफ, आशा व एएनएम मौजूद रहीं।

## पालकी यात्रा व शिव उत्सव की तैयारी पर मंथन, जनसहभागिता पर जोर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। आगामी 22 फरवरी को प्रस्तावित पालकी यात्रा और छोटी काशी शिव उत्सव की तैयारियों को लेकर फूल बाबा आश्रम में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और सहभागितापूर्ण बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में विधायक अमन गिरि ने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि यह दिन क्षेत्र और विधानसभा के लिए विशेष महत्व रखता है। इसी तिथि पर शिव मंदिर कॉरिडोर का शिलान्यास किया गया था, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और विकास से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि 22 फरवरी को आयोजित होने वाला शिव उत्सव केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि क्षेत्र की पहचान से जुड़ा आयोजन है। चर्चा के दौरान पालकी यात्रा की रूपरेखा, श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, और स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। आयोजन को भव्य और अनुशासित रूप देने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने पर सहमति बनी। विधायक ने कहा कि छोटी काशी शिव उत्सव को आने वाले वर्षों में एक सशक्त सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाएं और गोला नगर की सांस्कृतिक धरोहर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहयोग करें। बैठक में उपस्थित लोगों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सामूहिक सहयोग का भरोसा दिलाया।

## लेनेदेन को लेकर मारपीट, केस दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के खलीलपुर में रुपये मांगने गए युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि गाली-गलौज के बाद लाठी से सिर पर वार किया गया, जिससे युवक घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। खलीलपुर निवासी कृष्णा वर्मा पुत्र राजेश निवासी खलीलपुर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 7 फरवरी की शाम करीब 6 बजे वह अपने रुपये मांगने मोनू पुत्र रामचन्द्र के पास गया था। इसी दौरान कहासुनी के बाद आरोपित ने उसके साथ मारपीट की और सिर पर लाठी से हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। तहरीर में जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। सूचना पर पुलिस ने घायल का मेडिकल कराने की कार्रवाई की और तहरीर के आधार पर मोनू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दहेज की मांग पूरी न करने पर गर्भवती विवाहिता को घर से निकाला

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव तुरकहटा टप्पा गोकन की विवाहिता को ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने पर मारपीट कर घर से निकाला पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता कल्पनी ने बताया उसकी शादी गांव के अनुज के साथ 4 वर्ष पूर्व हुई थी जिससे एक पुत्र भी है दो माह से वह दोबारा गर्भवती होने पर पति, सास प्रेमवती और ससुर राम सिंह ने बाइक और एक लाख की नकदी लाने की मांग की विवाहिता ने असमर्थता जताई जिस पर तीनों ने एक राय होकर मारपीट कर सुहाग के गहने और कपड़े छीन कर घर से निकाल दिया था पीड़िता के मायके वालों ने सुलह समझौता न मानने पर पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने नामित आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कर लिया है।

## दो अलग-अलग गांव से किशोरी लापता नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के अलग-अलग गांव से दो किशोरियों को गांव के दो युवक द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने से हड़कंप मच गया पीड़ित पिता की शिकायतों पर पुलिस ने दोनों मामले में नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एक गांव में पीड़िता के पिता ने बताया उसकी पुत्री घर पर अकेले थी वह मजदूरी करने बाहर गया था मौका पाकर गांव के रितेश बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर चला गया है। दूसरे गांव में सोमवार को किशोरी घर पर अकेले थी मौका पाकर गांव का ही युवकों से झांसा देकर अपने साथ लेकर चला गया है। अलग-अलग शिकायतों पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामले में केस दर्ज कर लिया है। निरीक्षक उमेश चौरसिया ने बताया तो किशोरियों अपने गांव के युवकों के साथ चली गई है उनकी बरामदगी की को लेकर पुलिस टीम में लगाई गई है।

## बैंक से पैसा न मिलने पर कैसे करें बेटी के हाथ पीले

मोहम्मदी खीरी। बरबर कस्बा की इंडियन बैंक शाखा में अधिकारियों की उपेक्षा के चलते एक खाताधारक अपना पैसा निकालने को लेकर कई दिनों से बैंक के चक्कर काटने को मजबूर हैं। घर पर बेटी की बारात आनी है बैंक पैसा नहीं दे रही है। जिसकी शिकायत उसने बैंक के उच्च अधिकारियों को दी है। खाताधारक माया देवी के घर 13 फरवरी को उसकी बेटी की बारात आनी है उसका इंडियन बैंक शाखा में 2 लाख से अधिक शादी के लिए धन जमा कर रखा था जिसे निकालने के लिए वह कई दिनों से बैंक के चक्कर काट रही है कर्मचारियों द्वारा कोई ना कोई बहाना बनाकर चलता कर दिया जा है। प्रबंधक करन दीप ने बताया शाखा में कैश नहीं है खाताधारक का भुगतान कराया जाएगा

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कैंप लगाकर दी जानकारी, खिलायीं दवाइयां



पलियाकलां खीरी। मंगलवार को गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज, पलिया कलां लखीमपुर-खीरी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पलिया कलां के चिकित्सा अधीक्षक भरत सिंह, प्रमोद रावत उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ अजीत कुमार सिंह , चिकित्साधिकारी, श्रीमती निधि शाक्य, अंकित कुमार स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी व अन्य स्टाफ सहित सभी का विद्यालय में उपस्थित रहना हुआ, समस्त अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया एवं उपचिकित्सा अधीक्षक द्वारा समस्त छात्र छात्राओं एवं स्टाफ को एल्बेन्डाजोल टेबलेट के फायदे बताए गए व सभी बच्चों को साथ ही खिलाई भी गई । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी का धन्यवाद प्रकट किया गया।

## इंटरनेट डे : एआई का सही उपयोग जरूरी

जिला संवाददाता(vol)




जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, के संकाय भवन में साइबर क्लब के तत्वावधान में सेफर इंटरनेट डे 2026 के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की थीम स्मार्ट टेक, सुरक्षित निर्णय कृ एआई का सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग रही। कार्यक्रम में आधुनिक डिजिटल युग में बढ़ते ऑनलाइन जोखिमों तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार प्रयोग पर विशेष चर्चा की गई। वैलनेस सेंटर के समन्वयक प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि बौद्धिक क्षमताओं के विकास के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का असंतुलित उपयोग खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा कि जहाँ एक ओर इंटरनेट ने जीवन के अनेक आयामों को सहज और सुविधाजनक बनाया है, वहीं एआई ने कई नई चुनौतियों और समस्याओं को भी जन्म दिया है। मुख्य वक्ता इंजीनियरिंग संस्थान के डॉ. द्विवेंदु मिश्र ने सेफर इंटरनेट डे की थीम पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इंटरनेट पर लगभग 90 प्रतिशत सुरक्षा हमारी ह्लगुड प्रैक्टिसेजह्व पर निर्भर करती है, इसलिए सभी को सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम इंटरनेट का उपयोग करते हैं तो हम बहुत-सा डेटा साइबर स्पेस में छोड़ते हैं, ऐसे में सुरक्षा के उपायों से परिचित होना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि आम व्यक्ति का डिजिटल व्यवहार निरंतर साइबर स्पेस में विश्लेषित किया जा रहा है और उसी आधार पर उसे लक्षित किया जाता है। विभिन्न संकायों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अल्बेन्डाजोल की दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारम्भ

आजमगढ़। बच्चों को कृमि संक्रमण से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज जूनियर हाई स्कूल जाफरपुर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का भव्य शुभारम्भ छात्र-छात्राओं को अल्बेन्डाजोल की दवा खिलाकर कियझं कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के स्काउट-गाइड के बच्चों द्वारा जिलाधिकारी का सलामी एवं स्काउट तालियों के साथ स्वागत कर की गई, जिससे वातावरण उत्साहपूर्ण हो उठा। बच्चों को दवा खिलाने से पूर्व जिलाधिकारी ने स्वयं अल्बेंडाजोल दवा का सेवन कर बच्चों एवं अभिभावकों को यह संदेश दिया कि यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है तथा इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं होता। उन्होंने बताया कि कृमिनाशक दवा बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, मानसिक तीव्रता एवं शारीरिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा इससे कुपोषण और एनीमिया जैसी समस्याओं की रोकथाम में सहायता मिलती है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोरों को पेट के कीड़ों से मुक्त करना है। पेट में कीड़े होने से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अल्बेंडाजोल की खुराक लेने से इन कीड़ों का नाश होता है, जिससे बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होता है और वे कुपोषण व एनीमिया जैसी समस्याओं से सुरक्षित रहते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जो बच्चे किसी कारणवश आज दवा नहीं खा पायेंगे, उनके लिए 13 फरवरी को मॉप-अप राउंड आयोजित किया जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा छूट न पाए। उन्होने बताया कि अल्बेन्डाजोल की दवा सभी सरकारी स्कूलों, प्राइवेट स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर मुफ्त दी जा रही है। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से अपील किया कि अपने बच्चों को अल्बेन्डाजोल की दवा अवश्य दिलायें। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन.आर. वर्मा ने जनपदवासियों से अपील की कि यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण स्तर एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से सभी पात्र बच्चों को कृमिनाशक दवा अवश्य दिलवाने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में मिड-डे मील भोजन तैयार करने वाले रसोइयों/भोजनमाताओं से भी स्वयं कृमिनाशक दवा का सेवन करने की अपील की, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा और बेहतर स्वच्छता सुनिश्चित की जा सके। डिप्टी सीएमओ/नोडल एनडीडी डॉ. अरविंद चैधरी ने विशेष रूप से बताया कि यदि कोई बच्चा किसी कारणवश आज दवा लेने से वंचित रह गया है तो उसे अनिवार्य रूप से दवा दिलाई जाए, ताकि कोई भी पात्र बच्चा कृमिनाशक दवा से वंचित न रहे। उन्होंने आगे जानकारी दी कि अभियान के तहत आज जनपद के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर निर्धारित आयु वर्ग के बच्चों को दवा खिलाई जा रही है।

## जिले में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर वर्कशॉप, साइबर जागरूकता को मिली नयी दिशा



लखीमपुर खीरी। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निदेर्शानुसार डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिला सूचना विज्ञान केंद्र लखीमपुर खीरी द्वारा सुरक्षित इंटरनेट दिवस के उपलक्ष्य में एक सफल वर्कशॉप आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग के साइबर सेल अधिकारी, विकास विभाग के अधिकारी, कॉमन सर्विस सेंटर संचालक और बैंक के अधिकारी उपस्थित रहे।

डीआईओ (एनआईसी) महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस वर्कशॉप में इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल और साइबर ठगियों से बचने के महत्वपूर्ण उपायों पर चर्चा की गई। इस वर्कशॉप में डिजिटल अरेस्ट के बारे में भी बताया गया कि फर्जी अधिकारियों के उन कॉलों पर संदेह करें जो दावा करते हैं कि आप मुसीबत में हैं एवं पैसे की मांग करते हैं। यह हमेशा याद रखना महत्वपूर्ण है कि वास्तविक कानून प्रवर्तन एजेंसी के अधिकारी कभी भी भुगतान या बैंकिंग विवरण नहीं मांगेंगे। इस वर्कशॉप से हमेशा याद रखने योग्य कुछ महत्वपूर्ण बातें ताकि हम साइबर धोखाधड़ी का शिकार न हों : अपने पासवर्ड को मजबूत रखें, पब्लिक वाई-फाई से बचें, बिना जांच के किसी भी फाइल या सॉफ्टवेयर को डाउनलोड न करें, वेब ब्राउजर को हमेशा अपडेटेड रखें, अज्ञात स्रोतों से आए ईमेल न खोलें, किसी भी वेबसाइट को खोलते समय सही यूआरएल का विशेष ध्यान रखे। यदि आप के साथ किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होती है तो सरकार को तुरंत सूचित करे। साइबर अपराध के बारे में शिकायत दर्ज किये जाने हेतु 1930 पर कॉल कर सकते है या निम्नलिखित पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते है। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी महेंद्र सिंह ने इंटरनेट के सुरक्षित संचालन की जानकारी दी, जबकि पुलिस विभाग (साइबर सेल) के अधिकारी सुरक्षा उपायों और साइबर ठगी से बचने की तकनीक समझाई।

## सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में लखीमपुर खीरी को मिला प्रदेश में चौथा स्थान

जिला संवाददाता(vol)

- डीएम बोलीं, योगी सरकार की प्राथमिकता ही लखीमपुर खीरी जिला प्रशासन का विजन

लखीमपुर खीरी। सीएम डैशबोर्ड की ताजा रैंकिंग में लखीमपुर खीरी ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में प्रदेश के 75 जिलों में चौथा और लखनऊ मंडल के 6 जिलों में पहला स्थान हासिल कर जिले की प्रशासनिक क्षमता और विकास कार्यों की प्रभावशीलता का प्रमाण दिया है। सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग के आंकड़ों के मुताबिक लखीमपुर खीरी ने आधारभूत विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकारी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतरीन प्रदर्शन किया। राजस्व विभाग का सक्रिय योगदान भी जिले को प्रदेश में चौथे स्थान तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

लखनऊ मंडल के 6 जिलों की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में लखीमपुर खीरी ने चौथा स्थान हासिल कर मंडल में पहला स्थान दर्ज किया। इसके बाद हरदोई सातवें, सीतापुर 23वें, उन्नाव 39वें, रायबरेली 43वें और लखनऊ 75वें स्थान पर रहे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि वर्ष 2026 के शुरूआत में जनवरी माह में सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जनपद लखीमपुर खीरी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। मा.मुख्यमंत्री जी के विजन के अनुरूप योजनाओं और विकास कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाया, यह क्रम अनवरत जारी रहेगा।

डीएम ने कहा कि जिले की इस सफलता का मूल मंत्र सक्रिय निगरानी, समयबद्ध निस्तारण, विभागवार समीक्षा और जनपदीय अधिकारियों के बीच निरंतर समन्वय है। उन्होंने सीडीओ, दोनों एडीएम, सभी एसडीएम और अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम को बधाई दी और कहा कि इसी समर्पण और मेहनत से लखीमपुर खीरी ने विकास की नई इबारत लिखी है। डीएम ने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ रैंकिंग नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। विकास की यह गति अनवरत जारी रहेगी।

# कंपोजिट विद्यालय में मनाया कृमि मुक्ति दिवस



जौनपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में कंपोजिट विद्यालय सराय त्रिलोकी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवसश का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य के संकल्प के साथ कृमि नियंत्रण अभियान चलाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पेट के कीड़ों से सुरक्षित रखने के लिए एल्बेंडाजोल की गोली निशुल्क खिलाई गई। शिक्षकों द्वारा बच्चों को स्वच्छता के महत्व और कृमि संक्रमण से होने वाली बीमारियों (जैसे एनीमिया और कुपोषण) के बारे में विस्तार से बताया गया। शिक्षक सुनीता देवी, रेखा चौहान, पंकज कुमार, पिंकी मौर्या, अतुला देवी, के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीना सिंह कंचन देवी व मधु सिंह भी उपस्थित रही।

# ओबीसी पर टिप्पणी के विरोध में पटेल समाज का चौराहे पर धरना



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। सोशल मीडिया पर ओबीसी समाज को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को पटेल समाज के लोगों ने सदर चौराहे पर बैठकर नारेबाजी की और कार्रवाई की मांग को लेकर धरना दिया। प्रदर्शन के चलते कुछ देर तक यातायात प्रभावित रहा।

बताया गया कि कुछ दिन पूर्व गोला नगर निवासी डॉ. पीयूष कुमार शुक्ला का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसमें ओबीसी समाज के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का आरोप है। इसको लेकर समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त था। तीन दिन पूर्व समाज के प्रतिनिधियों ने कोतवाली पुलिस को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर आक्रोशित लोग चैराहे पर बैठ गए। धरने की सूचना पर पुलिस और प्रशासन हरकत में आया। एडिशनल एसपी के संज्ञान लेने के बाद प्रदर्शनकारियों को सीओ कार्यालय बुलाया गया। वहां वार्ता के दौरान मातहतों को रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए गए, जिसके बाद समाज के लोगों ने धरना समाप्त कर दिया। इससे पहले पटेल संस्थान से पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुर्जन लाल वर्मा, अध्यक्ष राजीव पटेल, मंत्री अंकुर वर्मा, अभिजय पटेल समेत दर्जनों लोग पैदल मार्च करते हुए सीओ कार्यालय पहुंचे। वार्ता के बाद स्थिति सामान्य हुई।

मौके पर शिवनंदन वर्मा, सभासद नानक चंद वर्मा, हरिओम वर्मा, सतीश वर्मा, आशीष पटेल, कपिल वर्मा, अक्षय पटेल, अमित वर्मा, डा. दीपू, डा. रामशरण, किसान नेता श्रीकृष्ण, महादेव प्रसाद, जितेंद्र वर्मा, श्रीपाल, अशोक कुमार, रामसेवक फौजी, एडवोकेट अभय वर्मा, अजय वर्मा, गन्ना अध्यक्ष सुरेश वर्मा, शिवम पटेल, रामकुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अभद्र टिप्पणी पर पुलिस को दी तहरीर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। सोशल मीडिया पर ओबीसी समाज के खिलाफ की गई कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर पटेल संस्थान के अध्यक्ष राजीव पटेल ने कोतवाली में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि 05 फरवरी को नगर निवासी पियूष कुमार शुक्ला द्वारा फेसबुक पर यूजीसी के समर्थन के नाम पर ओबीसी वर्ग के लोगों के विरुद्ध आपत्तिजनक, अपमानजनक व अभद्र टिप्पणी की गई। तहरीर के अनुसार यह टिप्पणी सार्वजनिक रूप से प्रसारित हुई, जिससे ओबीसी समाज की भावनाएं आहत हुईं और समाज में आक्रोश की स्थिति बनी। राजीव पटेल ने तहरीर में उल्लेख किया है कि इस प्रकार की टिप्पणी सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने वाली है तथा इससे कानून-व्यवस्था की स्थिति भी बिगड़ सकती है। उन्होंने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 व सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के साथ संबंधित फेसबुक पोस्ट के स्क्रीनशॉट व लिंक साक्ष्य के रूप में संलग्न किए जाने की बात भी कही गई है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि०
अधीक्षण अभियन्ता (तकनीकी), जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ

ई–निविदा सूचना विoआoसंo–339 दिनांक 10.02.2026

निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1.13/SE/TECH/JZ/2025-26 अधिशासी अभियन्ता 11 के0वी0 एवं एल०टी० जानकीपुरम् के 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र, जी०पी०आर०ए० एवं सहारा स्टेट से पोषित कार्यक्षेत्रान्तर्गत एम०एण्डआर०मद में एच०टी०/एल०टी० लाइनों, पोलों एवं उपकेन्द्रों के अनुरक्षण व अन्य रनिंग विद्युतीय कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00 धरोहर राशि रू0 10000.00

2.14/SE/TECH/JZ/2025-26 अधिशासी अभियन्ता 11 के0वी0 एवं एल०टी० जानकीपुरम के 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र सृष्टि एवं इंटीग्रल यूनिवर्सिटी से पोषित कार्यक्षेत्रान्तर्गत एम०एण्ड आर० मद में एच०टी०/एल०टी० लाइनों, पोलों एवं उपकेन्द्रों के अनुरक्षण व अन्य रनिंग विद्युतीय कार्य, ई– निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00 धरोहर राशि रू0 10000.00

3.15/SE/TECH/JZ/2025–26 अधिशासी अभियन्ता 11 के0वी0 एवं एल०टी० जानकीपुरम के 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र, न्यू यूनिवर्सिटी कैम्पस, आई०आई०एम० एवं एल्डिको सिटी से पोषित कार्यक्षेत्रान्तर्गत एम०एण्ड आर० मद में एच०टी०/ एल०टी० लाइनों, पोलों एवं उपकेन्द्रों के अनुरक्षण व अन्य रनिंग विद्युतीय कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 20000.00

4.16/SE/TECH/JZ/2025–26 अधिशासी अभियन्ता 11 के0वी0 एवं एल०टी० जानकीपुरम् के 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र, साढामऊ, मामपुरबाना एवं बौरूमऊ से पोषित कार्यक्षेत्रान्तर्गत एम०एण्डआर० मद में एच०टी०/एल०टी० लाइनों, पोलों एवं उपकेन्द्रों के अनुरक्षण व अन्य रनिंग विद्युतीय कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 20000.00

ई–निविदा की अन्तिम तिथि 24 फरवरी 2026

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

संक्षेप

## ईंट और पत्थरों से हमला कई लोग घायल

जौनपुर । जिले के चंदवक थाना क्षेत्र के बीरीबारी बाजार में मंगलवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई।इस घटना से बाजार और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वंशधारी सेठ और उनके साथियों ने घनश्याम सिंह तथा उनके परिवार पर लाठी-डंडों, ईंट और पत्थरों से हमला कर दिया।हमले में घनश्याम सिंह पक्ष के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मारपीट इतनी भयावह थी कि लोग इधर-उधर भागने लगे और कुछ देर के लिए बाजार बंद जैसा माहौल हो गया।इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हमलावर खुलेआम लाठी-डंडों और पत्थरों से लोगों को पीट रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस पर कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है।घटना की सूचना मिलते ही चंदवक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।पुलिस ने दोनों पक्षों से जानकारी ली और जांच शुरू कर दी है।इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में कोई बड़ी घटना हो सकती है।

## युवती संग छेड़खानी दो पर मुकदमा दर्ज

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के बहरीपुर गांव के पास सोमवार की शाम को बाजार से घर लौट रही एक 18 वर्षीय युवती के साथ दो बदमाश छेड़खानी करने लगे। युवती के शोर मचाने पर दोनों भाग निकले। गांव निवासी उक्त युवती शाम को राजेपुर बाजार गयी थी।वह बाजार से घर वापस आ रही थी रास्ते मे बाइक सवार दो युवक उसके पास आये उसके बाद उसका हाथ पकड़ कर खींचने लगे।पहले तो युवती घबरा गयी परन्तु हिम्मत जुटाकर शोर मचाने लगी। युवती की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल की तरफ भागे। जब तक लोग पहुंचते तब तक दोनो युवक भाग निकले।घटना की सूचना पर थानाप्रभारी गजानन्द चैबे मय फोर्स मौके पर मौके पर पहुंच गये।इस बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि बहरीपुर गांव के निवासी सन्दीप कुमार व सनी सरोज के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया गया है।दोनों के गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## हादसे में महिला सहित तीन घायल

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कस्बे के पास सड़क हादसे में पैदल जा रही महिला समेत कुल तीन लोग घायल हो गयें हैं।एक की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए भेज दिया गया है। मछलीशहर क्षेत्र के ग्राम खाखोपुर निवासी रेखा पांडेय कस्बे से होकर कहीं जा रही थीं कि उसी समय मुंगराबादशाहपुर की तरफ से आ रहे सतहरियां के रहने वाले बाइक सवार संजय कुमार की बाइक पैदल जा रही महिला से टकरा गई। बाइक के टकराने से पैदल जा रही महिला रेखा पांडेय, बाइक पर सवार संजय कुमार और उनके साथ बाइक पर बैठी दूसरी महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गई। इस बाइक की टक्कर से पैदल जा रही महिला रेखा गंभीर रूप से घायल हो गई है। घटना के बाद तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टरों ने रेखा पांडेय की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए भेज दिया है।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल, एक गंभीर

जौनपुर।सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के रजनीपुर में मंगलवार की सुबह दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल हो गयें हैं।इस घटना में तीन में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। कवेली गांव के रहने वाले दो मजदूर आनंद गौतम और शनी गौतम सुबह एक मकान में सरिया बांधने के लिए बाइक पर सवार होकर जा रहें थें। जैसे ही दोनों रजनीपुर के पास ओवर ब्रिज की तरफ पहुंचे ही थें कि तेज रफ्तार में आ रही दूसरी बाइक उनकी बाइक से टकरा गई। दूसरे बाइक सवार की पहचान साढापुर गांव निवासी महेंद्र निषाद के रूप में हुई है। दोनों बाइकों की टक्कर में महेंद्र निषाद, आनंद गौतम, शनि गौतम घायल हो गयें। तीनों घायलों में महेंद्र निषाद की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# मीरजापुर में 'लुटेरी दुल्हनों' के गैंग का पर्दाफाश



मीरजापुर। शादी के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। आगरा के एक युवक को शिकार बनाने के दौरान पुलिस ने गिरोह की कई महिलाओं को हिरासत में लिया है।इस दौरान पुलिस ने शादी के नाम पर अवैध रूप से धन उगाही करने वाले गिरोह का पदार्फाश, करते हुए महिला पुरुष सहित कुल 6 को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ? 30,000 बरामद किया है।

- आगरा के एक युवक को शिकार बनाने के दौरान पुलिस ने गिरोह की कई महिलाओं को लिया हिरासत में

बताते चलें कि जनपद के राजगढ़ थाना पर वादिनी मीरा देवी पत्नी अखिलेश शर्मा निवासिनी ग्राम ट्रास जमुना कालोनी, फ्रंस-2 जी 6-80 रामबाग, एत्माददौला जनपद आगरा द्वारा नामजद लोगों के विरूद्ध शादी के लिए रिश्ते का झांसा देकर अवैध रूप से धन की उगाही करने के सम्बन्ध लिखित तहरीर दी गयी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की थी। मामले में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने के लिए थाना प्रभारी राजगढ़ को निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना राजगढ़ पुलिस 10 फरवरी 2026 को मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्र से घटना से सम्बन्धित जितेन्द्र पुत्र राममुरत निवासी दाउदपुर थाना चन्दौली जनपद चन्दौली, रामविलाश पुत्र राजकुमार निवासी सवैया पट्टीदारी थाना सैयदराजा चन्दौली, महिमा पत्नी जितेन्द्र निवासी दाउदपुर थाना चन्दौली जनपद चन्दौली, रीता पत्नी राजू निवासी लालपुर थाना मड़िहान मीरजापुर, जिऊती पत्नी संजय निवासी चौखड़ा ( भागलपुर ) थाना राजगढ़, मीरजापुर व मनीषा पुत्री मगरू निवासी भवानीपुर थाना राजगढ़, मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से अवैध अवैध उगाही की धनराशि 30,000 रुपए बरामद कर उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### पूछताछ में हुआ खुलासा

पूछताछ में गिरफ्तार ठगों द्वारा बताया गया कि उनका एक संगठित गिरोह है जिसका मुखिया अजीत है। उन लोगों द्वारा फर्जी दुल्हन बनाकर व दुल्हन के रिस्तेदार-नातेदार बनकर शादी का झांसा देकर जरुरत मंद लोगो से ठगी करते है। इस प्रकार प्राप्त धन को आपस में बाट कर भौतिक सुख सुविधाओं का लाभ उठाते है।

## गौ तस्कर से मुठभेड़ में एक लगी गोली , दूसरा फरार

जौनपुर । सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पूर्वांचल विश्वविद्यालय देवकली नहर के पास पुलिस से और को तस्कर की मुठभेड़ हो गई । जिसमें एक अंतर्जनपदीय गो तस्कर के पैर में गोली लगी ।

पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा फरार है, पकड़े गए गो तस्कर के कब्जे से एक तमंचा कारतूस व पिकअप बरामद हुआ ।पुलिस के अनुसार सरायख्वाजा पुलिस ने विश्वविद्यालय के पास संदिग्ध वाहनो व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान सफेद पिकअप सवार दो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर उनको रोकने का प्रयास किया ।पिकअप पर सवार बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए भागने लगे। पुलिस ने मामले की सूचना कंट्रोल रूम को दी, पुलिस से घिर जाने पर पिकअप सवार बदमाश देवकली नहर पुलिया पर अनियंत्रित होकर पिकअप पुलिया से टकरा गया । आत्मरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया। जिसमें एक गोली बदमाश के पैर में लगी, घायल बदमाश आजमगढ़ थाना अहिरौला , माहुल का निवासी मोहम्मद सलमान पुत्र मेंराज बताया गया। जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर फरार अभियुक्त सुल्तानपुर अखंड नगर के रामनगर का निवासी मोनू बलवंत बघेल पुत्र अशोक कुमार बताया गया है। पकड़े गए आरोपों के पास से एक तमंचा , एक कारतूस एक खोखा व एक पिकअप पुलिस ने बरामद कर किया।

## टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत बच्चों को किया जागरूक



मीरजापुर। जनपद में टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए लगातार हर स्तर पर निरन्तर प्रयास जारी रखा गया है।

इसी क्रम में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के अन्तर्गत 10 फरवरी को क्षय रोग विभाग के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शमीम अहमद द्वारा कंपोजिट विद्यालय दुबारकलां, लालगंज में टीबी के समस्त लक्षणों एवं सरकारी स्तर से उपलब्ध समस्त निःशुल्क सुविधाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बताया कि जांचोपरांत पाए गए टीबी मरीजों को पोषण योजना के तहत खाते में रुपया 1000 प्रति माह पूरे इलाज अवधि तक दिया भी जाएगा। उन्होंने उपस्थित छात्र और छात्राओं से अनुरोध किया गया कि आप किसी भी व्यक्ति को यदि बताए गए लक्षणों से प्रभावित पाते हैं तो उन्हें अविलंब सरकारी स्वास्थ्य केंद्र लालगंज तक जांच इलाज के लिए भेज इस अभियान को सफल बनाने में सहायक बने जिससे कि हम आप सभी टीबी के दुष्परिणामों से अपने को और अपने लोगों को सुरक्षित बनाए रख सकें। डॉक्टर अशोक यादव ने छात्र छात्राओं को टेबलेट एलबेंडा जोल गोली खाने के लिए विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान आनन्द सिंह, नीरज सिंह, सुजीत तथा अध्यापक बंधुओं सहित अन्य लोग मौजूद रहे हैं।

## मदरसा बोर्ड परीक्षा में धांधली,केन्द्र पर कार्रवाई



जौनपुर। जिले में चल रही उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड परीक्षा के दौरान गंभीर खामियां सामने आई हैं। घोर लापरवाही पाए जाने पर उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग वाराणसी ने एक सहायक केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया है। 9 फरवरी से उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ हुई हैं। इसी क्रम में सोमवार को उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग वाराणसी विजय प्रताप यादव ने परीक्षा केंद्र मझगवा कला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक केंद्र व्यवस्थापक इद्रीश अहमद खान परीक्षा केंद्र से अनुपस्थित पाए गए ।जांच में यह भी सामने आया कि सहायक केंद्र व्यवस्थापक परीक्षा के पहले दिन से ही केंद्र पर उपस्थित नहीं हुए हैं। इस गंभीर अनियमितता को परीक्षा की निष्पक्षता और सुचिता के साथ सीधा खिलवाड़ मानते हुए उप निदेशक ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक अधिकारी को आदेशित किया कि संबंधित सहायक केंद्र व्यवस्थापक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए। उप निदेशक नें कहा कि मदरसा बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन कल

मीरजापुर। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर के तत्वाधान में 12 फरवरी को राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन स्थानीय राजस्थान इंटर कॉलेज देवपुरवा मीरजापुर में आयोजित किया जायेगा। इस आशय की सूचना देते हुए जिला विज्ञान क्लब समन्यवयक सुशील कुमार पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय गणित दिवस प्रसिद्ध गणितज्ञ सर श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के सम्मान में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का उदेश्य छात्रों में गणित के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें गणितीय अध्ययन एवं करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में श्रीनिवास रामानुजन के गणित के योगदान पर फिल्म दिखाई जाएगी। साथ ही गणित के विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिये जाएंगे। इस कार्यक्रम में गणित पर आधारित मॉडल, पोस्टर, गणित प्रश्नोतरी भी आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में चयनित छात्रों को जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रतिभागिता हेतु जनपद के विद्यालयों के गणित क्लब के 10-10 छात्रों को बुलाया गया है।

## किसानों के लिए बेहतर है आधुनिक कृषि तकनीक

जौनपुर। विकासखंड सुइथाकला परिसर में कृषि सूचना तंत्र को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किसान गोष्ठी एवं किसान मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चंद तिवारी ने शिरकत रहे, जबकि मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, वरिष्ठ नेता सुरेश पांडे, एडियो एजी शिवम गुप्ता, एसएमएस नंदकिशोर, शिवपूजन, श्री प्रकाश उपाध्याय, सौरभ सिंह सहित सैकड़ों किसान एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में एसएमएस ने कृषि की नवीनतम तकनीकों पर प्रकाश डालते हुए सोलर पंप की स्थापना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, फार्मर रजिस्ट्री, ट्रिकोडर्मा जैविक खाद तथा कृषि निवेश योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नवीनतम कृषि उद्योगों के अवसरों पर भी किसानों को जागरूक किया, जिससे क्षेत्रीय किसानों में उत्साह का संचार हुआ। किसानों ने इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण भी कराया ।मुख्य अतिथि डॉ. उमेश चंद तिवारी ने जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जल की कमी से निपटने के लिए वर्षा जल संचयन अनिवार्य है। उन्होंने खेती-कृषि की उपयोगिता पर बल देते हुए किसानों को आधुनिक विधियों अपनाने की सलाह दी।

## डीएवी पीजी कॉलेज व जन जागृति सेवा समिति के बीच करार




आजमगढ़। डीएवी पीजी कॉलेज, आजमगढ़ में प्लेसमेंट सेल द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे महाविद्यालय एवं जन जागृति सेवा समिति के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य शैक्षणिक, सामाजिक एवं कौशल विकास से जुड़े कार्यक्रमों में आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर डीएवी पीजी कॉलेज, आजमगढ़ के प्रबंधक आनंद प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि दोनों संस्थाओं ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, सामाजिक जागरूकता, सामुदायिक सेवा, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाओं, सेमिनारों एवं शोध गतिविधियों के संयुक्त आयोजन पर सहमति व्यक्त की। यह समझौता विद्यार्थियों को व्यवहारिक अनुभव प्रदान करने तथा समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सार्थक पहल है।

डीएवी पीजी कॉलेज, आजमगढ़ के प्राचार्य प्रोफेसर प्रेम चंद्र यादव ने कहा कि इस एमओयू के माध्यम से छात्रों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। वहीं जन जागृति सेवा समिति के विजय प्रताप सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सहयोग समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में दोनों संस्थाओं ने भविष्य में निरंतर समन्वय एवं सहयोग बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

प्लेसमेंट सेल के संयोजक डा रजनीश भारती कार्यशाला के अध्यक्ष रहे। डा यशवंत प्रताप, डा चन्दन कुमार गौतम, महाविद्यालय के आईक्यूएसी समन्वयक प्रो सौम्य सेनगुप्ता व अन्य शिक्षक शिक्षणोत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

## नपा प्रशासन की मनमानी के चलते नगरीय व्यवस्था ध्वस्तः मो. अफजल



आजमगढ़। जिला योजना समिति के सदस्य व सभासद मोहम्मद अफजल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में नगर पालिका प्रशासन के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जनता हित में कार्य करने की नसीहत दिया।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहाकि नगर पालिका परिषद प्रशासन की उदासीनता के चलते पूरी नगरीय व्यवस्था चरमाई हुई है। नगर की साफ-सफाई, सड़क, नाली, इंटरलॉकिंग, लाइट, बिजली, पानी, ये कोई एहसान नहीं, बल्कि जनता का हक है। और जनता के हक पर एकतरफा फैसले लोकतंत्र का अपमान हैं। अगर हर निर्णय ऊपर से थोपा जाएगा, तो जनता यह सवाल पूछेगी, सभासद सिर्फ वोट गिनने के लिए चुने गए थे क्या? बोर्ड सिर्फ नाम के लिए बनाया गया था क्या? नगर पालिका परिषद की ताकत कुर्सी में नहीं होती, बल्कि जवाबदेही, पारदर्शिता और एकजुट बोर्ड में होती है।

नगर पालिका ने पहले भी ऐसे अध्यक्ष देखे हैं जिन्होंने कभी खुद को नगर पालिका परिषद आजमगढ़ से ऊपर नहीं समझा स्वर्गीय अमरीका तिवारी स्वर्गीय डा. कन्हैया सिंह, स्वर्गीय राम सिंगार राय स्वर्गीय गिरीश चन्द श्रीवास्तव, इन्होंने सभासदों को साथ लेकर काम किया, इसीलिए जनता ने उन्हें याद रखा। आज भी वही रास्ता सही है। जो सभासदों को साथ लेकर चलेगा, वही विकास करेगा। जो अकेले चलेगा, उसे जनता कटघरे में खड़ा करेगी। यह किसी व्यक्ति के खिलाफ बयान नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने की चेतावनी है। नगर की जनता अब चुप नहीं है, सब देख रही है, सब समझ रही है ।यह जनता के वोट से बनी लोकतांत्रिक व्यवस्था है, जिसे पूरे बोर्ड की सहमति और सहभागिता से चलाया जाना चाहिए। अगर हर फैसला अकेले लिया जाएगा, अगर सभासदों की राय को नजर अंदाज किया जाएगा, अगर बोर्ड को सिर्फ औपचारिकता बनाकर रखा जाएगा, तो फिर सवाल उठना लाजमी है। नगर पालिका परिषद भी ठीक उसी तरह है अकेले फैसलों से नहीं, सामूहिक निर्णय से चलती है।

## नेत्र शिविर में 136 मरीजों की जांच



जौनपुर । अन्धत्व निवारण कार्यक्रम के तहत लायन्स क्लब शंकरा आई हास्पिटल वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच मोतियाबिंद आपरेशन व लेन्स प्रत्यारोपण शिविर कुत्तुपुर तिराहा पर आयोजित किया गया है। शिविर में 136 लोगों की आंखों की जांच की गई। जांच में 53 रोगी मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए, जिन्हें निःशुल्क ऑपरेशन के लिए वाराणसी रवाना किया गया।

नेत्र चिकित्सक डॉ. लवली शाह, और उनकी चिकित्सकीय टीम ( संदीप सिंह, राजा सिंह, किरन सिंह, मुस्कान देवी ) ने रोगियों की जांच की। संस्थाध्यक्ष सीए राजेश राज गुप्ता ने बताया कि ये शिविर विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरुरतमंद लोगों को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया है। और क्षेत्र को मोतियाबिंद मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। संयोजक डॉ संदीप मौर्य ने कहा कि यह शिविर मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक सशक्त उदाहरण है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के लिए वाराणसी भेजे गए रोगियों के भोजन, आवास और परिवहन की सुविधा निशुल्क रहेगी। उन्हें निशुल्क दवाइयां और चश्मे भी प्रदान किए जाएंगे। आपरेशन के बाद तीसरे दिन मरीज को इसी कैंप स्थल पर छोड़ दिया जायेगा। सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, सचिव योगेश साहू, डॉ चन्द्रकला मौर्य, आमनी, मुस्कान शेख, अनामिका गौतम तनु आदि उपस्थित रहे।

## पंकज परशुराम समिति के जिलाध्यक्ष बने

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने प्रदेश उपाध्यक्ष केके चतुर्वेदी की सहमति पर मोहल्ला सतेश्वर औरैया निवासी पंकज अवस्थी एडवोकेट को परशुराम सेवा समिति औरैया का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सम्राट ने श्री अवस्थी से आशा व्यक्त की है कि वह संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाएगें। इसके साथ ही यह भी निर्देशित किया है कि वह 15 दिन के अंदर जिला कार्यकारिणी का गठन करके प्रदेश कार्यालय पर भेजे। श्री अवस्थी को जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुई बधाई दी है।

## नहर में मिली अज्ञात महिला की लाश, शिनाख्त में जुटी पुलिस

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के तेंदुआ कला गांव में स्थित मेजा जरगो लिंक बाणसागर नहर में अज्ञात महिला का शव दिखाई देने से गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों द्वारा पुलिस सूचना दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि महिला के शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है। लालगंज थाना क्षेत्र के तेंदुआ कला गांव में स्थित बाणसागर नहर में अपने मवेशियों को पानी पिलाने के लिए पानी लेने गई गांव की महिला इंद्रावती ने सबसे पहले देखा कि नहर में एक महिला का शव बहता जा रहा है। शव को देखते ही इंद्रावती भयभीत होकर नहर से बाहर आकर गांव के लोगों में सूचना दिया। नहर में शव मिलने की जानकारी होते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से शव को नहर से बाहर निकलवाया गया। महिला के शरीर पर काले रंग की साड़ी और लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण पहने हुई है। महिला का शव पानी में काफी दिनों से रहने के कारण फूल गया था। लोगों द्वारा चर्चा किया जा रहा था कि यह महिला लोकल नहीं कहीं बाहर की लगती है या तो किसी ने हत्या कर नहर में फेंक दिया है। कुछ लोग यह भी चर्चा कर रहे थे की महिला जिस तरीके साड़ी पहनी थी इस तरह की साड़ी बेटा बांध कर मध्य-प्रदेश की महिलाएं ही पहनती हैं। हालांकि इस संबंध में लालगंज के प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने बताया कि शव का शिनाख्त कराने के लिए फोटो वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया गया है लेकिन अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। बताया की शव कहीं बाहर का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला के मौत का स्पष्ट कारण पता चल पाएगा।

## विज्ञान प्रदर्शनी देख अभिभावक मंत्रमुग्ध



जौनपुर ।बक्शा विकास खण्ड के चुरावनपुर गांव में स्थित मां गुजराती हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में रविवार को छात्र- छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कर अभिभावकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में लगभग सभी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भारत के वैज्ञानिकों द्वारा सफलतापूर्वक लांच किया गया चन्द्रयान 3 का मॉडल, जल चक्र, स्मार्ट सिटी, डीएनए मॉडल, वॉटर फ्यूरिफिकेशन, ज्वालामुखी, हृदय, किडनी, जल सरंक्षण, सोलर आदि का बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत कर अभिभावकों के सवालों का बेबाकी से जवाब दिया। मंत्रमुग्ध अतिथियों एवं अभिभावकों ने बच्चों को शाबासी दी। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक सूर्यप्रकाश बबलू, मुख्य अतिथि पूर्वांचल विश्वविद्यालय पत्रकारिता विभाग के प्रोफेसर डॉ. मनोज मिश्र, कक्षा 4 के छात्र अनुराग जायसलाल हृदय के बारे में पूछे, अनुराग जायसलाल ने सभी जबाब दिए डॉ. मनोज मिश्र छात्र अनुराग जायसलाल की सराहना किया।

## 13 तक सड़क मरम्मत व सफाई न हुई तो लागू होगा 'सनातन कर्फ्यू'

मीरजापुर। नगर के विख्यात बूढ़ेनाथ मंदिर से शिवरात्रि 15 फरवरी तक सड़क, सफाई एवं बिजली की सुचारु व्यवस्था नहीं हुई तो उसके पहले 13 फरवरी को नगर में 'सनातन कर्फ्यू' लागू किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में 'सनातन कर्फ्यू' को परिभाषित करते हुए बूढ़ेनाथ मंदिर के महंत डॉ योगानन्द गिरि ने कहा कि मां विंध्यवासिनी एवं बाबा बूढ़ेनाथ की सनातन नगरी में चक्का जाम सनातन प्रेमी लोग करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी संबन्धित विभागों की होगी। डॉ योगानन्द गिरि ने अफसोस जताया कि भारतीय सनातन संस्कृति के देवता बाबा विश्वनाथ के विवाहोत्सव पर आयोजित होने वाले शिवरात्रि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन एवं नगरपालिका परिषद को सक्रिय होना चाहिए लेकिन दुःख की बात है कि अभी तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया, जबकि 19 जनवरी को ही जिला प्रशासन को पत्रक दे दिया गया था। यदि तब से काम होता तो अब तक सड़कें दुरुस्त हो गई होती। डॉ गिरि ने कहा कि जिस प्रकार वीआईपी के आगमन पर 24 घण्टे में सारी व्यवस्था ठीक की जाती है, उसी प्रकार लाखों भक्तों की भी भावनाओं को देखते हुए 13 फरवरी के पहले सारे गड्ढों को पाट कर समतल करना चाहिए। डॉ गिरि ने कहा वर्ष में एक दिन बाबा बूढ़ेनाथ शहर की जनता को दर्शन देने निकलते हैं और माँ गौरी की पालकी निकलती है, इसलिए नगर की सनातन प्रेमी जनता की ख्वाहिश है कि वह नङ्गे पांव यात्रा में निकल सके।

पत्रकार-वार्ता के दौरान पालकी यात्रा के उद्देश्यों पर भी डॉ योगानन्द गिरि ने विस्तार से प्रकाश डाला तथा सनातन एकता रहेगी तभी समाज खुशहाल रह सकता है। कहा सनातन संस्कृति की रक्षा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मनसा-वाचा- कर्मणा लगे हैं। ऐसी स्थिति में उनकी मशीनरी को भी चाहिए कि वह मां विंध्यवासिनी की नगरी से सार्थक संदेश प्रदान करें। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति जाति-पाति, ऊंच-नीच का भेदभाव नहीं करती। भगवान शंकर की भक्ति के चलते ही उनकी बारात में भूत-प्रेत, नर-पिशाच सब थे। उन्होंने नगर की एक एक जनता से कहा कि वे पालकी यात्रा में अवश्य शामिल हों। पत्रकार वार्ता के बाद सड़क आदि की समस्या के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी एवं नगर मजिस्ट्रेट से टेलीफोन पर वार्ता की गई जिस पर दोनों अध्यक्ष एवं नगर मजिस्ट्रेट ने 11 फरवरी को 11 बजे मंदिर आकर समस्या सुलझाने का भरोसा दिया।

## टाइनी टॉट्स स्कूल के वार्षिकोत्सव रेडियंस ने मोहा मन

आजमगढ़। शहर के मध्य स्थित टाइनी टॉट्स स्कूल का वार्षिकोत्सव रेडियंस 2026 हरी औध कला भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना व गणेश वंदना से हुई। जिसे लोगों ने बहुत सराहा। छोटे बच्चों द्वारा बहुत सारे कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें वेलकम सोंग दादाजी की छड़ी हूं...मैं शहीद भगत सिंह के बारे में एक छोटे



बच्चों ने विवान सिंह ने बहुत अच्छी बातें बताई और वहीं दूसरे प्रस्तुति से आजकल के किसानों की समस्याओं को उजागर किया गया था साथ में कई हंसी खुशी के कॉमेडी प्रस्तुतियां भी हुई। जिसमें विद्या को बढ़ावा देने के लिए थीम पर बच्चों ने डांस प्रस्तुत किया था। इसके अलावा महाभारत के मुख्य अंश की प्रस्तुति दी गई। जिसे लोगों ने बहुत सराहा। इसके बाद बच्चों द्वारा हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई एकता के प्रतीक के रूप में कई प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई।अंत में प्रधानाचार्य ने सबका धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि बिना गार्जियन के सहयोग के कुछ भी संभव नहीं था टीचरों व बच्चों ने इस प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए बड़ी मेहनत की है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नितिन गौर, राजीव सिंह गप्पू, राजेश्वर सिंह समस्त टीचर उपस्थित रहे।

## इंजीनियरिंग के छात्र का अमेजन में हुआ चयन

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान में बीटेक की पढ़ाई कर रहे छात्र आदित्य तिवारी को अमेजन कंपनी की तरफ से जॉब ऑफर दिया गया ।बलिया जिले के रहने वाले छात्र आदित्य तिवारी पहले भी कई प्रोजेक्ट में कार्य कर चुके हैं। आदित्य वर्तमान में विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान में बीटेक की पढ़ाई कर रहे हैं। वह कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष के छात्र हैं। आदित्य को यह जॉब ऑफर ऑफ कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से अमेजन कंपनी ने दिया है। अमेजन ने इनका पांच राउंड का इंटरव्यू लिया तथा इनकी तकनीकी दक्षता को देखते हुए इनको यह जॉब का ऑफर दिया।

संक्षेप

## छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष को मारपीट कर किया घायल

**कसया, कुशीनगर।** थानाक्षेत्र अंतर्गत कसया - गोरखपुर मार्ग पर लोहियवा पुल के समीप कुछ लोगों ने बुद्ध स्नातकोत्तर महा विद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष फिल्म बाबा उर्फ शत्रुघ्न पाण्डेय को मार पीटकर घायल कर दिया। उक्त आशय की तहरीर मुकामी पुलिस को देकर तीन अज्ञात अभियुक्तों पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। नपा कुशीनगर के ग्राम झुंगवा निवासी श्री पांडेय ने थानाध्यक्ष कसया को तहरीर देकर बताया है कि प्रार्थी बीते सोमवार की रात में करीब 11 बजे नेवता से लौटकर अपने घर झुंगवा जा रहा था। जैसे ही लोहियवा पुल और ओम होटल के बीच में पहुंचा तीन अज्ञात आदमी हमको पकड़ कर बेल्ट और धारदार हथियार से मार पीटे हैं। जिसके कारण बाएं कूल्हे पर कटा है। आंख के नीचे, हाथ, उंगली, पीठ पर चोटें आई है। पीड़ित ने बताया कि यह साजिश के तहत किया कराया गया है। मेरे शोर मचाने पर जब लोग जुटे तो वह लोग भाग गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया में इलाज और मुलाहिजा कराकर करवाई हेतु तहरीर दे रहा हूं। इस घटना को लेकर लोग सहम गए हैं। नगर में कई तरह की चर्चा चल रही है। लोगों ने बताया कि इस लोहियवा पुल के समीप कई घटनाएं घट गई हैं। ऐसे लोगों को चिन्हित कर करवाई किया जाना चाहिए।

## जनसुनवाई में अमेठी जिला अयोध्या मंडल में नम्बर एक पर

**अमेठी।** आई जी आर एस पोर्टल की शिकायतों के निस्तारण के मामले में जनपद अमेठी अयोध्या मंडल में प्रथम और प्रदेश में छठवें स्थान पर है।डी एम संजय चौहान ने सभी विभागों के अधिकारियों को रैंकिंग बरकरार रखने के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर जनशिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित विश्वकर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के प्रभावी निर्देशन में जनपद अमेठी ने क्क्ष्त्र जनसुनवाई के अंतर्गत माह जनवरी 2026 में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवधि में अमेठी ने मंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रदेश स्तर पर छठा स्थान हासिल करते हुए जनपद ने टॉप-10 में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए रखी है। उन्होंने बताया कि माह जनवरी 2026 में जनपद को कुल 5761 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। उल्लेखनीय है कि इस अवधि में जनपद में डिफाल्टर की संख्या शून्य रही। साथ ही, माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा किसी भी शिकायत को ह्यउद्ध श्रेणी में नहीं रखा गया, जो शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता को दर्शाता है। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने आगे बताया कि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रतिदिन रैंडम आधार पर शिकायतकताओं से संवाद करते हैं। यदि किसी प्रकरण में गुणवत्तापूर्ण आख्या नहीं पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी से तत्काल वार्ता कर दोबारा जांच कराई जाती है, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्टि प्रतिशत में निरंतर वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी द्वारा भी प्रतिदिन शिकायतकताओं से संपर्क कर आख्याओं की गुणवत्ता की समीक्षा की जा रही है, जिससे जनसुनवाई व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनी है।

# नहीं मिला न्याय तो युवक टॉवर पर चढ़ा, घंटों चला वोल्टेज ड्रामा

### कापी मान-मनौब्ल के बाद रामभजन टावर से नीचे उतरा

जिला संवाददाता (vol)



**कुशीनगर।** गरीब, अशिक्षित और कमजोर महिला की जमीन-मकान पर धोखाधड़ी का मामला मंगलवार को उस वक्त भयावह हो गया, जब पीड़िता के पति ने न्याय की गुहार लगाते-लगाते मोबाइल टावर पर चढ़कर जान देने की चेतावनी दे डाली। जनपद के विशुनपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम गौरी श्रीराम धुला टोला में हुए इस घटनाक्रम से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और प्रशासनिक अमला घंटों हलकान रहा।

पीड़िता सुलेखा देवी पत्नी रामभजन का आरोप है कि उसकी गरीबी, भोलेपन और अल्पबुद्धि का फायदा उठाकर गांव के सुशील प्रजापति पुत्र गणेश प्रजापति ने उसे बहला-फुसलाकर कचहरी ले जाकर उसकी आबादी की जमीन पर बने मकान का बैनामा करा लिया। मामला आराजी संख्या 2538 का है, जहां पहले केवल 2 डिसमिल जमीन का सौदा तय हुआ था, लेकिन कथित रूप से धोखे से 4 डिसमिल का बैनामा करा लिया गया।

सुलेखा देवी का कहना है कि जब उसे इस धोखाधड़ी की जानकारी हुई तो उसने खरीदार के पति से संपर्क किया। आरोप है कि 4 लाख 50 हजार रुपये वापस करने पर मकान सहित जमीन लौटाने का भरोसा दिया गया। पीड़िता ने किसी तरह कर्ज लेकर पूरी रकम लौटा दी, इसके बावजूद बैनामा सुदा मकान वापस नहीं किया गया। उल्टे, क्रेता पक्ष द्वारा घर से बेदखल करने और जबरन कब्जा करने की धमकियां दी जाने लगीं। न्याय के लिए दर-दर भटकने के बाद भी सुनवाई न होने से टूट चुके परिवार का सब्र मंगलवार को जवाब दे गया। पीड़िता का पति रामभजन मोबाइल टावर पर चढ़ गया और कहने लगा ह्यया तो इंसाफ मिलेगा, नहीं तो मेरी जान चली जाएगी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंचा। गांव में भारी भीड़ जुट गई। घंटों चले समझाने-बुझाने और कार्रवाई के आश्वासन के बाद रामभजन को सुरक्षित नीचे उतारा गया।

पीड़िता सुलेखा देवी ने मुख्यमंत्री को संबोधित प्रार्थना पत्र में पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच, धोखाधड़ी से कराए गए बैनामा को निरस्त करने और मकान वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

# पेट से कीड़े निकालने के लिए दवा सेवन जरूरी

जिला संवाददाता (vol)

**देवरिया।** जिले में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) मनाया गया। इसके तहत 1 से 19 वर्ष तक के लाभार्थियों को पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाई गई। जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी व सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने शहर के पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज में अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्राओं के साथ दवा का सेवन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वहीं जिले के पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) गठित ब्लाकों में पीएसपी सदस्यों ग्राम प्रधान, सीएचओ, एएनएम, शिक्षक, आशा, आंगनबाड़ी, फाइलेरिया मरीजों ने अभियान में सभागिता निभाते हुए विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दवा के फायदे बताकर कृमि नाशक दवा का सेवन कराया। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

कार्यक्रम के जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी ने कहा कि पेट में कृमि संक्रमण को रोकने के लिए पेट से कीड़े निकालने की दवा खाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिले के करीब 17 लाख से अधिक लाभार्थियों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। जो लाभार्थी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर दवा का सेवन नहीं कर सके हैं, उन्हें 13 को माप अप राउंड के दौरान दवा खिलाई जाएगी। जिले के सरकारी स्कूलों, निजी स्कूलों और सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाभार्थियों को पेट से कृमि निकालने की दवा खिलाई जानी है। सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ आदतों का विकास करके भी कृमि संक्रमण से बचा जा सकता है। शरीर में कृमि संक्रमण के कारण खून की कमी, कुपोषण, थकावट व बीमारी एवं कमजोरी की दिक्कत हो जाती है। इससे बचाव के लिए प्रत्येक छह माह में खिलाई जाने वाली दवा पूरी तरह से सुरक्षित है। इसी क्रम में 10 फरवरी को दवा खिलाई गई है। उन्होंने कहा कि अभियान में किसी कारण दवा न खाने वाले लाभार्थियों के अभिभावक, उनसे जुड़े शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उन्हें 13 फरवरी को मॉप अप राउंड के दौरान इस दवा का सेवन अवश्य करवा दें। इस मौके पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अजीत, डिप्टी सीएमओ डॉ आरपी यादव, डॉ अश्विनी पाण्डेय, डॉ हरेंद्र कुमार, डीएमओ सीपी मिश्रा, डीपीएम पूनम, विश्वनाथ मल्ल सहित विद्यालय के शिक्षक और छात्राएं आदि मौजूद रहे।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन हुआ



**बरहज,देवरिया।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बरहज पर आयोजित हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि बरहज ब्लॉक प्रमुख सुभाष प्रसाद ने किया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीइओ बरहज राजेश कुमार यादव ने कहा हमारे आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन का मुख्य उद्देश्य जन समुदाय को निपुण लक्ष्य और मूलभूत साक्षरता के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम को एडीओ पंचायत बरहज मदन मोहन पाठक ने कहा कि विकास विभाग से संबंधित योजना में हर स्तर से सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रत्येक न्याय पंचायत से बाल वाटिका और आंगनबाड़ी के पांच पांच बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजीव कुमार दुबे ने किया। इस दौरान उमेश चंद, एआरपी मुकेश कुमार, नौशाद, गोरखनाथ यादव, विजय प्रताप, हरेंद्र सिंह, आशुतोष शाह, सुशील यादव, धनंजय सिंह, विनय पांडेय,संतोष कुमार, संजय प्रजापति, ललिता देवी, अमृता मिश्रा, पूनम, दीपक जायसवाल, अजय यादव, सुमन गुड़िया, शांति प्रिया,सुषमा, प्रशांत जायसवाल, हनुमान आदि उपस्थित रहे।

## यातायात पुलिस का चला चेकिंग अभियान 129 वाहनों का ई चालान, 2 वाहन सीज

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक श्री संजीव सुमन के निर्देशन में आज यातायात प्रभारी देवरिया श्री गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर कोतवाली क्षेत्र के ई-रिक्शा वाहनों की चेकिंग की गयी, वैध कागजात वाले ई-रिक्शा वाहनों पर नंबरिंग की गयी एवं गोरखपुर ओवरब्रिज, कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड एवं बस स्टैंड पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले अनुबंधित बस, ऑटो एवं ई-रिक्शा वाहनों के विरुद्ध चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी। न्यू कॉलोनी स्थित डॉक्टर गुलाम रसूल , आस्था हॉस्पिटल एवं साकेत नगर स्थित डॉक्टर दाऊद अंसारी के सामने नो पार्किंग में खड़े वाहनों में चालान किया गया। इस प्रकार अभियान के दौरान यातायात पुलिस देवरिया द्वारा कुल 129 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों को सीज किया गया।

## देवरिया की नेहा गुप्ता ने अंडर-17 कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतकर बढ़ाया जिले का मान



**बरहज,देवरिया।** बंजरिया गांव के अनिरुद्ध मद्धेशिया की छोटी पुत्री नेहा गुप्ता ने वाराणसी में आयोजित उत्तर प्रदेश कुश्ती एसोसिएशन की अंडर-17 प्रदेश स्तरीय महिला कुश्ती प्रतियोगिता में 65 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र सहित जिले का नाम रोशन किया है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ नेहा ने एक बार फिर राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। नेहा ने जिले की टीम से प्रतिभाग किया और फाइनल मुकाबले में बागपत जिले की वंशिका पहलवान को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रदेश टीम में चयन के साथ ही नेहा राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी नेहा की इस उपलब्धि पर स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी (यूथ ब्रिगेड) के संस्थापक व मध्यदेशीय वैश्य महासभा रक्तदान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय युवा संयोजक सन्तोष मद्धेशिया वैश्य, प्रदेश कोषाध्यक्ष विनोद मद्धेशिया, प्रदेश संगठन महामंत्री मनोज मद्धेशिया, पूर्व युवा प्रदेश महामंत्री अभिषेक गुप्ता, जिलाध्यक्ष द्वारिका मद्धेशिया, महामंत्री भगवानदास मद्धेशिया, युवा जिलाध्यक्ष बिट्टू मद्धेशिया, महामंत्री मनीष मद्धेशिया, कोषाध्यक्ष शुभम मद्धेशिया, दिनेश गुप्ता एवं सूरज मद्धेशिया सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है नेहा के पिता अनिरुद्ध मद्धेशिया परिवार के भरण-पोषण के लिए पटना में फल बेचने का कार्य करते थे जो कुछ महीनों से बंद हो गया है। कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए उन्होंने अपनी तीनों बेटियों की शिक्षा और खेल प्रशिक्षण में कभी कमी नहीं आने दी। पिता के संघर्ष और बेटी की मेहनत का यह परिणाम आज पूरे क्षेत्र और जिले के लिए गर्व का विषय बन गया है ।

# इंटरनेट दिवस पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित



**देवरिया।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार तथा उप्र शासन के निदेशों के क्रम में जनपद देवरिया में 10 फरवरी, 2026 को Safer Internet Day–2026 के अवसर पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन विकास भवन स्थित गांधी सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला में सीडीओ राजेश कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कृष्णानंद यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी तथा अन्य प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इस वर्ष Safer Internet Day–2026 की थीम Smart Tech, Safe Choices – Exploring the Safe and Responsible Use of AI निर्धारित की गई थी। कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, देवरिया कृष्णानंद यादव ने साइबर सुरक्षा, साइबर हाइजीन, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) के सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण प्रयोग से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यशाला में साइबर सेल के शिवमंगल यादव द्वारा साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। उन्होंने साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों, उनसे बचाव, सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार तथा साइबर अपराध की स्थिति में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लकृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल तकनीकों का सकारात्मक और सुरक्षित उपयोग विकास की गति को तेज करता है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम शासकीय कार्मिकों एवं आमजन को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में सहायक होते हैं। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आमजन एवं शासकीय कार्मिकों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता व संवेदनशीलता विकसित करना रहा। जिला प्रशासन द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों को डिजिटल इंडिया के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार सिंह, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राजीव, जिला कार्यक्रम अधिकारी आदीश मिश्रा, डीसी एनआरएलएम आदि मौजूद रहे।

## जिले में दो माह के लिए धारा 163 लागू, कानून व्यवस्था बनाये रखने को निषेधाज्ञा प्रभावी

**देवरिया।** अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह ने बताया है कि जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आगामी अवधि में पर्वों, संभावित भीड़ एवं परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के अंतर्गत दो माह के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार पूर्व में लागू निषेधाज्ञा को अवक्रमित करते हुए 10 फरवरी 2026 से 09 अप्रैल 2026 तक पूरे जनपद में प्रतिबंध प्रभावी रहेगा। जारी निर्देशों के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जाएगा, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। किसी भी धार्मिक स्थल को क्षति पहुंचाने, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा भड़काऊ पोस्टर, नारे, संदेश या सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र या विस्फोटक पदार्थ लेकर चलना वर्जित होगा। हालांकि यह प्रतिबंध सिख समुदाय के व्यक्तियों द्वारा कृपाण धारण करने तथा वृद्ध, दिव्यांग, बीमार या दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लाठी के प्रयोग पर लागू नहीं होगा। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्रित करने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग तथा मोबाइल फोन, ब्लूटूथ या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर रोक रहेगी। परीक्षा अवधि में फोटोस्टेट एवं स्कैनर आदि के संचालन पर भी प्रतिबंध लागू रहेगा, जिससे परीक्षाएं निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा सकें। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि यह आदेश एहतियातन और जनहित में तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय अपराध माना जाएगा।

# किसान सगोष्ठी में दी गयी उन्नत खेती की जानकारी



जिला संवाददाता (vol)

**कुशीनगर।** फाजिलनगर ब्लाक के ग्राम विशुनपुर कला में अवध शुगर एण्ड एनर्जी लि. ढाढा, कुशीनगर के द्वारा किसान सगोष्ठी की गई।

जिसमें मुख्य राजस्व अधिकारी देवरिया , उप जिला अधिकारी देवरिया, जिला गन्ना अधिकारी देवरिया, वरिष्ठ गन्ना निरीक्षक देवरिया, अधिशाषी उपाध्यक्ष गन्ना रवींद्र सिंह, उप महाप्रबंधक गन्ना संजय सिंह, गन्ना समिति देवरिया के चेयरमैन अवधेश सिंह, उप गन्ना प्रबंधक राजेश मौर्या, कृषि वैज्ञानिक विनय मिश्रा ने किसानों से अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना बुवाई करने गन्ने से अधिक उत्पादन प्राप्त करने एवं नई तकनीक की जानकारी, नई गन्ना प्रजातियां, 4 फुट पर गन्ना बुआई, गन्ने के साथ सह फसली खेती,बीज उपचार,भूमि उपचार, गन्ना कटाई हार्वेस्टिंग मशीन के बारे में,ट्राइकोडर्मा का प्रयोग विधि के बारे में, संतुलित खाद उर्वरक डालने के बारे में, रोग बीमारी से बचाव हेतु दवाई आदि विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अधिशाषी उपाध्यक्ष गन्ना रवींद्र सिंह के द्वारा सभी किसानों से अनुरोध किया गया कि अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना बुआई करे, अपना बीज अवश्य रोके, और चीनी मिल द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे विस्तार से बताया गया। क्षेत्रीय इन्चार्ज दीपाकर यादव, राहुल कुमार, रवींद्र यादव, विष्णुकान्त मिश्रा, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे । इसके अलावा किसान नेता विनय सिंह सैथवार, मदन चौहान, श्याम देव राय, संजय पांडे मैनेजर सिंह रामकेवल सिंह ग्रुप फेकन सिंह प्रमोद सिंह उमेश राय महेश राय चंद्रमणि यादव दिग्विजय नारायण कुशवाहा लल्लन कुशवाहा कुशवाहा सुशील सिंह आदि किसान उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनों की कला और कौशल का प्रदर्शन, दो दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित

**देवरिया।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से वैष्णवी सेवा शिक्षण संस्थान, उमानगर, देवरिया द्वारा राज्य निधि के अंतर्गत दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों, कलाकृतियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रदर्शन हेतु दो दिवसीय ह्यदिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनीह्ण का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) प्रांगण में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चन्द्र तिवारी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कुल 12 स्टॉल लगाए गए, जिनमें दिव्यांगजनों द्वारा तैयार हस्तशिल्प, उपयोगी उत्पाद एवं विभिन्न कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी के दौरान खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी कला और कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, प्रधानाचार्य स्पर्श इंटर कॉलेज लाल डिग्गी गोरखपुर तथा प्रधानाचार्य संकेत राजकीय मूक-बधिर बालिका इंटर कॉलेज कुशीनगर सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बलिया, आजमगढ़, बस्ती, गोरखपुर एवं देवरिया जनपद की विभिन्न संस्थाओं ने भी अपने-अपने स्टॉल लगाकर दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित सामग्रियों का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने स्टॉलों का अवलोकन कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान केतहत दुदही विकास खण्ड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कुशीनगर।** भारत सरकार द्वारा दिये गए निर्देश के क्रम में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम के संचालन हेतु प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 10 फरवरी, 2026 को जनपद के दुदही विकास खण्ड कार्यालय परिसर में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश कुमार राय, खण्ड विकास अधिकारी, दुदही द्वारा की गई।कार्यक्रम के दौरान हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन टीम के डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर नलिन सिंह द्वारा बाल विवाह विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बाल विवाह के दुष्परिणामों से आमजनमानस को अवगत कराते हुए अपने बच्चों का बाल विवाह न करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही यह भी अपील की गई कि यदि किसी को कम उम्र (लड़का-21 वर्ष, लड़की-18 वर्ष से कम) में विवाह की जानकारी हो, तो इसकी सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, 112 अथवा 181 पर दें।इस अवसर पर श्रीमती रीता यादव, केन्द्र प्रशासिका, वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिला कल्याण विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे–निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र लाभार्थियों से इन योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में मानस मिश्रा द्वारा प्रदेश में संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों–चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं 102–की जानकारी देते हुए उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन जिला विकास परियोजना अधिकारी द्वारा विकास खण्ड परिसर में वृक्षारोपण कर किया गया। उक्त की जानकारी जिला प्रोवेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी द्वारा दी गई।

# दंगल प्रतियोगिता में जावेद गनी ने जगीरा पहलवान को दी शिकस्त

**जगदीशपुर,अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्वर्गीय राम लखन उपाध्याय की स्मृति में मंगलवार को जगदीशपुरझ्अयोध्या फोरलेन मार्ग के निकट भागीरथपुरम (रानीगंज) में राज्य स्तरीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देश और प्रदेश के नामी-गिरामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। दंगल स्थल पर सुबह से ही कुश्ती प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा क्षेत्र मेले जैसा नजर आया। प्रतियोगिता में उत्तराखंड, हरियाणा, अयोध्या व बिहार सहित विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों ने अखाड़े में दमखम दिखाया। प्रारंभिक मुकाबलों से ही दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा। उत्तराखंड के कुंभकरण पहलवान और अयोध्या की हनुमानगढ़ी से आए बाबा काशीनाथ पहलवान के बीच हुआ मुकाबला काफी रोचक रहा। दोनों पहलवानों ने लंबे समय तक एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, अंततः बाबा काशीनाथ ने कुंभकरण पहलवान को पराजित कर जीत दर्ज की। दिन का सबसे रोमांचक और बहुप्रतीक्षित मुकाबला तब देखने को मिला जब देश के प्रसिद्ध पहलवान जावेद गनी अखाड़े में उतरे। जैसे ही जावेद गनी मैदान में आए, दर्शकों ने तालियों और नारों से उनका जोरदार स्वागत किया। उनका मुकाबला हरियाणा के चर्चित पहलवान जगीरा पहलवान से हुआ। दोनों पहलवानों के बीच चली कुश्ती ने दर्शकों की सांसें थाम दीं। कई मिनटों तक चले दांव-पेंच के बाद जावेद गनी ने शानदार रणनीति का परिचय देते हुए जगीरा पहलवान को जबरदस्त पटकनी दी और चारों खाने चित कर दिया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही पूरा दंगल स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। आयोजन की सफलता पर आयोजक शिवनरेश उपाध्याय एवं शिवम उपाध्याय ने दूर-दराज से आए सभी पहलवानों, अतिथियों और कुश्ती प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

# मंदिर परिसर में सात जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न

**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर विकास खण्ड के बड़हरा स्थित श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सामूहिक कन्या विवाह समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में सोमवार को सात जोड़े वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह के बंधन में बंध गए। शाम के समय आयोजन समिति की ओर से सभी दुल्हनों को गृहस्थी बसाने के लिए आवश्यक घरेलू सामान भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई की गई।

बारह वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे इस सामूहिक विवाह समारोह में सोमवार सुबह करीब दस बजे विभिन्न क्षेत्रों से सात बारातें मंदिर परिसर पहुँचीं, जहाँ आयोजकों द्वारा पारंपरिक विधि से सभी बारातियों का स्वागत किया गया। इसके बाद सभी नवयुगलों को मंदिर परिसर में बने विवाह मंडप में पहुँचाया गया, जहाँ विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह संस्कार संपन्न कराया। इस दौरान महिलाओं



द्वारा गाए गए मंगल गीतों ने समारोह को और अधिक भव्य बना दिया। भाजपा शिक्षण प्रकोष्ठ संस्थान के क्षेत्रीय प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में सहयोग और समानता की भावना को मजबूत करते हैं। विवाह संपन्न होने के बाद सभी नवविवाहित जोड़ों को मंच पर आमंत्रित किया गया। बार बधू के वैवाहिक जीवन की भाजपा नेता इंद्रजीत कुशवाहा, सेंट जोसेफ स्कूल के डायरेक्टर सीओ जोश, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला, जूनियर शिक्षक संघ की प्रांतीय संयुक्त मंत्री कलमदानी सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता केदार सिंह, विजय यादव, चौरा खास व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास पाण्डेय, नंदलाल विद्रोही, समाजसेवी सत्यप्रकाश पाण्डेय ने शुभकामनाएं दी। संचालन मजीबूल्लाह राही ने किया। अध्यक्षता आयोजन समिति के संरक्षक पृथ्वीपाल सिंह ने की। क्षेत्रीय लोकगायक मैतुल मस्ताना, दीपक कुमार एवं प्रीति कुशवाहा की टीम द्वारा प्रस्तुत विवाह गीतों ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। विवाह सूत्र के बंधन में जितेंद्र प्रसादझ्सोनी, सत्येंद्र कुमारझ्सुनैना, प्रताप नारायण यादवझ्संतरा, भीम गौड़झ्बबीता, लालमोहन राजभर, संगीता, नीरज प्रसादझ्वर्षा तथा राघवेंद्र प्रसाद गौड़झ्सावित्री बंधे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद सिंह, प्रेम पाण्डेय, रमाकांत गुप्ता, रामप्रवेश सिंह, लल्लन कुशवाहा, अनिल सिंह, अंजय वरनवाल, तेजप्रताप सिंह, हरेश गोंड, राहुल कुशवाहा सहित अनेक लोगों की भूमिका सराहनीय रही।

## प्राथमिक वजूनियर स्तर के नोडल शिक्षकों की तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**लालगंज, रायबरेली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र लालगंज द्वारा आयोजित प्राथमिक एवं जूनियर स्तर के नोडल शिक्षकों की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बैसवारा पीजी कॉलेज के प्रशिक्षण हाल में किया गया। इस शारदा प्रशिक्षण का उद्देश्य संचयी 30 दिनों तक या परीक्षाओं में 35 प्रतिशत से कम अंक पाने वाले बच्चों को आउट ऑफ स्कूल बच्चे मानकर उनके शिक्षण कार्य हेतु एक संघनित पाठ्यक्रम का विकास किया गया है जिसको तय समय में बच्चों को पढ़ना होगा। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए निरंजन राय प्राचार्य बैसवारा पी.जी कॉलेज लालगंज ने कहा कि शिक्षकों के सामने दोहरी चुनौतियां हैं एक तरफ विद्यालय में बच्चों को निपुण भी बनाना है दूसरी तरफ एसआईआर व बीएलओ जैसे भी महत्वपूर्ण कार्य आप द्वारा जिम्मेदारी से किये जाने हैं। बच्चे हमारे विद्यालय की आत्मा होते हैं उनको अच्छा नागरिक बनाना हम सभी का दायित्व हैं। शिक्षकों को संबोधित करते हुए राजीव कुमार ओझा खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज ने कहा कि हमें इस प्रशिक्षण को शत प्रतिशत विद्यालय में लागू करना है।

संक्षेप

## पुलिस ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार

सकरन/सीतापुर। सकरन पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान चोरी में वांछित एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का माल और एक अवैध असलहा बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी पर सीतापुर और खीरी जनपद में करीब दस मुकदमे दर्ज हैं। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश पर एसआई रामनारायण द्विवेदी व पुलिस टीम ने ओडाझार मोड़ के पास संदिग्ध को रोका तो वह भागने लगा, जिसे पकड़ लिया गया। तलाशी में एक अवैध असलहा, एक हाथ फूल, दो जोड़ी पायल और चार जोड़ी बिछुआ बरामद हुए। आरोपी ने भंगहा गांव में चोरी की घटना स्वीकार की। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ

सीतापुर। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ विशम्भर नारायण इंटर कॉलेज में कार्यक्रम नोडल अधिकारी एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विकास मिश्रा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित बच्चों को शिक्षकों की मौजूदगी में एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। अर्बन चिकित्सक डा. शानू कुमार ने बताया कि 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण और शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर यह अभियान चलाया जा रहा है। नोडल अधिकारी डा. विकास मिश्रा ने बताया कि कृमि संक्रमण से दस्त, पेट दर्द, कमजोरी, उल्टी व भूख न लगने जैसे लक्षण होते हैं, जिनसे बचाव के लिए एल्बेंडाजोल की सही खुराक जरूरी है। यह अभियान जनपद के सभी 19 ब्लॉकों व शहरी क्षेत्र में संचालित किया जा रहा है, जिसमें 21,40,939 बच्चों को दवा देने का लक्ष्य है। मॉप-अप दिवस 13 फरवरी को मनाया जाएगा।

## भागवत कथा श्रवण से होता है पीढ़ियों का उद्धार

सीतापुर। श्री अनामी ज्योति आश्रम वाटिका में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस कथा व्यास पंडित अखिलेश महाराज ने भगवान शिव एवं मां पार्वती द्वारा भागवत कथा श्रवण के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से कई पीढ़ियों का उद्धार हो जाता है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। कथा के दौरान कलियुग के प्रारंभ होने का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम में मुख्य यजमान माया बेन पांड्या, बरसा बेन एवं रेखा ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर आश्रम प्रांगण स्थित श्री सत्येश्वर महादेव का रुद्राभिषेक भी संपन्न कराया गया। कथा में दिलीप भाई त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भागवत कथा का श्रवण किया।

## तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा, एक की मौत

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। शादी का सामान लेने निकला 14 वर्षीय किशोर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया। सड़क सुरक्षा की अनदेखी ने अंततः उसकी जान ले ली। प्रिंस 14 पुत्र बुद्दीलाल, निवासी ग्राम बैरी, पोस्ट दयालपुर, थाना निगोहां, जिला लखनऊ, अपने बहनोई संजय कुमार रावत ग्राम घूरखेत के साथ बाइक से घर में शादी होने के कारण कुछ सामान लेने मंगतखेड़ा जा रहा था। अभी वह खरगी खेड़ा पुल के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे ट्रक ने पीछे से बाईक पर सीधी टक्कर मार दी जिससे दोनों लोग घायल होकर सड़क पर गिर गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक तेज रफ्तार में था और चालक ने न तो हॉर्न दिया और न ही गति नियंत्रित की। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन एम्बुलेंस की मदद से घायलों को पहले बिछिया सीएचसी ले गये जहां प्रिंस की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिला अस्पताल से भी गम्भीर हालत को देखते हुए हैलट अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गयी। ट्रक ड्राइवर ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक प्रिंस दो भाइयों में छोटा था। बड़ा भाई अंकित, बहन सुनहरी, माता सीमा और पिता बुद्दीलाल बदहवास हैं। गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है।

# मासूम की निर्मम हत्या, गांव में मचा कोहराम

जिला संवाददाता(vol)



दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका



सकरन/सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया।

घर से खेलने के लिए निकली पांच वर्षीय मासूम बच्ची का शव चार घंटे बाद पड़ोस के एक खाली पड़े घर में चारपाई पर पड़ा मिला। मासूम के गर्दन और शरीर पर गंभीर चोट के निशान थे, जबकि कपड़े अस्त-व्यस्त थे। इस हृदयविदारक दृश्य को देखकर परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है। घटना बिसवां कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चैकी सांडा अंतर्गत काजीपुर गांव की है। गांव निवासी रामसरन भार्गव की पांच वर्षीय पुत्री संध्या सोमवार शाम करीब पांच बजे घर से खेलने के लिए निकली थी। देर रात नौ बजे तक वापस न लौटने पर परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश खेतों, रास्तों और आसपास के इलाकों में करते रहे। इसी दौरान गांव के प्रमोद व पंकज ने गांव निवासी रमेश गौतम के खाली पड़े घर में छप्पर के भीतर एक चारपाई पर संध्या का शव देखा। यह सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। रात करीब दस बजे पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद एएसपी दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह, सीओ बिसवां अमन सिंह समेत सकरन, तंबौर और रेउसा थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। देर रात 11:10 बजे एसपी अंकुर अग्रवाल भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। मंगलवार सुबह फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मृतका के पिता रामसरन की तहरीर पर मंगलवार सुबह मुकदमा दर्ज कर शव का पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एहतियातन गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

मृतका के पिता रामसरन ने रोते हुए बताया कि सोमवार को पास के सोहरिया गांव में साप्ताहिक बाजार लगा था। बेटी सुबह से ही बाजार से मछली लाने की जिद कर रही थी। इसी कारण शाम करीब पांच बजे वे मछली खरीदने बाजार चले गए। जब वे वापस लौटे तो संध्या घर पर नहीं मिली। इसके बाद ग्रामीणों के साथ मिलकर उसकी तलाश शुरू की। देर रात पड़ोस के एक खाली पड़े घर में बेटी का शव मिलने की सूचना मिली, जिसने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया।

## सक्षम संस्था ने कराया 276वां नेत्रदान



सीतापुर। शहर के लोहार बाग निवासी राजेश धवन पुत्र स्व. जगन्नाथ प्रसाद धवन के निधन के बाद उनके परिवार ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए नेत्रदान का पुण्य कार्य किया। सक्षम संस्था के मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल ने बताया कि रविवार को निधन के बाद परिजनों पारस धवन, लव धवन एवं प्रदीप धवन ने स्वयं आगे बढ़कर सक्षम संस्था से संपर्क किया और नेत्रदान कराने की इच्छा जताई। सूचना मिलते ही आंख अस्पताल सीतापुर से डॉक्टरों की टीम राजेश धवन के निवास पर पहुंची, जहां पूरी प्रक्रिया के तहत उनकी दोनों कॉर्निया सुरक्षित की गईं। ये कॉर्निया दो जरूरतमंद लोगों को निशुल्क प्रत्यारोपित की जाएंगी, जिससे उन्हें फिर से इस दुनिया को देखने का अवसर मिलेगा। संस्था के अध्यक्ष संदीप भरतिया ने कहा कि जो लोग जाते-जाते दूसरों को रोशनी दे जाते हैं, वे समाज के लिए प्रेरणा बन जाते हैं। महामंत्री मुकेश अग्रवाल ने लोगों से इस मुहिम से जुड़ने की अपील की। वहीं सुभाष अग्निहोत्री ने नेत्रदान को परंपरा बनाने का संकल्प दिलाया। संस्था के अक्षत अग्रवाल ने बताया कि यह सक्षम संस्था द्वारा कराया गया 276वां नेत्रदान है।

## आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में तहसील को लगातार चौथी बार प्रदेश में प्रथम स्थान

सीतापुर। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में लहरपुर तहसील ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में लगातार चौथी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने बताया कि माह जनवरी में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त 304 प्रार्थना पत्रों में से 300 का गुणवत्ता के आधार पर निस्तारण किया गया। शत-प्रतिशत निस्तारण के लक्ष्य को प्राप्त करने पर प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में लहरपुर तहसील को पहला स्थान मिला है। उन्होंने बताया कि आईजीआरएस के साथ-साथ तहसील कार्यालय में नियमित जनसुनवाई कर प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जाता है। वहीं सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का भी निर्धारित समय-सीमा में त्वरित निस्तारण कर पीड़ितों को राहत पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

## भागवत कथा में भक्तिमय वातावरण दिखा

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के गांव नरीगाड़ा में चल रही भागवत कथा में कथावाचक माता भुवनेश्वरी देवी शक्ति पीठ के महंत आचार्य नीरज स्वरूप ब्रह्मचारी ने भक्तों को कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान के चरित्र और कार्यों को सुनना भी भक्ति का एक उपाय है। हमारे संत महात्माओं ने भक्तों को ईश्वर की शक्ति सुनाकर उनका कल्याण किया है। गांव में अंजनी कुमार और सोनू के घर सात फरवरी से तेरह फरवरी तक चलने वाली भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास ब्रह्मचारी ने भागवत कथा के महात्म और भगवान श्री कृष्ण के जन्म के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि जब जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है तब भगवान अवतरित होकर अत्याचारियों का अन्त करके पृथ्वीवासियों की रक्षा करते हैं। कंस शिशुपाल जैसे अत्याचारियों और पूतना जैसी राक्षसी एवं राक्षसों का अन्त करने के लिए श्री कृष्ण जी ने जन्म लेकर सबकी रक्षा की। आयोजक सोनू विश्वकर्मा ने भक्तों में प्रसाद वितरण की व्यवस्था की और बताया कि चौदह फरवरी को समापन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## प्री-मेगा लोक अदालत शिविर का आयोजन



फतेहपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (उछरअ), फतेहपुर के सचिव ने बताया कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण NALSA नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण UPSLSA लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद में आगामी मेगा शिविर (बृहद सहायता शिविर) का आयोजन किया जाना है। इसकी तैयारी के क्रम में जनपद न्यायाधीश एवं DLSA फतेहपुर के अध्यक्ष के निर्देश पर आज तहसील खागा के सभागार में प्री-मेगा शिविर का सफल आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहपुर के सचिव के साथ ही जिला प्रोबेशन कार्यालय, जिला चिकित्सा विभाग, पशुपालन विभाग, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, रेशम विभाग, जिला खाद्य एवं रसद विभाग, खनन विभाग, राजस्व विभाग, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, जिला उद्योग केंद्र, मत्स्य पालन विभाग, सहायक श्रमायुक्त श्रम विभाग, नगर पालिका परिषद फतेहपुर तथा वन स्टॉप सेंटर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मेगा शिविर में लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करना था। उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित लाभार्थियों का चिन्हांकन किया तथा उन्हें संबंधित पोर्टल पर तत्काल पंजीकृत कराया। इससे मेगा शिविर में होने वाले लाभ वितरण को सुचारू और पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी ।उछरअ सचिव ने बताया कि मेगा शिविर में विधिक सहायता, पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, दिव्यांग पेंशन, श्रमिक रजिस्ट्रेशन, उद्योगिक ऋण, मत्स्य बीमा, पशु चिकित्सा सुविधाएं तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाए जाएंगे। खागा तहसील के ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे दूरदराज के निवासियों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं मिल सकेंगी, जो एक क्रांतिकारी कदम है ।कार्यक्रम में सैकड़ों लाभार्थी शामिल हुए, जिन्हें प्रारंभिक सहायता प्रदान की गई। उछरअ फतेहपुर ने आगामी मेगा शिविर की तिथि एवं स्थान की घोषणा शीघ्र करने का आश्वासन दिया है ।यह विस्तारित संस्करण मूल जानकारी को स्पष्ट, आकर्षक और समाचार शैली में प्रस्तुत करता है, जिसमें संरचना, अतिरिक्त विवरण जैसे योजनाओं के उदाहरण और ग्रामीण प्रतिक्रिया जोड़ी गई है।

## 130 गांवों की आवाज बनी आंदोलन प्रशासन को सौंपा गया ज्ञापन



सीतापुर। सीतापुर जनपद की ग्रामसभा मिरचौड़ी स्थित सरायं नदी पर हरैया घाट पुल के निर्माण की मांग को लेकर एक बार फिर जनआंदोलन तेज होता दिख रहा है। वर्षों से लंबित इस पुल निर्माण को लेकर जिला पंचायत सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष सुनीता चैधरी, रत्नम राठौर, सरोजनी गौतम और शिखा बर्मा के नेतृत्व में आज सीतापुर में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते हुए सुनीता चैधरी ने बताया कि पुल के अभाव में करीब 130 ग्रामसभाओं और लगभग 10 हजार की आबादी को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में नदी उफान पर आ जाती है, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है। इस अवसर पर सरोजनी गौतम ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र पुल निर्माण शुरू नहीं हुआ तो सैकड़ों नागरिक ह्लजल सत्याग्रहह्व करने को मजबूर होंगे। वहीं शिखा बर्मा ने कहा कि यदि प्रशासन ने समस्या का तत्काल समाधान नहीं किया तो मिरचैड़ी से राजभवन, लखनऊ तक पैदल मार्च किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान रत्नम राठौर ने प्रशासन से जनहित को सर्वोपरि रखते हुए हरैया घाट पुल का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। गौरतलब है कि पुल न होने के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, रोजगार और दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस मौके पर सीतापुर सांसद राकेश राठौर के प्रतिनिधि अक्षय भी मौजूद रहे और उन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान को लेकर प्रशासन के समक्ष अपने सुझाव रखे।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन

पुरवा, उन्नाव। सीएचसी में फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वजन दवा वितरण हुआ। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें पहुंचे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दीपांशु चौधरी द्वारा सर्वजन दवा वितरण की गई। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी अर्चना मिश्रा, व मलेरिया निरीक्षक सुचिता अग्निहोत्री, बीसीपीएम इसहाक अली आदि लोग रहे।




## एक ईंट एक रुपया...और बस गईं पांच जिंदगियां

सीतापुर। रजवाड़ा लॉन में मंगलवार को कुछ अलग ही रौनक थी। शहनाइयों की गूंज, मंगल गीतों की मिठास और आंखों में सपने सजाए पांच दुल्हनेंकृमौका था अग्रवाल सभा सीतापुर द्वारा आयोजित भव्य सामूहिक कन्या विवाह समारोह का। समाजसेवा और जनकल्याण की मिसाल पेश करते हुए अग्रवाल सभा ने एक ईंट एक रुपया के संकल्प के साथ यह ऐतिहासिक आयोजन किया, जिसकी पूरे जनपद में सराहना हो रही है। एससीएम सिनेमा हॉल, बिजवार के पास स्थित रजवाड़ा लॉन में सुबह 10 बजे शुरू हुआ यह आयोजन शाम 5 बजे तक चलता रहा। मंत्रोच्चार के बीच पांच जोड़ों का विवाह पूरे वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुआ। समारोह में न सिर्फ विवाह कराया गया, बल्कि नवदंपतियों को गृहस्थी की शुरूआत के लिए आवश्यक घरेलू सामान भेंट कर उनके नए जीवन को मजबूती दी गई। कार्यक्रम में संरक्षक रामपति अग्रवाल, प्रेमचंद्र अग्रवाल, महेशचंद अग्रवाल, प्रहलाद राय अग्रवाल, जयप्रकाश भरतिया, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल सहित अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, महामंत्री अंकित अग्रवाल व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। महिला मंडल की अध्यक्षा मंजू मुरारका और युवा महिला मंडल की अध्यक्ष शिल्पी अग्रवाल के नेतृत्व में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और गरिमा दी। अग्रवाल सभा, महिला अग्रवाल सभा, मारवाड़ी युवा मंच और महिला मारवाड़ी युवा मंच के संयुक्त प्रयास से आयोजित यह समारोह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामूहिक सहयोग, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी की फिल्मी कहानी बन गयाकृजहां हर ईंट, हर रुपया और हर चेहरा मुस्कुराता नजर आया।




## छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह संपन्न



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। महर्षि दयानंद इण्टर कॉलेज दुबेपुर के छात्र और छात्राओं का बिदाई समारोह संपन्न हुआ। कालेज में उपस्थित प्रधानाचार्य राजेश कुमार मिश्र अध्यापक सर्वेश कुमार बाजपेयी मोहन प्रताप सिंह अध्यापक राम प्रकाश बाबू निर्भय सिंह अध्यापक संजय प्रकाश अवस्थी अध्यापक गण मौजूद रहे। छात्र व छात्राओं मे दिव्या शर्मा मून बाजपेयी खुशी श्रेया मीनू सभी छात्र छात्राओं का विदायी समारोह संपन्न हुआ। इस पल में सभी लोग भावुक हो गए। समारोह में अध्यापक गणो की आंखो मे आंसू छलक पड़े।

## खेल प्रतियोगिता का आयोजन, छात्रों में दिखा उत्साह



सीतापुर। हरगांव कस्बे के जोगीपुर स्थित जागृति इंटरनेशनल स्कूल में अंतर-विद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ताराचंद मंगलानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर खेल भावना, अनुशासन और उमंग से सराबोर नजर आया। प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिकाए शिवांगी सोनी और शिवानी मिश्रा ने कुशलतापूर्वक किया। 100 मीटर दौड़, 10 मीटर रेस और रस्साकशी सहित कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों के जोश और मेहनत ने सभी का ध्यान खींचा। खेल प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रदर्शन की जमकर सराहना की। विद्यालय प्रबंधन की सक्रिय भूमिका से आयोजन सफल रहा। इस आयोजन का श्रेय विद्यालय के प्रबंधक अजय मंगलानी और सह-प्रबंधक मान्या मंगलानी को दिया गया। 100 मीटर रेस में प्रत्युष ने प्रथम, अंश ने द्वितीय और फरहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 10 मीटर रेस में आराधना प्रथम, ऋचा द्वितीय और दिव्यांशी तृतीय रहीं। रस्साकशी में बालिकाओं में राधा की टीम तथा बालकों में सुल्तान की टीम विजेता बनी। कार्यक्रम का समापन खेल भावना के संदेश के साथ किया गया।

## राजा टोडरमल की मनी जयंती

सीतापुर। राजा टोडरमल स्मारक समिति एवं राजस्व सुरक्षा सेवादल के तत्वावधान में राजस्व के जनक राजा टोडरमल जी की 523वीं जयंती पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन राजा टोडरमल पार्क, कलेक्ट्रेट परिसर (पुलिस क्लब के निकट) में किया गया, जहां उनकी भव्य प्रतिमा पर पदाधिकारियों व अतिथियों ने सम्मानपूर्वक माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की शुरूआत लहरपुर नगर पालिका परिसर में स्थित राजा टोडरमल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद तहसील परिसर लहरपुर, तंबौर रोड स्थित टोडरमल स्मृति द्वार तथा राजपुर स्थित 85 बीघा तालाब पर पूजन-अर्चन किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में राजा टोडरमल जी के जीवन चरित्र और उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। मंच संचालन संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय पुरी ने किया। उन्होंने बताया कि राजा टोडरमल जी का जन्म सीतापुर के लहरपुर में हुआ था और उन्होंने भूमि पैमाइश प्रणाली विकसित कर किसानों को बड़ी राहत दी, जिस पर आज भी पूरा राजस्व विभाग निर्भर है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एडवोकेट आशीष मिश्रा ने कहा कि शासन-प्रशासन को राजा टोडरमल जी की जयंती व पुण्यतिथि को और अधिक सम्मान देना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# पहले घर कच्चे लेकिन रिश्ते मजबूत होते थे



उन्नाव। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नंदनवन इंदिरा नगर के सभागार में आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वच्छ व स्वस्थ समाज कार्यक्रम के तीसरे दिन घर बने मंदिर का आयोजन सदर विधायक पंकज गुप्ता, खादी ग्राम उद्योग अधिकारी संजीव कुमार सिंह, अवधेश प्रताप सिंह, राज किशोर दीक्षित, बीके मालती, चंद्र कुमारी, मुख्य वक्ता डॉक्टर गीता, कुसुम आदि द्वारा दीप प्रज्वलन कर संपन्न हुआ।

मुख्य वक्ता राजयोगिनी बीके डॉक्टर गीता ने बताया कि, परिवार वही होता है जहां एक दूसरे के प्रति संवेदना होती हैं, एक दूसरे के सुख दुख में सहयोगी होते हैं। और एक दूसरे की कमी कमजोरी को नजर अंदाज करते हैं और घर परिवार की गुप्त रहस्य को बाहर वर्णन नहीं करते हैं। बल्कि संस्कारों में तालमेल रखते हुए चलते हैं। जिससे घर परिवार की लाज सुरक्षित रहे। सुखमय परिवार और रिश्तो में मधुरता बनी रहे। उसके लिए दो चीजों की आवश्यकता होती है, वह है प्यार और विश्वास आज के समय प्यार ने व्यापार का विकृत रूप धारण कर लिया है। और विश्वास ने अविश्वास वा धोखे का रूप ले लिया है। चीज बनी है, इस्तेमाल के लिए और परिवार बने हैं प्यार के लिए किंतु आज रिश्तो को प्यार की जगह वस्तु समझा जाने लगा है। यह संस्कारों का बदलाव ही परिवारों के विघटन का कारण बन गया है। हमारे पुरातन भारतीय संस्कृति पर आस्था विश्वास रखने वाले तीन-तीन पीढियां एक घर आंगन में प्यार से रहते रहे हैं। पहले घर कच्चे होते थे किंतु रिश्ते पक्के होते थे और आज घर नहीं मकान पक्के हैं किंतु रिश्ते कच्चे हो गए हैं। घर परिवार में वह प्यार, पवित्रता, शांति निस्वार्थ सेवा भावना का अभाव है, इसलिए मंदिर में देवी देवता की मूर्ति के सम्मुख शांति सुकून की अनुभूति करने जाते हैं। हमने अपनी भारतीय सनातन संस्कृति को विस्मृत कर दिया है। भौतिकता की दौड़ और पश्चिमी सभ्यता का अनुकरण करने से यह बदहाल हुआ है। मां और पिता के पवित्र संबंध को अपने स्वार्थ पूर्ति के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। अब श्रद्धा और सम्मान की भावना का लोप होता चला जा रहा है। फैशन और दिखावा करने की होड़ में धनार्जन हेतु भ्रष्ट आचरण में लिप्त होते जाते हैं। पति-पत्नी दोनों कमाने लगते हैं, और बच्चों की पालना के लिए नौकरानी रखते हैं। बच्चे नौकरानी के हाथों बना भोजन करते हैं और पालन लेते है। इसलिए आज की पीढ़ी संस्कार विहीन होती जा रही है। एक नारी के विभिन्न रूप होते हैं, पुत्री बहन, पत्नी, बहू, सास व मां का रोल अदा करती है। अगर एक सास अपने बहू को अपनी पुत्री जैसा प्यार व सम्मान दे तो यह घर मंदिर बन जाएगा। दीदी ने आदर्श सास बहू के रिश्ते को प्रैक्टिकल एक्टिविटी द्वारा दशार्या। कार्यक्रम का संचालन बीके रामपाल व बीके कुसुम दीदी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर में विदाई समारोह संपन्न




सीतापुर। आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को ऐसा माहौल था, जहां मुस्कान और भावुकता एक साथ दिखाई दी।

अवसर था कक्षा 12 के भैया-बहनों के विदाई समारोह का, जिसे कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने पूरे अपनत्व और सम्मान के साथ आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। इसके पश्चात गणेश वंदना और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भावमय बना दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों ने सभी अतिथियों और शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनिवास सिंह ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान विद्यालय गौरव का सम्मान भैया सूरज वर्मा तथा विद्यालय गरिमा का सम्मान बहन गौरी सिंह को प्रदान किया गया। वरिष्ठ प्रवक्ता राजेश पांडेय ने परीक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का समापन शिवदत्त द्वारा शांति मंत्र के साथ हुआ। समारोह में समस्त आचार्य-आचार्याएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## दो अंतर्राज्यीय चोरों को किया गया गिरफ्तार

ललितपुर। थाना मड़ावरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 38/2026 धारा 316(2) बीएनएस0एस0 में विवेचनात्मक कार्रवाई के क्रम में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्तगण बटन लाल पुत्र बाबू कुचबंधिया (आदिवासी) उम्र करीब 38 वर्ष निवासी वार्ड नं0 9 कस्बा व थाना पृथ्वीपुर जिला निवाड़ी म0प्र0 एवं भज्जू उर्फ भन्तु पुत्र लक्ष्मन कुचबंधिया (आदिवासी) उम्र करीब 62 वर्ष निवासी वार्ड नं0 9 कस्बा व थाना पृथ्वीपुर जिला निवाड़ी म0प्र0 को मोती महाराज मन्दिर के पास ग्राम रनगांव थाना मड़ावरा से गिरफ्तार कर, न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय के समक्ष भेजा गया है।

## आईजीआरएस निस्तारण में प्रदेश में लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान पर आया जनपद

ललितपुर। समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) अंतर्गत जनशिकायतों के उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में ललितपुर पुलिस ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। माह जनवरी 2026 की प्रदेश रैंकिंग में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा किए गए मूल्यांकन में उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में ललितपुर को लगातार दूसरी बार यह गौरव हासिल हुआ है। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के त्वरित समाधान के लिए पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में की जा रही सतत एवं प्रभावी कार्यवाही का यह परिणाम है। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के साथ-साथ मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, ऑनलाइन माध्यम, समाधान दिवस तथा उच्चाधिकारियों के पटलों से प्राप्त शिकायतों का भी ललितपुर पुलिस द्वारा समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की थाना रैंकिंग में भी जनपद ललितपुर के 13 थानों को शत-प्रतिशत कार्यवाही के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, जो जिले की पुलिसिंग व्यवस्था की कार्यकुशलता और जनसंवेदनशीलता को दर्शाता है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने आईजीआरएस से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही बेहतर कार्यप्रणाली के लिए 25 हजार रुपये की धनराशि का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा और मेहनत से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। लगातार दूसरी बार प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त कर ललितपुर पुलिस ने जनविश्वास को और मजबूत किया है तथा जनशिकायतों के प्रभावी निस्तारण में एक मिसाल कायम की है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन

ललितपुर। नगर के एक विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने किया। उन्होंने बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलायी। उन्होंने बताया कि एल्बेंडाजोल के नियमित सेवन से कृमि संक्रमण से बचाव होता है। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से दवा दिलाने की अपील की। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने कहा कि कृमि संक्रमण के कारण बच्चों में कुपोषण, एनीमिया तथा शारीरिक और मानसिक विकास में रुकावट जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। जनपद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) कार्यक्रम के अंतर्गत सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाई जा रही है। एक से दो वर्ष के बच्चों को दवा का चूरा बनाकर पानी के साथ दिया जाएगा, जबकि बड़े बच्चों को दवा चबाकर खिलाई जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीमार बच्चों को यह दवा नहीं दी जाएगी। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने कृमि संक्रमण से होने वाले दुष्प्रभावों, बच्चों के स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव तथा दवा सेवन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेट में कीड़े होने से शरीर में खून की कमी हो जाती है और बच्चा कुपोषण का शिकार हो सकता है, जिससे उसका समग्र विकास प्रभावित होता है। इस दौरान बच्चों और शिक्षकों को भोजन से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोने, साफ-सुथरा रहने तथा स्वच्छ पानी पीने की सलाह दी गई। हाथ धोने की सही विधि का प्रदर्शन भी किया गया। अभिभावकों ने बताया कि जो बच्चे आज एल्बेंडाजोल की दवा नहीं ले सके हैं।

# कैरियर गाइडेंस मेला आयोजित

### जनपदीय वार्षिक 2025-26 की पंच साप्ताहिक पत्रिका का हुआ विमोचन



ललितपुर। जनपद स्तरीय सत्र 2025-26 के कैरियर गाइडेंस मेला, वार्षिक खेल उत्सव, एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन पीएमश्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज ललितपुर के प्रांगण में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया एवं जनपदीय वार्षिक 2025-26 की पंच साप्ताहिक पत्रिका का विमोचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्मानित जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने की। अपर जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं से वार्तालाप कर उनकी जिज्ञासाओं को सुना एवं उनका समाधान किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ललितपुर ने पंख पोर्टल के बारे में सभी को विस्तृत जानकारियाँ दी। जनपदीय अवसर पर विभिन्न विभागों जैसे जिला सेवायोजन कार्यालय, आई0टी0आई0, पॉलिटेक्निक, जिला उद्योग केन्द्र जिला आपूर्ति के विभिन्न संस्थान एवं राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या नोडल शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, इस अवसर पर सभी विभागों के द्वारा कैरियर स्टाल लगाये गये। इस कार्यक्रम में पीएमश्री राजकीय इण्टर कॉलेज, ललितपुर के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार, जीआईसी जखौरा के डा0 मनोज कुमार, राजकीय हाईस्कूलों के प्रधानाचार्य, प्रधानाचार्य आर0के0 सिंह, ए0पी0ओ0 के पृतोलिंग श्रीदत्त नाथ, एवं एन0सी0सी0 के सहायक प्रभारी सुनील पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कैरियर काउन्सलर अमित शुक्ला, प्रवक्ता, जीआईसी द्वारा काउन्सलिंग की गई, एवं जनपदीय मास्टर ट्रेनर दिनेश शर्मा भी उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुदेश शुक्ला, सहायक अध्यापक द्वारा, कार्यक्रम का आभार प्रधानाचार्य श्रीमती अंजना देवी, पीएमश्री राजकीय इण्टर कॉलेज, ललितपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शिक्षक, शिक्षिकायें व अन्य विद्यालयों जैसे राजकीय इण्टर कॉलेज, बार, ललितपुर, राजकीय इण्टर कॉलेज, जखौरा, हंसारकलां, नैनवारा, गौना, कुसमाड, करमुहारा, अंधेर सहित अन्य राजकीय हाईस्कूल के शिक्षक-शिक्षिकायें ने प्रतिभाग किया।

# सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जिले को मिला प्रथम स्थान



ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के नेतृत्व में जिले को सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में राजस्व और विकास कार्यों में प्रथम स्थान मिला है, जिससे जनपद ललितपुर अब अन्य जिलों की रैंकिंग में सबसे पहले पायदान पर पहुंच गया है। जिलाधिकारी की दूरदर्शी सोच के चलते राजस्व एवं विकास कार्यों में अभूतपूर्व सुधार हुआ है, इसके लिए उन्होंने अपनी प्रशासनिक टीम की प्रसंशा करते हुए इसी लगन से कार्य करने के निर्देश दिये हैं। जिले के विकास को परखने के लिए सीएम डैशबोर्ड पर प्रतिमाह कई सूचकांकों पर राजस्व व विकास कार्यों का डाटा अपलोड किया जाता है, जिससे प्रदेश के सभी जनपदों की रैंकिंग निर्धारित की जाती है, इसके लिए प्रतिमाह जिलाधिकारी सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश जारी करते हैं। हालही में हुई बैठक में जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने कम प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को सुधार का अल्टीमेटम देते हुए प्रगति सुधारने के निर्देश दिये थे, जिसके चलते इस माह जिले को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धी मानी जा रही है, जहां रैंकिंग में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिला है, इससे न केवल जनपद के विकास को गति मिलेगी, बल्कि जिले में स्थानीय लोगों को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने बताया कि प्रदेश की रैंकिंग में ललितपुर को राजस्व व विकास मामलों में प्रथम स्थान मिला है, वहीं विकास कार्यों में दूसरा व राजस्व कार्यों में 5वां स्थान प्राप्त हुआ है। रैंकिंग में अतिरिक्त ऊर्जा, अल्पसंख्यक कल्याण छात्रवृत्ति, उद्यान, ऊर्जा, कृषि, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, दिव्यांग पेंशन, नमामि गंगे, पंचायती राज, सामाजिक वानिकी, प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, उद्योग, समाज कल्याण, सहकारिता, सिंचाई सहित अन्य विभागों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 में से 10 अंक प्राप्त किये हैं। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में राजस्व व प्रवर्तन कार्यों में तेजी आयी है, जिससे रैंकिंग विगत माहों की अपेक्षा काफी सुधरी है, उन्होंने अपनी टीम में ईडीएम अंशुल खरे व अन्य कार्मिकों का उत्साह वर्द्धन करते हुए कहा कि इसी वेग के साथ राजस्व कार्यों को लक्ष्यों तक पहुंचाना है।

## बगवानी रोपण का उप निदेशक ने जाना हाल



बांदा। विकासखंड बड़ोखरखुर्द के मथनाखेड़ा गांव में किसानों ने बागवानी की ओर कदम बढ़ाए हैं। यहां फलदार वृक्ष किसानो ने काफी मात्रा में तैयार किए हैं। किए गये वृक्षारोपण को जिलाधिकारी के निर्देश पर उपनिदेशक उद्यान ने मौके पर पहुंचकर प्रगतिशील किसान कपिलध्वज और कनकध्वज के बागवानी क्षेत्र का स्थलीय सत्यापन किया। इस बागीचे में आम, अमरूद, मौसमी और नींबू के दो हजार से अधिक पौधे लगाए गये हैं। उप निदेशक उद्यान ने बताया कि भ्रमण के दौरान पौधों की बेहतर स्थिति, उनकी बढ़त और सिंचाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ औद्यानिक फसलों को तैयार करना चाहिए। इससे किसानों की आय में वृद्धि होने के साथ ही वातावरण में भी अच्छा प्रभाव पड़ेगा। निरीक्षण के दौरान उद्यान विभाग के इंस्पेक्टर नवनीत त्रिपाठी, अरुण सिंह और किसान मौजूद रहे।

## वोट कटने पर सपा का प्रदर्शन, ज्ञापन



बांदा। समाजवादी पार्टी ने एसआईआर प्रक्रिया में लोगों के नाम काटने को लेकर तहसील में प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र सिंह वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष चंद्रभान यादव, लालू यादव, शाहिद अली, रसीद अली, जाहिर, सुमन दिवाकर, मौसमी कोटार्य, मनोज यादव ने सरकार और निर्वाचन आयोग के विरुद्ध नारेबाजी की। ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील के कई गांवों में नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 का दुरुपयोग किया गया है। तहसील के 33 बूथों में अधिकांश अल्पसंख्यक वर्ग के नाम काटे गए हैं। इसी प्रकार जिले के विभिन्न ग्रामों में लगातार नाम काटने की साजिश हो रही है। इनमें से अधिकांश के नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची और ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में दर्ज है। उन्होने मांग की, कि सभी बीएलओ को निर्देश दिए जाएं कि कोई भी नाम गलत तरीके से न कटने पाए। इस दौरान अफसार अली, मुन्ना पटेल, अली हुसैन, वशीम, राजेंद्र यादव व सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रादेशिक प्रदर्शनी में कृषि विश्वविद्यालय को दूसरा स्थान



बांदा। कृषि विश्वविद्यालय को प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में दूसरा स्थान मिला है। लखनऊ में आयोजित हुई चार दिवसीय प्रदर्शनी में कृषि विश्वविद्यालय के लगे स्टॉल में विश्वविद्यालय के उद्यानिक नवाचारों, मॉडलों एवं प्रायोगिक शिक्षण के उत्पादों को सजीव एवं मॉडल प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी के मध्य भाग में उद्यान महाविद्यालय के पुष्प विभाग के बनाए गए शंख एवं चक्र की पुष्प प्रतिकृति आगंतुकों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। राज्यपाल ने बनाए गए मॉडलों, नवाचारों और उद्यमिता की सराहना की। छात्रों को अधिक से अधिक संख्या में प्रायोगिक शिक्षण के माध्यम से बाजार मांग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय स्टॉल को उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, विभिन्न निदेशक, प्रबुद्धजनों एवं छात्रों ने देखा। प्रदर्शनी के अंतिम दिन राज्यपाल ने कृषि विश्वविद्यालय को सक्रिय प्रतिभागिता, उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं नवोन्मेष के लिए शैक्षिक संस्थाओं की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एसवीएस राजू ने उद्यान महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों एवं छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. आनंद सिंह, डॉ श्वेता सोनी, डॉ बालाजी विक्रम डॉ अमित कन्नौजीया और राम कुमार ने प्रदर्शनी में भाग लिया। प्रदर्शनी में छात्र मोहित, गौरव, उपासना, आर्या और पुष्पेन्द्र का योगदान रहा।

# समाजसेवी जड़िया ने विहान बालिका विद्यालय में बांटे स्कूल बैग



ललितपुर। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह उन हाथों के सहयोग से भी आगे बढ़ती है जो निस्वार्थ भाव से मदद के लिए आगे आते हैं। कुछ ऐसा ही दृश्य विहान बालिका आवासीय विद्यालय में देखने को मिला। उ.प्र.उद्योग व्यापार संगठन जिलाध्यक्ष, समाजसेवी मनमोहन जडि?ा मंगलवार को विद्यालय पहुंचे। उन्होंने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए विद्यालय की समस्त छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए। जैसे ही नन्हीं बेटियों के हाथों में नए स्कूल बैग आए, उनके चेहरे खुशी से चमक उठे और पूरा परिसर उनके उत्साह से गुंजायमान हो गया। मनमोहन जडि?ा ने कहा कि बेटियां हमारे समाज का गौरव हैं और उनकी शिक्षा में कोई बाधा न आए, यह सुनिश्चित करना हम सभी का कर्तव्य है। नया बैग पाकर छात्राओं का मन प्रफुल्लित हो उठा और उनमें शिक्षा के प्रति एक नई ऊर्जा दिखाई दी। इस दौरान सावित्री (वार्डेन) नेहा कुशवाहा, आकांक्षा पांडे, जाग्रति चतुर्वेदी, अंकिता सिंह, प्रियंका नामदेव, अभिलाषा यादव मौजूद रहीं। अंत में विद्यालय की वार्डेन सावित्री ने इस नेक कार्य के लिए मनमोहन जडिा का आभार जताया। कहा कि ऐसे प्रयासों से छात्राओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

# शराब दुकान से त्रस्त महिलाएं सड़क पर उतरने को मजबूर

### कलेक्ट्रेट पहुंची महिलाओं ने डीएम से की दुकान हटाने की मांग

जिला संवाददाता

ललितपुर। जिले के विकास खण्ड जखौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सतरावां में संचालित देशी शराब की दुकान ग्रामीणों के लिए गंभीर सामाजिक समस्या बनती जा रही है। शराब दुकान को लेकर गांव की महिलाओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण महिला संगठन ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए शराब की दुकान को तत्काल निरस्त करने अथवा गांव के बीच से हटाकर आबादी से बाहर स्थानांतरित किए जाने की मांग की है। महिलाओं का आरोप है कि लंबे समय से गांव के बीच संचालित देशी शराब की दुकान के कारण पूरे गांव का माहौल बिगड़ चुका है। शराब के नशे में धुत लोग आए दिन गाली-गलौज, मारपीट और उत्पात मचाते हैं, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। महिलाओं का कहना है कि शराब के कारण पारिवारिक कलह बढ़ रही है और बच्चों पर भी इसका गलत असर पड़ रहा है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि गांव में नशे के कारण कई बार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोगों की मौत तक हो चुकी है। शराब के नशे में वाहन चलाने से ग्रामीणों की जान खतरे में पड़ी हुई है। वहीं, युवाओं और बच्चों में भी नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जो भविष्य के लिए बेहद चिंताजनक है। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि शराब दुकान के आसपास स्थित मंदिर और इंटर कॉलेज का रास्ता इसी दुकान के सामने से होकर जाता है। शराबियों की भीड़ और अभद्र व्यवहार के कारण छात्राओं को विद्यालय जाने में भारी परेशानी होती है। आरोप है कि महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और अभद्र टिप्पणियों की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं, जिससे गांव की महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन से मौखिक शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर महिलाओं ने लिखित शिकायत देकर प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराया है। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि शराब की दुकान को शीघ्र नहीं हटाया गया तो वे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल, धरना-प्रदर्शन और उग्र आंदोलन करने को विवश होंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आंदोलन के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ग्रामीणों और महिलाओं ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गांव के सामाजिक माहौल, महिलाओं की सुरक्षा और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल शराब दुकान पर कार्रवाई की जाए। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर जनसमस्या पर क्या रुख अपनाता है और कब तक ग्रामीणों को राहत मिलती है। ज्ञापन देते समय रोशनी, ममता, राजकुमारी, कृष्णा, रूपवती, कृष्णादेवी, शारदा, विद्यादेवी, कमलेश, अनीता, भारती, अर्चना, राधा, किरन, पुष्पादेवी, लक्ष्मी, गनेशकुंवर, सीना, रामकुमारी, सुषमा, आरती, रामदुलारी, कस्तूरी, जमनाबाई, रामदेवी, गीता, राधा समेत अनेकों महिलाएं मौजूद रहीं।

## सर्कस देखने को उमड़ रही दर्शकों की भीड़



बांदा। लंबे अरसे के बाद शहर के मवई बाईपास चैराहा में ग्रेट जेमिनी सर्कस देखने के लिए दर्शकों की भीड़ बढ़ रही है। पहली बार देश के अलावा विदेशी कलाकारों के साथ ही कलाकार कला का प्रदर्शन कर दर्शकों को प्रफुल्लित कर रहे हैं। दिन में ग्रामीण क्षेत्र के दर्शकों की भीड़ रहती है जबकि रात के शो में शहर के लोग सर्कस देखने परिवार के साथ पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक उत्साह छोटे बच्चों में देखा जा रहा है। छोटे-छोटे बौने जोकर बच्चों को हंसाकर मनोरंजन कर रहे हैं। सर्कस कलाकार हैरतअंगेज कारनामे, इनमें हवाई झूला, ग्लोब में मोटरसाइकिल चलाने, जिम्नास्टिक, साइकिल के अलावा अनेक प्रकार की कलाएं दर्शकों को रिझा रही हैं। बताते चलें कि बीते 20 वर्षों के बाद शहर में सर्कस लगा है। लोगों में सर्कस देखने के लिए बेहद उत्सुकता है। सर्कस के प्रबंधक रजा खान कहते हैं कि वैसे तो सर्कस चलाने के लिए 40 दिन का परमीशन मिला है लेकिन दर्शकों के जिज्ञासा और प्यार के चलते शायद इसकी समयसीमा बढ़ानी पड़ेगी। सर्कस के प्रतिदिन 1 बजे, 4 बजे व 7 बजे तीन शो चलाए जा रहे हैं।

## भव्यता से मनेगा महोबा जनपद सृजन दिवस

महोबा। मुकुंद फाउंडेशन एवं वीणापाणी संगीत विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में महोबा जनपद की गौरवशाली एवं ऐतिहासिक पहचान तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समर्पित महोबा जनपद सृजन दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक एवं रचनात्मक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम आज दिनांक 11 फरवरी 2026 को पूर्वान्ह 11 बजे से पुराने रामलीला मैदान में स्थित रामालय में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में महोबा जनपद की लोककला एवं लोकसंगीत तथा पारंपरिक कलाओं का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने तथा लोक कलाकारों को मंच प्रदान करना है। इस मौके पर विभिन्न लोकविधाओं की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। मुकुंद फाउंडेशन एवं वीणापाणी संगीत विद्यालय ने जनपदवासियों से आग्रह किया है कि वे इस सांस्कृतिक उत्सव में सहभागिता कर महोबा की लोकपरंपराओं को सम्मान और समर्थन प्रदान करें।

## डीएम ने इण्टरनेट के सुरक्षित उपयोग पर दिया जोर

ललितपुर। इण्टरनेट के सुरक्षित उपयोग और साईबर अपराधों के प्रति जागरुकता के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सेफर इण्टरनेट डे पर जनपदवासियों के लिए एक विशेष संदेश दिया है। उन्होंने कलैक्ट्रेट परिसर में साईबर जागरुकता बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए अपील की कि आज के समय में जब डिजिटल प्रयोग बढ़ गया है, प्रत्येक व्यक्ति मोबाइल व इण्टरनेट का प्रयोग कर रहा है, लेनदेन के लिए भी लोग यूपीआई क्यूआर कोर्ड का प्रयोग करते हैं, ऐसे में इंटरनेट के उपयोग में हम सभी को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

# बजट को लेकर दिव्यांगों में काफी उत्साह : एमआर पाशा

जिला संवाददाता



बिजनौर। पिछले कई दशकों से दिव्यांगों के हकों की लड़ाई लड़ रहे राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष व निर्वाचन आयोग के जिला स्तरीय समिति सदस्य ने सरकार के द्वारा 11 फरवरी को पेश किए जाने वाले बजट में दिव्यांग जनों की हिस्सेदारी की उम्मीद जताते हुए कहा है कि सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले बजट को लेकर दिव्यांग जनों में काफी उत्साह है और सरकार से उम्मीद है कि दिव्यांग पेंशन पांच हजार रुपए प्रति माह से की जाए तथा दिव्यांगजन एक्ट 2016 से लागू किया जाए। और दिव्यांग आयोग का गठन किया जाए जिसका अध्यक्ष दिव्यांग को ही बनाया जाए, दिव्यांग आरक्षण 4 से 10 प्रतिशत किया जाए। दिव्यांगजनों को निकाय चुनाव, पंचायत चुनाव, नगर निगम चुनाव में भी आरक्षण प्रदान किया जाए तथा विधानसभा, लोकसभा, विधान परिषद, राज्यसभा में भी उनको आरक्षण प्रदान किया जाए। इसी के साथ उनके रोजगार की व्यवस्था की जाए, जो उनका बैंक लोन है उस के अनुसार आरक्षण के हिसाब से उनको सरकारी नौकरी की व्यवस्था की जाए। दिव्यांग कार्ड यूडीआईडी सभी प्रावधानों में लागू की जाए। दिव्यांग जनों को ऋण उपलब्ध कराया जाए। जिससे वह अपना रोजगार कर आत्मनिर्भर हो सकें, किसी के मोहताज ना हो सके। उन्होंने प्रदेश एवं केंद्र की सरकार से अपील करते हुए कहां है कि उत्तर प्रदेश सरकार का बजट दिव्यांग हित में होगा।

# जेठानी के जेवरात चोरी कर भाई व मां के साथ रची थी फर्जी लूट की कहानी

### पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम की प्रशंसा

शहजाद अंसारी



बिजनौर। पुलिस ने चार दिन पुर्व दिन दहाड़े घर में घुसकर महिला से लूट की घटना का खुलासा कर दिया है। महिला ने अपनी जेठानी के कमरे का ताला तोडकर अलमारी से जेवरात चोरी करने के बाद अपने साथ लूट की फर्जी घटना बताकर गांव में सनसनी फैला दी थी। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर पुलिस को जल्द खुलासा करने के निर्देश दिये थे। पुलिस लाइन के सभागार में मंगलवार को प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि बीती 07 फरवरी शनिवार को थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के ग्राम मंडोरा जट निवासी योगेन्द्र सिंह पुत्र मुरली सिंह ने अपने घर से दो अज्ञात व्यक्तियों एक पुरुष व एक महिला द्वारा अलमारियों के ताले तोडकर सोने व चांदी के आभूषण ले जाने व विरोध करने पर पुत्रवधु को घायल कर उसके आभूषण छीनकर फरार हो जाने के सम्बन्ध में थाना हीमपुर दीपा पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वारदात को चुनौती के रुप में लिया और घटना के शीघ्र व सफल खुलासे के लिए पुलिस टीमों का गठन किया। घटना की गहन विवेचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कथित पीड़िता शिवानी से विस्तारपूर्वक पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान शिवानी ने स्वीकार किया कि उसके साथ लूट की कोई वास्तविक घटना नहीं हुई थी। अभियुक्ता ने बताया कि उसने 04 फरवरी 2026 को अपने जेठानी आरती पत्नी सुमित की अलमारी का ताला ट्रैक्टर-ट्राली के लोहे के गुल्ले से तोड़कर लगभग 14 तोला सोने एवं करीब 100 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी किए थे।

अभियुक्ता शिवानी ने बताया कि चोरी किए गए उक्त आभूषणों को छिपाने एवं अपने आप को निर्दोष साबित करने के लिए उसने एक झूठी लूट की कहानी बनाई तथा स्वयं को घायल दिखाने के लिए चाकू से गर्दन पर हल्की चोट भी बनाई। चोरी किए गए जेवरातों को उसने अपने भाई गोलू उर्फ पंकज पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम विसाट थाना हल्दौर को बुलाकर अपने मायके ग्राम विसाट भिजवा दिया। पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्ता शिवानी की निशादेही पर उसके घर से स्वयं द्वारा लूट दर्शाए गए आभूषण, घटना में प्रयुक्त चाकू, अलमारी का ताला तोड़ने में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्राली का लोहे का गुल्ला, अभियुक्त गोलू उर्फ पंकज द्वारा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्ता के भाई गोलू उर्फ पंकज एवं माता संजो देवी को हिरासत में लेकर उनकी की निशांदेही पर ग्राम विसाट स्थित उनके गन्ने के खेत से चोरी किए गए समस्त आभूषण बरामद भी किए गए। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह थाना हीमपुर, वरिष्ठ उ0नि0 कर्मवीर सिंह तालान, स्वाट टीम प्रभारी उ0नि0 हिमाशु गोस्वामी, उ0नि0 रजत चैधरी, उ0नि0 मुकेश कुमार, महिला उ0नि0 मुन्नी राठी, है0का0 अमित वर्मा, सचिन नैन, जोगेन्द्र स्वाट टीम, संदीप तोमर स्वाट, अजय कुमार, मनोज कुमार, अनिल कुमार स्वाट टीम, दिलशाद चैधरी स्वाट टीम, मोनू स्वाट टीम, दीपक जावला स्वाट टीम, महिला सिपाही रेनू राठी शामिल रही।

## हत्या के दो आरोपियों को आजीवन कारावास

बांदा। चाकू मारकर हत्या के दो आरोपियों को विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट गगन कुमार भारती ने दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 44 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। थाना गिरवां क्षेत्र के तरखरी गांव निवासी पप्पू पुत्र रामकिशोर को देशराज पुत्र महावीर व लाल बाबू पुत्र बिंदा प्रसाद ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था लेकिन इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी थी। इस मामले पर थाना गिरवां में धारा 302, 504 भादवि व एससी एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। क्षेत्राधिकारी नरैनी तेजपाल सिंह ने मामले की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया। न्यायालय में सुनवाई के दौरान लोक अभियोजक डॉ महेन्द्र द्विवेदी व विमल सिंह ने प्रभावी पैरवी की। न्यायाधीश ने दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपी देशराज पुत्र महावीर निवासी पहाड़पुर व लालबाबू पुत्र बिंदा प्रसाद निवासी तरखरी थाना गिरवां को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 22-22 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

## नकली खाद से तबाह हुई किसानों की फसलें

ललितपुर। जिले में नकली खाद के उपयोग से किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट होने का गंभीर मामला सामने आया है। इसको लेकर प्रभावित किसानों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए उच्चस्तरीय जांच, दोषियों पर सख्त कार्रवाई तथा पीड़ित किसानों को तत्काल मुआवजा और राहत प्रदान किए जाने की मांग की है। शिकायत में किसानों ने बताया कि खरीफ/रबी सीजन के दौरान उन्होंने स्थानीय बाजार से खाद क्रय की थी, जिसे खेतों में निर्धारित मात्रा में प्रयोग किया गया।

# राज्यों का विकास

भारत सांविधानिक रूप से राज्यों का एक संघ है। इसलिए राज्यों की कार्यप्रणाली का योग ही देश की प्रगति का आधार बनता है। ऐसे में अगर राज्य सियासी योजनाओं में अपना धन लुटाते रहे, फ्रीबीज पर विकास का पैसा बांटते रहे और कर्ज लेकर जैसे-तैसे वेतन, भत्ता, पेंशन और फ्रीबीज बांटने तक सीमित रहे, तो ऐसे में राज्यों का विकास पीछे जायेगा, राज्य की अर्थव्यवस्था संकट में फंसेगी और इसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ना निश्चित है। प्रधानमंत्री अनेक बार यह बात कह चुके हैं कि विकसित भारत की यात्रा राज्यों की प्रगति के बिना पूरी नहीं हो सकती है। लेकिन दूसरी तरफ राज्य हैं कि वे केन्द्र से अधिक राजस्व पाने के बाद भी अपने विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाने में पीछे छूटते जा रहे हैं। चुनावी योजनाओं पर भारी व्यय के कारण राज्यों के पास पूंजीगत व्यय के लिए कुछ खास नहीं बच रहा है। इस कारण से राज्यों की आर्थिक हालात लगातार खराब हो रही है। राज्यों के बजट का 70 फीसद से अधिक खर्च वेतन, पेंशन, कर्ज भुगतान और सब्सिडी में ही चला जाता है। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च ने राज्य सरकारों की वित्तीय हालत को लेकर एक व्यापक रिपोर्ट पेश की है। सच तो यह है कि राज्य सरकारें कुल सरकारी व्यय के दो-तिहाई हिस्से के लिए जिम्मेदार होती हैं लेकिन उनकी वित्तीय सेहत पर पर्याप्त सार्वजनिक बहस नहीं होती है। ऐसे में इस प्रकार की रिपोर्ट राज्य सरकारों की वित्तीय हालत से संबंधित आम समझ को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। उम्मीद के मुताबिक ही रिपोर्ट राज्यों की वित्तीय स्थिति को लेकर कुछ कमियों को रेखांकित करती है।



**देश की आर्थिक प्रगति तेजी से आगे बढ़ाने और विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए यह जरूरी है कि राज्य अपने संसाधनों का उपयोग विकास कार्यों पर ही करें।**

उदाहरण के लिए यह स्पष्ट होता है कि वर्ष 2023-24 में राज्यों ने अपनी राजस्व प्राप्तियों का 70 फीसदी से अधिक वेतन, पेंशन, सब्सिडी और ब्याज भुगतान जैसे मदों पर खर्च किया। समग्र स्तर पर राज्यों ने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 0.4 फीसदी राजस्व घाटा भी दर्ज किया, जिसका अर्थ है कि वे बार-बार होने वाले खर्चों को पूरा करने के लिए उधार ले रहे हैं। प्रतिबद्ध व्यय का उच्च स्तर विकासात्मक कार्यों को करने की राज्य सरकारों की क्षमता को सीमित करता है। राज्यों के पूंजीगत व्यय को केंद्र सरकार की विशेष सहायता योजना से मदद मिल रही है। इस योजना के तहत राज्यों को 50 वर्ष का ब्याज रहित ऋण दिया जा रहा है। वर्ष 2020-21 से 2025-26 (11 अगस्त 2025 तक) तक राज्यों को इस योजना के तहत 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक का ऋण दिया गया। विश्लेषण बताता है कि अपने स्रोतों से राज्यों का पूंजीगत व्यय सपाट बना रहा और बढ़ोतरी को केंद्र सरकार से सहायता मिली। यह एक आदर्श स्थिति नहीं है, क्योंकि यदि केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सहायता को बंद कर दिया गया (जिसे जारी रखना उसकी बाध्यता नहीं है) तो इससे राज्य सरकारों के पूंजीगत व्यय में तेज गिरावट आ सकती है, जिसका कुल आर्थिक वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट में उजागर किया गया एक और महत्त्वपूर्ण पहलू है राज्यों के बीच बढ़ती असमानता। जिन राज्यों की प्रति व्यक्ति आय अधिक है, वे अधिक राजस्व जुटा पाते हैं और इस कारण उनके पास विकास पर खर्च करने की क्षमता भी अधिक होती है। यह प्रवृत्ति समृद्ध और गरीब राज्यों के बीच की खाई को और चौड़ा करती रहेगी, जिसके आर्थिक ही नहीं बल्कि सामाजिक प्रभाव भी हो सकते हैं। इस बढ़ती असमानता को दूर करना नीति-निर्माताओं के लिए एक गंभीर चुनौती होगा। एक अन्य पहलू जिस पर उचित नीतिगत ध्यान दिया गया है वह है महिलाओं को बिना शर्त नकदी हस्तांतरण। पीआरएस द्वारा जुटाए गए आंकड़े बताते हैं कि ऐसी सहायता देने वाले राज्यों की तादाद वर्ष2022-23 के 2 से बढ़कर 2025-26 में 12 हो गई। वर्ष 2025-26 में राज्यों ने कुल मिलाकर 1.68 लाख करोड़ रुपये की राशि या जीएसडीपी का करीब 0.5 फीसदी इस मद में यानी महिलाओं को देने में खर्च किया। ऐसी सहायता देने वाले करीब आधे राज्यों को इस वर्ष राजस्व घाटा होने की उम्मीद है। वास्तव में राज्य कर्ज लेकर चुनावी वायदे पूरा कर रहे हैं।

# भारत-अमरीका ट्रेड डील पर सियासी घमासान






लोकमित्र

**भारत-अमरीका के बीच जो द्विपक्षीय व्यापार समझौता हुआ है वह व्यापार के जोखिमों को असवर में बदलने और यह एक नट संतुलन साधने जैसा प्रयास है। विश्व व्यापार हमेशा इसी तरह से होते रहें। इसलिए न पक्ष को और न ही विपक्ष को इस ट्रेड डील को एकतरफा बताना चाहिए।**

यह सवाल पूछने और सुनने में जितना आसान है, इसका जवाब सचमुच में उतना ही राजनीति और कूटनीति के कॉकटेल से निर्मित होने के कारण जटिल है। पिछले दिनों जब से भारत और अमरीका के बीच अंततः कई महीनों बल्कि कहना चाहिए कई सालों से लटकी ट्रेड डील वास्तव में सम्पन्न हो गई, तो केंद्र सरकार और विशेष करके हमारे वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार संवेदनशील कृषि और डेयरी उत्पादों में भारतीय किसानों की पूरी तरह से रक्षा की है। जबकि कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा का कहना है, अमेरिका ने 3 फीसदी के टैरिफ को बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया और अब घटाकर उसे 18 फीसदी किया, तो मोदी सरकार खुश हो रही है, जबकि उसने हमारे द्वारा रूस से तेल खरीदने पर पांबदी लगा दी है अगर हमने इस पाबंदी के बावजूद तेल खरीदा तो यह भी कहा है कि दोबारा से टैरिफ लागू कर दिया जायेगा। यही नहीं विपक्ष का यह भी कहना है कि अगले पांच सालों में हमें अमेरिका से 500 अरब डॉलर का आयात करना है यानी भारत को अपना आयात तीन गुना बढ़ाना पड़ेगा। इसके लिए हमें हर साल अमरीका से 40 से 42 अरब डॉलर के आयात को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर करना पड़ेगा। लेकिन सरकार के पास अभी इस बात की स्पष्टता नहीं है कि हर साल जो 58 से 60 अरब डॉलर का अतिरिक्त आयात होगा, वह क्या होगा?

चूंकि अमरीका का कहना है कि भारत के साथ व्यापार में उसे करीब 60 अरब डॉलर का नुकसान हो रहा है। इसलिए भारत को आयात बढ़ाना जरूरी है ताकि अमरीका का व्यापार घाटा पूरा हो सके। दूसरी तरफ शिवराज सिंह चौहान और पीयूष गोयल ने एक्स पर जारी अपने बयानों में स्पष्ट किया है कि सरकार ने कृषि और डेयरी क्षेत्र की पूरी तरह से रक्षा की है। पीयूष गोयल के मुताबिक मक्का, गेहूं, चावल, सोया, मुर्गी पालन, दूध, पनीर, एथेनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियां और मांस जैसी संवेदनशील कृषि व डेयरी उत्पादों की पूरी तरह से रक्षा की है। इसी तरह शिवराज सिंह चैहान के मुताबिक सरकार ने सोयाबीन, चीनी, अनाज, केला, स्ट्रॉबेरी, चिप्स, खट्टे फल, हरी मटर, काबूली चना, मूंग, जैसे उत्पादों पर कोई टैरिफ छूट नहीं दी है यानी सरकार का कहना है कि हमारी मुख्य फसलों और डेयरी उत्पादनों के लिए, अमेरिका के लिए कोई द्वार नहीं खोला गया। यही नहीं भारत से कई कृषि उत्पाद अमेरिका को जीरो ड्यूटी पर दिए जाएंगे, जिनमें चाय, कॉफी, नारियल, सुपारी, काजू, एवोकाडो, केला, आम, कीवी, पपीता और अनानास शामिल हैं। लेकिन सरकार यह स्पष्ट नहीं कर रही कि भारत पर हर साल जो 58 से 60 अरब डॉलर आयात बढ़ाने का प्रेशर है,

**राजनीति**

उसके लिए सरकार आखिर क्या खरीदेगी? दूसरी तरफ विपक्ष भी स्पष्ट रूप से उन उत्पादों को नहीं बता रहा, जिस पर सरकार ने पूरी तरह से सरेंडर कर दिया है। लेकिन न तो सरकार के कुछ कहने का विपक्ष के लिए कोई वजन है और न ही विपक्ष के किसी आरोप से सरकार भी किसी तरह से चिंतित दिख रही। ऐसे में सवाल है आम आदमी इस डील को किस तरह समझे? क्योंकि सरकार ताल ठोकर यह कह रही है कि यह पूरी तरह से हमारे पक्ष की डील है, तो दूसरी तरफ विपक्ष जोरदार ढंग से यह कह रहा है कि सरकार ने आत्म समर्पण कर दिया है। लेकिन आम आदमी इन दोनों बातों को कैसे समझे? ऐसा तो नहीं है कि विपक्ष अपना राग गाकर और सरकार उसे किसी तरह से न सुनकर राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों को बेमतलब तो नहीं बना रहे?

जैसे दशकों तक पक्ष-विपक्ष एक-दूसरे पर राजनीति में अपराधीकरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाते रहे और आम मतदाता यह समझ ही नहीं पाया कि कौन वास्तव में राजनीति में अपराधीकरण का सचमुच में दोषी है। अंत में आम मतदाता इस आरोप-प्रत्यारोप से इस कदर उदासीन हो गया कि अब उसे कोई फर्क ही नहीं पड़ता कि कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ? कहीं यही हाल विपक्ष के आरोपों पर सरकार के कान न देने और सरकार के तथ्यों को विपक्ष द्वारा बार-बार झुठलाया जाना, उसी दिशा में तो कदम नहीं बढ़ रहे कि कि आम लोग मान लें कि व्यापार का मतलब ही शोषण है और शोषण की स्वस्वीकृति हो जाए। विपक्ष भारत द्वारा डब्ल्यूटीओ (वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन) पर हस्ताक्षर करने के समय से कृषि और डेयरी क्षेत्र के लिए लकड़बग्घा आया, लकड़बग्घा आया, की रट लगाए है और अभी तक ऐसा कुछ नहीं हुआ कि घबराया जाए। दूसरी तरफ सैद्धांतिक तौरपर हमें यह बात भी स्वीकारनी पड़ेगी कि हम जिस सिद्धांत का हवाला देकर यानी मुक्त वैश्विक कारोबार के जरिये खुद अपनी अर्थव्यवस्था को लगातार ऊंचाई पर ले जाना चाहते हैं, तो फिर हम उन्हीं बातों के लिए विदेशों को भला किस नैतिकता के आधार पर बुराई कर सकते हैं।

यह कुछ वैसे ही हुआ, जैसे पिछली सदी के आखिरी दशक में सरकार बीमा क्षेत्र, विदेशी कंपनियों के लिए खोलना चाहती थी और तत्कालीन विपक्ष इसकी जोर-शोर से आलोचना कर रहा था। लेकिन ठीक उसी समय विपक्ष का यह भी आरोप था कि एलआईसी (लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन) अपना कारोबार दुनिया में क्यों नहीं बढ़ा पा रहा? इसी तरह उसी समय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया दुनिया के चार दर्जन से ज्यादा देशों में बैंकिंग कारोबार कर रही थी और विपक्ष का आरोप यह था कि भारत में विदेशी बैंकों को अपनी शाखाएं खोलने का या कारोबार करने का मौका क्यों दिया जा रहा है? यह वास्तव में एक ही समय दो विरोधाभासी स्थितियां हैं। अगर हम तेजी से दुनिया के बाजार में अपनी मौजूदगी बढ़ाकर भारत की अर्थव्यवस्था को अगले कुछ सालों में दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं, तो भला हम किस आधार पर विदेशी कंपनियों के कारोबार या विदेशों के साथ देश के कारोबार को कैसे रोक सकते हैं? भारत और अमरीका के बीच 2023-24 में 190 बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ, जिसमें भारत और अमरीका के बीच 65:35 का अनुपात था। ऐसे में अमरीका इस तरह तो सोचेगा ही कि उसका भी कारोबार बढ़े। हम सिर्फ अपने फायदे की बात कहकर सैद्धांतिक रूप से सच नहीं रह सकते। भारत और अमरीका के बीच अगर 2030 तक कारोबार को बढ़ाकर 500 बिलियन तक ले जाना है, तो जाहिर इसे बढ़े कारोबार से दोनों देशों को फायदा होगा। क्योंकि इस कारोबार में अभी तक जो तीन बड़ी बाधाएं थी जिनमें- टैरिफ, मार्केट एक्सेस और टेक्नोलॉजी व डेटा से जुड़े नियम थे, इन्हें ढील तो देनी ही पड़ेगी अगर कारोबार को बढ़ाना है। ऐसा नहीं हो सकता कि हम अपने बाजार में तो अमरीका को घुसने से रोके और खुद अमरीका के समृद्ध बाजार का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाना चाहें।

अगर अमरीका चाहता है और दबाव बनाता है कि भारत अपने उन क्षेत्रों को भी उसके लिए खोले, जिसे आजतक हमने बंद कर रखा है, तो हमें भी चाहिए कि हम अमरीका पर इस तरह का प्रेशर बनाएं कि सेमीकंडक्टर सप्लायी चेन से लेकर डिफेंस प्रोडक्शन तक में वो हमें अपना रणनीतिक और तकनीकी साझेदार बनाए, जिससे हम जो अंधाधुंध पैसा इन क्षेत्रों पर खर्च कर रहे हैं, इसमें काफी बचत हो। इसमें कोई दो राय नहीं है कि अमरीकी निवेश से भारत में हाई वैल्यू जॉब्स आएंगी। टेक, डिफेंस और एनर्जी सेक्टर में एफडीआई बढ़ेगा। एमएसएमई को वैश्विक सप्लायी चेन में प्रवेश मिलेगा, तो अगर हम ये फायदा चाहते हैं तो हमें भी अमरीका को कुछ फायदा तो देने ही होंगे। निश्चित रूप से भारत और अमरीका के बीच जो बहुस्तरीय ट्रेड डील होगी, उसमें दोनों को अपने-अपने तरह से फायदा होगा। लेकिन यह कहना भी गलत होगा कि हमारी एकतरफा जीत हुई या सरकार ने अमरीका के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

**सोशल मीडिया**

इससे पहले कि भाजपा अगले बजट का झूठ बखाने, उससे पहले जनता का हक बनता है कि पिछले बजट की सचाई जानें। भाजपाई आत्म प्रचार का बजट है यह। अखिलेश यादव.



कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के साथ इंडिया गठबंधन के फ्लोर लीडर्स की बैठक हुई। प्रियंका गांधी.



कैसे एक सरकार नेक इरादे, नेक मंशा, मजबूत नीति व स्पष्ट नीयत से असंभव से लगने वाले कार्य को भी संभव कर सकती है, हंसता खेलता बस्तर इस विकास यात्रा का साक्षी है। अमित शाह.



# मनुष्य के सद्गुण

**अंतर्दृष्टि**

भगवान से मांगने योग्य वस्तुएं श्रद्धा, हिम्मत, श्रमनिष्ठा, सच्चरित्रता, करुणा, ममता, पवित्रता और विवेकशीलता जैसी वे सद्भावना एवं सत्प्रवृत्तियां हैं जो विपन्नता को सम्पन्नता में बदल देती हैं और अभाव रहते हुए जिनके कारण विपुल सम्पन्नता का सुख अनुभव होता रहता है। प्रगति और सफलता का सारा आधार सद्गुणों पर अवलम्बित है। उनके बिना अकस्मात् किसी प्रकार कोई लाभ मिल भी जाये तो उसे संभालना और स्थिर रखना संभव न होगा। सदुपयोग केवल उस वस्तु का किया जा सकता है जो उचित मूल्य देकर उपार्जित की गयी है। अनायास बिना परिश्रम के मिली हुई सम्पत्ति का उपव्यय ही होता है और उससे अनेक व्यसन और उद्वेग पैदा होते हैं जिनके कारण वह उपलब्धि सुखदायक न होकर अनेक विपत्तियां और विकृतियां उत्पन्न करने का कारण बन जाती है। भगवान जिस पर प्रसन्न होते हैं उस सद्गुणों का उपहार देते हैं क्योंकि वे अपने आप में इतने महान हैं कि यदि साधन सम्पन्ता न भी हो, तो भी केवल उन सद्गुणों की सम्पदा के आधर पर मनुष्य सुखी समुन्नत और सम्मानित जीवन जी सकता है। यही दिव्य संपदाएं भगवान से मांगनी चाहिए। यही हैं वे विभूतियां जिन्हें वे अपने भक्तों को दिया करते हैं। भौतिक सफलताएं हमें अपनी भुजाओं और कलाइयों से मांगनी चाहिए। अपनी अकल को तेज करना चाहिए और सूझ बूझ से काम लेना चाहिए। अवरोध उत्पन्न करने वाली त्रुटियों को सुधारना चाहिए। सफलता का द्वारा खुल जायेगा। भगवान स्वयं अपनी विधि व्यवस्था में बंधे हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में अपने आपके साथ तक कोई रियायत नहीं की, अपने सगे संबंधियों तक को छूट नहीं दी। कर्मफल की व्यवस्था को ही सर्वत्र प्रधान रखा। ऐसा न होता तो कोई पुरुषार्थ करने के लिए ही क्यों होता और कुकर्मों से बचने के लिए किसी को आवश्यकता ही क्या पड़ती? प्रार्थना मात्र से सारी सुविधाएं मिल जाती तों फिर कठोर, कर्मठता के लिए कठिबद्ध होने की इच्छा ही क्यों होती? जिन मनुष्यों की वासनाएं शांत हो गयी हैं, उनके मन मंदिर में आठोयम प्रेम ज्योति प्रज्जवलित है। वे इन्द्रियों के दास नहीं, इन्द्रियां स्वयं उनकी दासता में रहती हैं। सांसारिक प्रपंच किसे कहते हैं, इससे उन्हें कोई प्रयोजन नहीं। वे समय पर धर्म की बेदी पर प्राण न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहते हैं और धर्म संस्थापन के लिए ही जीवन है। सरलता, नम्रता, सहनशीलता, सम्प्रति ही उनके जीवन के मुख्य साधन हैं। उनमें अहं भव का नाम-मात्र भी नहीं होता। ऐसे मनुष्य सत्य की शीतल छाया में जीवन व्यतीत करते हैं और उनमें समाज की बुराई किसी भी तरह प्रभावित नहीं कर पाती हैं।

# भ्रष्टाचार से मोटा मॉल बनाइये

**व्यंग्यलोक**

मंत्रीजी की आंखों में भ्रष्टाचार की कचोरी खाने का सपना तैर रहा है। अहा! रसना-रसीली कुरकुरी कचोरी की पीयूषा वाणी कर्ण में प्रविष्ट होते ही मंत्री जी आनन्दमग्न हो गए हैं। अमृत से भी अधिक मधुर, चन्द्रमा से भी अधिक शीतल, कचोरी भक्षण की हींगमयी सुगंधित महक युक्त वाणी मंत्री जी के हृदय के समस्त दुःखों का हरण कर लेती है। वे कुर्सी से उठते तक नहीं है। बैठे-बैठे ही दलाल को पूछते हैं- 'तात तुम्ह कचोरी कहां ते लाए। परम प्रिय कचोरी बचन सुनाए।' आश्चर्य होता है कि इतना मंगलमय समाचार लाने वाले दलाल से स्वागत कथन भी नहीं किया जाता है। न ही कोई प्रणाम। इस समय मंत्री जी की स्थिति बड़ी दारुण हुई जा रही है। कचोरी की याद में उनके समस्त अंगों ने अपनी सुध-बुध खो दी है। कमल के समान सुंदर नेत्र बंद है। नेत्रों से अत्यंत हर्ष के आंसू बरस रहे हैं। शरीर का रोम-रोम जिह्वा बन गया है। कचोरी के एक-एक अंश का स्वाद लेने के लिए रोम-रोम लालायित हो गया है। कोरोना महाकल्प में कचोरी नाद से मंत्री जी एकाएक ही समस्त सुखों के स्वामी बन गए हैं। उसी समय सारंग समान सुंदर कानों में कचोरी शब्द नाद सुनाई पड़ता है- मंगलमय, रसमय जिह्वा सुंदरी कचोरी, सब संताप हरने के लिए आपके सम्मुख प्रस्तुत है। दलाल अपने सुंदर हाथों में कचोरी लिए मंत्री जी का अनेकों प्रकार से स्तुति गान कर रहे हैं। किन्तु कचोरी प्रेमी मंत्री जी को प्रसन्नता के साथ सन्देह है कि कहीं मेरी व्याकुलता, कचोरी के प्रति संपूर्ण आसक्ति या भावना के कारण ऐसा भ्रम तो सुनाई-दिखाई नहीं पड़ रहा है? पर हृदय कहता है- 'कल्पना ही सही! किन्तु नेत्र इस भय के मारे नहीं खोलते कि कहीं सचमुच भ्रम की भावना सिद्ध न हो जाए! दलाल के शब्द सुनकर उन्हें यही भय होता है कि यह मेरे मानसिक भ्रम की अवस्था ही है। कोई विरहिणी नायिका शयन कक्ष में कचोरी आसक्त पड़ी स्वप्न रत है। स्वप्न में उसे कढ़ी-कचोरी के दर्शन होते हैं। कचोरीयातुर नायिका जागने का उपक्रम करती है। किन्तु भावमयी मृग नयनी नेत्र नहीं खोलना चाहती है। क्यों? क्या रूठी है? नहीं, नहीं, नहीं! नेत्र खोलने में उसे भय लगता है। भय किस बात का? सपने में कचोरी खाते हुए नायिका बेसुध है- 'सोवत सोवत हे सखि, कोई लिया जगाय। आंख न खोलूं डरपती, मत सपना होइ जाय।' अहा! कैसी करुण व्यथा है! वह कचोरी के विरह में अपनी सुध-बुध खो बैठी है। अपने प्रियतम से कह रही है। हे प्रियतम! कुछ नहीं तो मुझे सपने में ही इस दुर्लभ कचोरी का कढ़ी के साथ मिलान करके आनंद लेने दो। दलाल देवता भ्रष्टाचार की कचोरी के लिए व्यवस्था कर रहा है। मंत्री जी भ्रष्टाचार की कचोरी खाने के लिए आकुल हैं, व्याकुल हैं, बड़े आतुर हैं।



रामविलास जॉंगिड़

# जरूरी हैं रोजगार और श्रम बल के प्रमाणिक आंकड़े



**सामयिक**

किसी देश की आर्थिक प्रगति, योजनाओं के निर्माण और आर्थिक नीतियों को लागू करने के लिए जरूरी है कि संबंधित आंकड़ों की पर्याप्त उपलब्धता हो। इसके साथ ही आंकड़े निष्पक्ष, सटीक भी होने चाहिए। इस संबंध में रोजगार के ताजा आंकड़े अब आने लगे हैं। रोजगार, श्रमबल की उपलब्धता और बेरोजगारी दर यह देश के लिए बहुत बड़ा और संवेदनशील विषय है। इससे जुड़े आंकड़े जितने अधिक, सटीक और जल्दी मिलें, देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा ही होता है क्योंकि सरकार समय से अपनी नीतियों में सुधार कर आने वाली चुनौतियों का शमन कर सकती है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) का पहला मासिक बुलेटिन काफी समय पहले ही जारी कर चुका है। इस बुलेटिन में उल्लेख किया गया है कि भारत के आधिकारिक आंकड़े तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की मांग पूरी करना शुरू कर चुके हैं। कई अर्थशास्त्री और विश्लेषक कह चुके हैं कि रोजगार की वास्तविक स्थिति समझने के लिए भारत में कम समय के अंतराल पर आंकड़े जारी करने की जरूरत है। आधिकारिक आंकड़ों के अभाव में विश्लेषक निजी स्रोतों से आंकड़ों का उपयोग कर रहे थे। इन आकड़ों की व्यापकता एवं उन्हें हासिल करने की विधि अक्सर सवाल के घेरे में आ रहे थे। एनएसओ के सर्वेक्षण के मुताबिक भारत में 15 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र की आबादी की श्रेणी में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत से ऊपर रही है। हालांकि, गणना विधि में बदलाव के कारण इसकी तुलना पुराने श्रम आंकड़ों से सीधे तौर पर नहीं की जा सकती है। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 6.5 प्रतिशत थी जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 4.5 प्रतिशत दर्ज की गई। रोजगार की स्थिति का आकलन करने के लिए सात दिन के ब्योरे पर आधारित इन आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में श्रम भागीदारी दर 55.6 प्रतिशत थी और शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में काफी फर्क देखा गया। यह भी नजर में आया कि दोनों ही क्षेत्रों में श्रम बल में स्त्री-पुरुष अनुपात में ऊंचा अंतर लगातार बना हुआ है।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने हाल में ही पीएलएफएस में कई बदलाव की घोषणा की थी जिनमें प्रमुख श्रम बाजार संकेतकों के मासिक अनुमान जारी होने का नया प्रावधान भी शामिल है। तिमाही सर्वेक्षण की जद में अब ग्रामीण क्षेत्र भी आएंगे और सालाना रिपोर्ट कैलेंडर वर्ष के साथ जोड़ी जाएगी। इससे आंकड़ों की तुलना अंतरराष्ट्रीय श्रम आंकड़ों से बेहतर ढंग से हो पाएगी। इन बदलावों की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। सीमित एवं अनियमित आधिकारिक आंकड़े समय रहते एवं साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने की राह में बड़ी बाधा के रूप में देखे जाते हैं। भारत के श्रम बाजार में तेजी से बुनियादी बदलाव हो रहे हैं। तकनीकी बदलाव और महिला श्रमिकों की बढ़ी भागीदारी की इसमें बड़ी भूमिका रही है। अन्य बदलाव में नमूने का दायरा बढ़ाना भी शामिल है। ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में रोटेशनल पैनल स्कीम की घोषणा की गई है। प्रत्येक चयनित परिवार का चार लगातार महीनों में चार बार सर्वेक्षण होगा, जिससे रोजगार से जुड़े विश्वसनीय रुझान सामने आ पाएंगे। गणना विधि के स्तर पर ऐसे बदलाव सर्वेक्षण की व्यवस्था एवं क्रियान्वयन में सुधार को गति दे रहे हैं। तकनीकी बाधाएं दूर करने के लिए भी एनएसओ ने कदम उठाए हैं। उदाहरण के लिए जानकारी के संग्रह के प्राथमिक स्तर पर एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए यह कंप्यूटर की मदद से व्यक्तिगत साक्षात्कार और अन्य वेब-आधारित एप्लीकेशन का इस्तेमाल कर रहा है।

मासिक पीएलएफएस की दिशा में सरकार का कदम बढ़ाना स्वागत योग्य है। लेकिन आंकड़े अब भी भारत में रोजगार की स्थिति पर लगातार सामने आ रही दिक्कतों की तरफ इशारा कर रहे हैं। उदाहरण के लिए 15 वर्ष एवं इससे अधिक उम्र वाली श्रेणी में महिला श्रम बल भागीदारी दर शहरी क्षेत्र में मात्र 25.7 प्रतिशत थी। यह विचारणीय तथ्य है। **वीओएल.**

**विचार**

आवश्यकताएं सीमित रखें। आपकी आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

-स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

-संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

-आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

-महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो- यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

-सुभाष चन्द्र बोस.

## आपकी बात

### साइबर ठगों पर लगाम लगायें

साइबर अपराध हर दिन घटने वाला हादसा बन गया है और साइबर अपराधी पूरी तरह से बेलगाम हैं। इससे निपटने के लिए सरकारी प्रयास नाकाफी हैं। केंद्र ने साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 और रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर जाकर शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था की है लेकिन कितनी शिकायतें दर्ज होती हैं और कितनों का निपटारा होता है, यह बड़ा सवाल है। प्रौद्योगिकी में सक्षम लोग आज समाज पर एक नये तरह का प्रभुत्व और बढ़त भी हासिल कर चुके हैं। यह समस्या एक देश, एक समाज एवं वर्ग विशेष की नहीं, बल्कि विश्वभर में रह रहे हर मनुष्य के साथ जुड़ी हुई है। आज जो आर्थिक एवं डिजिटल तौर पर सक्षम है, वो सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक तौर पर कमजोर वर्ग को नियंत्रित करने की कोशिश करता है। वैश्विक स्तर पर इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध एवं यूक्रेन व रूस युद्ध के मूल कारणों पर चर्चा की जाए तो मूल कारण नियंत्रण ही है। लेकिन इस नियंत्रणकारी नीति का खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है, जो शायद पूरी तरह से युद्ध के कारणों व परिस्थितियों से रूबरू भी नहीं है। इस परिस्थिति में आम जनता के अधिकार विनाशकारी तरीके से रौंद दिए जाते हैं। यह कोई नई बात नहीं, द्वितीय विश्व युद्ध के अत्याचारों ने मानव अधिकारों के महत्व को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अहम मुद्दा बना दिया था। इसी गंभीरता को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को 10 दिसंबर 1948 को अपनाया था। इसके अंतर्गत समानता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, भेदभाव से आजादी का अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भोजन का अधिकार आदि शामिल हैं जो व्यक्ति को समाज में हक एवं बिना किसी दबाव के जीने का अधिकार देते हैं। इसी के अंतर्गत डिजिटल सुरक्षा अधिकार को भी जोड़ा जाना चाहिए। भारत के संदर्भ में बात की जाये तो देश के संविधान में मौलिक अधिकारों का प्रावधान किया गया है। लेकिन इन अधिकारों का अनुपालन व अवहेलना सब कुछ परिस्थितियों के हिसाब से हो रहा है। वर्तमान में ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डिजिटल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए काम तो किया जा रहा है, लेकिन डेटा प्रोटेक्शन की कमी के कारण बढ़ती डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं ने मानवीय अधिकारों के भविष्य पर व्यापक चर्चा शुरू कर दी है। इस मुद्दे पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मन की बात कार्यक्रम में व्यापक चर्चा कर चुके हैं।

**गिरीश चन्द्र त्रिपाठी, लखनऊ.**

### उद्यमिता को बढ़ावा दें

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टाटॅअप कंपनियों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। स्टार्टअप को बढ़ावा देने की जरूरत है।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## एसपी ने सुनी जनफरियाद



बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

## जीपीएस में गुडलक पार्टी का आयोजन



अयोध्या। गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य, सफलता और सौभाग्य की कामनाओं के साथ गुडलक पार्टी आयोजित की गयी। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने कहा कि ये पार्टी केवल परीक्षा के लिये नहीं है बल्कि उस मेहनत के लिये है जो आपने पूरे साल की है। प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने कहा कि परीक्षा आपकी काबिलियत नहीं अपितु आपकी तैयारी को परखती है। परीक्षा के डर को अपने ऊपर हावी मत होने दीजिए बल्कि सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ अपना बेस्ट दीजिये। किरन यादव ने अपनी रचना के माध्यम से बताया कि शांत दिमाग सबसे बड़ा हथियार है और मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। इस अवसर पर शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों ने भी पूरे सत्र के अनुभव को एक दूसरे के साथ साझा किया। कार्यक्रम के अंत में प्रभा शंकर शुक्ल, राम सुरत तिवारी और सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपहार भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## वार्षिकोत्सव पर मेधावी पुरा छात्र सम्मानित



अमानीगंज-अयोध्या। राजकीय हाईस्कूल मानूडीह में मंगलवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरा छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या श्रीमती लता शुक्ला ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं धूप दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रेरक एकांकी एवं नाटक का बहुत ही सुंदर ढंग से मंचन किया गया। अतिथियों ने उन्हें पुरस्कृत किया गया। पुरा छात्रों ने विद्यालय से जुड़ी अपनी सुखद स्मृतियों को साझा किया। विद्यालय के मेधावी पुरातन छात्रों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज तिवारी ने कक्षा 10 के छात्रों के प्रवेश पत्र वितरित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अमित यादव ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण आलोक सिंह राठौर, सौरभ वर्मा सहित, उपेन्द्र शुक्ल, तिलक धर द्विवेदी, ज्वाला प्रसाद, आलोक द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## पंकज वर्मा के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर



सोहावल-अयोध्या। युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा के बड़े भाई पंकज वर्मा के निधन से परिवार के साथ राष्ट्रीय लोकदल का हर एक कार्यकर्ता दुःखी है। आयोजित शोक सभा में राष्ट्रीय लोकदल, भाजपा, अपना दल, कांग्रेस, सपा, सहित तमाम सामाजिक लोगों ने अनिल वर्मा के पैतृक गांव पिलखावां के मजरे चिरैंधा में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। राष्ट्रीय लोकदल अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चैधरी राम सिंह पटेल ने दुःख व्यक्त करते हुए, कहा कि अनिल वर्मा के परिवार पर जो असहनीय दुःख का पहाड़ टूटा है। राष्ट्रीय लोकदल राष्ट्रीय लोकदल का हर एक कार्यकर्ता दुःखी है। पीड़ित परिवार के साथ है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं की परिवार को दुख सहन करने की शक्ति दें।

# कचेहरी व स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में होगा शौचालय का निर्माण

- सौ सफाई कर्मियों को आपदा मित्र के रूप में किया जाएगा प्रशिक्षित
- जनसुनवाई संभव में किया गया 12 समस्याओं का समाधान



अयोध्या। स्पोर्ट्स कांप्लेक्स एवं कचहरी में शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही सौ सफाई कर्मियों को आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। यह जानकारी महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने मीडिया को दी। उन्होंने नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई संभव की अध्यक्षता की। इस दौरान आईं 20 में 12 समस्याओं का समाधान कराया। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने सड़क, इंटरलाकिंग एवं नाली निर्माण से जुड़ी आठ मांगों को जांच के लिए निर्माण विभाग को सौंपा। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि जन समस्याओं का निदान प्राथमिकता से करें। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि इस मौके पर पार्षद अनूप श्रीवास्तव ने नरेंद्रदेव वार्ड में सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता जताई। राकेश मिश्र ने अवैद्यनाथ वार्ड के श्रीरामपुरम कॉलोनी में सड़क एवं नाली निर्माण, सुनील पांडेय ने दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में नाली निर्माण की मांग की। करम अलीपुरवा निवासी दुर्गावती मौर्य ने जलकर एवं गृह कर का जनरल सर्वे कराने, नियावां के वसीम ने कर ज्यादा आने की शिकायत की। इस मौके पर पार्षद जयनारायण सिंह रिंकू, अनुज दास, अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, सुमित कुमार, मुख्य अभियंता सिविल पुनीत कुमार ओझा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, महाप्रबंधक जलकल सौरभ श्रीवास्तव, कर निर्धारण अधिकारी विनय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। -आगामी 12 फरवरी को अयोध्या में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। मंगलम गेस्ट में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी सुबह 11:00 बजे नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार की मौजूदगी में करेंगे।

# रामनगरी का नक्षत्र चमका भारत देखेगा हुनर




अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में एक नया नक्षत्र चमक उठा है। वह अब देशव्यापी मंच पर अपनी कला का जादू बिखेरने को तैयार है। रानोपाली निवासी 12 वर्षीय प्रतिभाशाली बालक नक्षत्र कुमार का चयन प्रसिद्ध नेशनल म्यूजिक चैनल 9ग्ड के लोकप्रिय रियलिटी शो हुनर का मंच में हुआ है। यह शो उन प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता है जो संगीत, नृत्य, अभिनय या अन्य कलाओं में असाधारण हुनर रखते हैं। नक्षत्र का चयन देश भर से आए हजारों प्रतियोगियों में से हुआ है, जिसमें केवल 50 प्रतिभागियों को जगह मिली है। उत्तर प्रदेश से मात्र 5-6 बच्चों का ही चयन हुआ है, जिसमें नक्षत्र का नाम शामिल होना अयोध्या और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

नक्षत्र अयोध्या एकेडमी में कक्षा छह का छात्र है। उसकी इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षक और स्थानीय लोग बेहद उत्साहित हैं। नक्षत्र के पिता कार्तिक कुमार मूल रूप से बस्ती जिले के परसरामपुर गांव (पेरीपोखर) के निवासी हैं। लगभग 15 वर्ष पहले वे परिवार सहित अयोध्या आ बसे थे। पहले वे आईटीआई के निकट एक फोटो स्टूडियो चलाते थे, लेकिन कुछ पारिवारिक और आर्थिक कारणों से अब वे अपना व्यवसाय ऑनलाइन माध्यम से संचालित कर रहे हैं। कार्तिक बताते हैं कि नक्षत्र की इस सफलता ने पूरे परिवार को नई ऊर्जा दी है। ऑडिशन के बाद जब ईमेल से चयन की सूचना मिली, तो घर में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। माता कालिंदी देवी ने बताया कि नक्षत्र बचपन से ही संगीत के प्रति गहरी रुचि रखता है।

## प्रभावित काश्तकारों को अवशेष धनराशि का शीघ्र किया जाए भुगतान : डीएम

अयोध्या। जनपद में संचालित चैरासीकोसी, चैदहकोसी, आवास विकास परिषद एवं रिंग रोड परियोजनाओं के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण एवं प्रतिकर भुगतान की प्रगति के संबंध में एक आवश्यक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में रिंग रोड एवं आवास विकास परिषद से संबंधित अवशेष ग्रामों के अभिनिर्णय किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही अभिनिर्णित ग्रामों में प्रभावित काश्तकारों को अवशेष धनराशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन स्थानों पर किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो रही है, वहाँ वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर के कार्यालयों का किया निरीक्षण

## आवासीय/अनावासीय भवनों में साफ-सफाई व्यवस्था का लिया जायजा



**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने मंगलवार को शासन के निर्देश के क्रम कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न कार्यालयों एवं पटलों यथा- अपर जिलाधिकारी नगर, प्रशासन, वित्त एवं राजस्व, नजारत, निबंधन, आपदा प्रबन्धन आदि का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परिसर में स्थित आवासीय/अनवासीय भवनों में साफ सफाई की स्थिति, जन सामान्य के लिए बैठने, पेयजल, शौचालय, वाहन पार्किंग, भवन मरम्मत, साफ-सफाई आदि की समुचित व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव के संबंध में निर्देश दिया कि अभिलेखों को क्रमानुसार रखा जाए और फाइलों को सुरक्षित रखा जाए। इसके साथ ही फर्नीचर यदि खराब पाये गये हैं उन्हें दुरुस्त कराने अथवा नए फर्नीचर की व्यवस्था कराएं जाने के निर्देश दिए। जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने परिसर में कई स्थानों पर विद्युत तारों को सुनियोजित करने तथा खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को ठीक कराने के निर्देश संबंधित को दिए। शौचालयों का निरीक्षण करते समय उन्होंने निर्देश दिया कि नियमित रूप से प्रत्येक दिवस में दो बार शौचालयो की साफ सफाई कराई जाए। महिला और दिव्यांग शौचालयों के लिए जो व्यवस्थाएं हैं वह सुनिश्चित कराई जाए। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही कूड़ा-करकट रखने के लिए उचित स्थान पर डस्टबिन रखी जाए। आमजन के बैठने की व्यवस्था ठीक रखी जाए। स्वच्छ पेयजल सभी कार्यालय में सुनिश्चित कराया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 सहित संबंधित विभागाध्यक्ष उपस्थित रहें।

# सुरक्षित, नैतिक और जिम्मेदार इंटरनेट उपयोगकर्ता बनना सबकी जिम्मेदारी

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर एनआईसी सेंटर में गोष्ठी आयोजित




बाराबंकी। इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने को लेकर सुरक्षित इंटरनेट दिवस (एसआईडी) पर एनआईसी सेंटर में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता मे गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी मे डीआईओ एकांश शर्मा ने बताया कि एसआईडी का उद्देश्य है कि आमजन को ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूक व शिक्षित करना, ताकि लोग ऑनलाइन दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने के लिए स्वेच्छा से आगे आ सकें। उन्होने आगे कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित इण्टरनेट का उपयोग करने हेतु जागरूक एवं शिक्षित करना है। गोष्ठी मे इंटरनेट का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये बच्चों और युवा वयस्कों के लिए एक सुरक्षित और समावेशी डिजिटल वातावरण बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

# इंटरनेट उपयोगकर्ता बनना सबकी जिम्मेदारी : डीएम



बहराइच। इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुरक्षित इंटरनेट दिवस (एसआईडी) के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में उपस्थित लगभग 150 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संयुक्त निदेशक एन.आई.सी. योगेश कुमार यादव, फील्ड अभियन्ता रमन कुमार गुप्ता तथा सहयोगी स्टाफ सै. फैसल द्वारा एआई का सुरक्षित उपयोग करने तथा इंटरनेट का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए विशेष रूप से बच्चों और युवा वयस्कों के लिए एक सुरक्षित और समावेशी डिजिटल वातावरण बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

संयुक्त निदेशक श्री यादव ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस (एसआईडी) हर साल तकनीक और इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2026 में ह्यह्यस्मार्ट तकनीकः सुरक्षित विकल्प और सभी चीजों के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग की खोजह्लह्ल की थीम पर विश्व के लगभग 150 देशों में मनाया जा रहा है। श्री यादव ने बताया कि एसआईडी का उद्देश्य है कि आमजन को ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूक व शिक्षित करना है ताकि लोग ऑनलाइन दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने के लिए स्वेच्छा से आगे आ सकें। उन्होंने कहा कि आज के युग में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला ऐप व्हाट्स ऐप को सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल करना समय की मांग है जिससे साईबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लग सके।

श्री यादव ने कहा कि साईबर सुरक्षा का महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि आज विभिन्न संगठनों, शिक्षण संस्थाओं एवं समुदायों में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरन्तरता के साथ कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संचार क्रांति के इस युग में सबसे सशक्त माध्यम इण्टरनेट है जो सम्पूर्ण संसार को एक दूसरे से जोड़े हुए है। श्री यादव ने कहा कि जहां एक ओर इंटरनेट सीखने, सामाजिक संपर्क और व्यवसाय के लिए अनगिनत अवसर प्रदान करता है वहीं दूसरी ओर साइबरबुलिंग, फिशिंग, डेटा उल्लंघन और अनुचित सामग्री के संपर्क में आने जैसे जोखिम भी पैदा करता है। कार्यशाला का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित इण्टरनेट का उपयोग करने हेतु जागरूक एवं शिक्षित करना है।

गोष्ठी के दौरान मौजूद लोगों को एआई का सुरक्षित उपयोग करने, ऑनलाइन बैंकिंग, पब्लिक वाई-फाई, सोशल मीडिया, व्हाट्सएप कॉल वीडियो कॉल आदि को किस तरह सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने तथा सभी प्रकार डिजिटल फ्रॉड से बचने के तरीके बताये गये। लोगों को बताया गया कि अपनी पर्सनल इनफॉरमेशन सभी के साथ सोशल मीडिया पर शेयर ना करें।

# टीईटी प्रकरण पर शिक्षकों में उबाल

अयोध्या। केंद्रीय मंत्री जयंत चैधरी द्वारा सांसद लालजी वर्मा के संसद में पूछे गए सवाल के जबाब से आक्रोशित संगठन के प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा की सरकार का दोहरा चरित्र सामने आ गया। संसद के बाहर टीईटी मामले में शिक्षकों के साथ होने का वादा करके मगरमच्छ के आंसू बहाने वाले संसद में उल्टा राग अलाप रहे हैं। सरकार को राज्यों से आंकड़े मंगा कर शिक्षकों के अस्तित्व पर आए संकट का हल निकालना चाहिए। केंद्रीय मंत्री के बयान की निंदा करते हुए शिक्षकों ने ट्विटर पर जबर्दस्त अभियान चलाया है। भविष्य में निर्णायक आंदोलन करके सरकार को 2011 के पहले नियुक्त शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से मुक्त करने के लिए मजबूर कर दिया जाएगा। जिला मंत्री डॉ.चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि क्या न्यायाधीशगण वर्तमान की क्लैट परीक्षा देने का निर्णय ले सकेंगे। 20 साल पहले भर्ती हुए पुलिस, अर्धसैनिक बल एवं सेना के भर्ती अधिकारी और सैनिकों को 10 किलोमीटर की दौड़ लगाने की बाध्यता कर दी जाए तो पूरा विभाग ही खाली हो जाएगा। 50 से 55 की उम्र के शिक्षकों को टीईटी की परीक्षा उत्तीर्ण करने की बाध्यता कहां तक न्यायोचित है। शिक्षक जनप्रतिनिधियों के छद्म व्यवहार से आहत है, अब प्रबल आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा ।जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में सरकार की लचर पैरवी से 20 से 25 वर्ष तक शिक्षण कर चुके शिक्षकों के अनुभव और योग्यता को नकारते हुए टेट की अनिवार्यता जैसा प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध फैसला आया। जिसमें सत्ता पक्ष के नेताओं द्वारा शिक्षकों के अहित न होने का आश्वासन देकर संसद में गैर जिम्मेदाराना बयान देने से समूचा शिक्षक समुदाय उद्वेलित है ।जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया इससे 20 लाख शिक्षक एवं उनके करोड़ों परिजन प्रभावित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अब आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार है, सरकार को यह निर्णय वापस करना ही होगा। शिक्षक इसके लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार है।

# छात्राएं टीम भावना से करें काम : नवीन कुमार पाठक

## जनपद स्तरीय प्रगति, स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0 का शुभारम्भ



बाराबंकी। राजकीय इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम में जनपद स्तरीय प्रगति, स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0 बाल उत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक व विशिष्ट अतिथि सहायक वित्त एंव लेखाधिकारी रामलाल ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम मे कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बंकी की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री पाठक ने कहा कि बालिका शिक्षा को सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी को टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। उन्होने जनपद में चयनित बच्चों को मंडल और प्रदेश में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जनपद के 15 विकास खंडों के बालिका नोडल एवं ब्लॉक स्तर से चयनित 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया। मेरे बदलाव की कहानी एवं कॉमिक्स बुक आधारित कहानी प्रतियोगिता मे जनपद स्तर से चयनित 5-5 बच्चों को मंडल स्तर पर प्रतिभाग के लिए भेजा जाएगा। कार्यक्रम का संचालन जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी एवं सुभाष तिवारी ने किया। इस अवसर पर पुनीत मणि त्रिपाठी, उप जिला उद्योग अधिकारी रूबी जमशेद, खंड शिक्षा अधिकारी चंद्र शेखर यादव, नंदन पाण्डेय, पुनीत श्रीवास्तव पारूल शुक्ला, पूनम मिश्रा, चंद्रमौली मिश्रा, हरिशंकर, रामप्रकाश, निधि, बबीता आदि मौजूद रहे।

## आरती रथ को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



बहराइच। निः शुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2000 की धारा (ग) के अन्तर्गत जनपद के समस्त गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कक्षा एक/पूर्व प्राथमिक कक्षा में अलाभित समूह/दुर्बल वर्ग के 03 वर्ष से लेकर 07 वर्ष तक के बच्चों का विद्यालय के प्रारम्भिक कक्षा की कुल छात्र संख्या का 25 प्रतिशत की सीमा तक निःशुल्क प्रवेश हेतु लक्षित वर्ग में जनजागरूकता जाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर से आरती रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डीएम श्री त्रिपाठी को निर्देश दिया कि जनपद के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए लक्षित वर्ग का शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराया जाय। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि जनपद बहराइच में आईटी पोर्टल पर ग्रामीण क्षेत्रों के 427 तथा शहरी क्षेत्र के 145 विद्यालय मैप्ड हैं। श्री सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में 2275 तथा शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में 864 उपलब्ध हैं। रिक्त सीटों के सापेक्ष 03 चरणों में प्रवेश की प्रक्रिया सम्पन्न होगी। प्रथम चरण में प्रवेश के लिए 02 फरवरी से आवेदन प्रारम्भ हो चुका है। इस अवसर पर जिला समन्वय सामुदायिक सहभागिता आशुतोष सिंह तथा समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

## एमडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने थानाध्यक्षों के साथ की बैठक




बहराइच। आसन्न पर्वों एवं त्योहारों तथा तहसील क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने के दृष्टिगत तहसील सभागार में आयोजित बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखें। त्यौहारों के दौरान संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहाँ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, निरंतर गश्त एवं सतर्क निगरानी के साथ-साथ शांति समिति की बैठकों का नियमित आयोजन कर समाज के प्रबुद्धजनों, संभ्रांत लोगो से समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा असामाजिक गतिविधि को प्रारंभिक स्तर पर ही रोका जा सके। एसडीएम ने निर्देश दिया कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखते हुए भ्रामक सूचनाओं एवं अफवाहों का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई की जाय। उच्चाधिकारियों को समय से वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाए। अवैध गतिविधियों, अराजकतत्वों एवं शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शराब, अवैध शस्त्रों एवं जुए-सट्टे जैसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जाए। पूर्व में चिन्हित उपद्रवी, हिस्ट्रीशीटर एवं अराजक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। पर्वो एवं त्यौहारों के दौरान शासन द्वारा निर्धारित एसओपी का पालन सुनिश्चित कराया जाय। थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि थाना क्षेत्र के संवेदनशीलता मानचित्र तत्काल तैयार कर लें तथा अतिसंवेदनशील वाले क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल एवं क्यूआरटी की तैनाती सुनिश्चित करायी जाय। पर्वों के दौरान राउण्ड-द-क्लाक गश्त की जाय। एसडीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी थानाध्यक्ष पूरी निष्ठा, अनुशासन एवं सजगता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, ताकि तहसील नानपारा में आसन्न सभी पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सकें। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुँप सिंह, थानाध्यक्ष नानपारा, मटेरा, रूपहड़िहा, खैरीघाट, ईओ नानपारा व रूपईडीहा, तहसीलदार व समस्त नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने विकास खण्ड विशेश्वरगंज का किया निरीक्षण



बहराइच। कार्यालयों की साफ-सफाई, अभिलेखों के समुचित रख-रखाव तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सोमवार को देर शाम खण्ड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। ब्लाक कार्यालय परिसर के निरीक्षण डीएम ने साफ-सफाई पर संतोष जताया। डीएम ने परिसर में निर्मित बैठक सभागार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत कक्ष (रिर्सोस सेण्टर) तथा आवासीय कालोनी का निरीक्षण करते हुए खण्ड विकास अधिकारी दीपेन्द्र पाण्डेय से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने विभिन्न पटलों का अवलोकन करते हुए पंचायती कार्य, समाज कल्याण, जनसुनवाई, मनरेगा, स्थापना, आवास इत्यादि पटल सहायकों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा अभिलेखों एवं गार्ड फाईल के रख-रखाव को भी देखा। डीएम ने ग्रान्ट रजिस्टर प्रथम एवं द्वितीय का भी अवलोकन करते हुए आय-व्यय के सम्बन्ध में बीडीओ से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान पटलों से सम्बन्धित अभिलेख व गार्ड फाईल इत्यादि कागजात व्यवस्थित पाये गये। इस अवसर पर सहायक खण्ड विकास अधिकारी व अवर अभियन्ता मौजूद रहे।

## अनियंत्रित पुलिस वाहन ने सड़क किनारे खड़े लोगों को रौंदा , मासूम की मौत , चार घायल



बहराइच । बहराइच सीतापुर मार्ग पर स्थित भगवान पुर चौराहे पर एक पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े लोगों पर चढ़ गया हादसे में एक मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई ।वही चार लोग घायल है । घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है । अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है । हरदी थाना क्षेत्र में स्थित भगवानपुर चौराहे पर मंगलवार दोपहर हरदी थाने का पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लोगों पर चढ़ गया ।हादसे में परी उम्र 30 वर्ष , सुनीता देवी , ज्ञान देवी , शन्नो व सात साल की मासूम कुसुम गम्भीर रूप से घायल हो गई । घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया ।स्थानीय लोगों ने सभी को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा , जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने कुसुम को मृत घोषित कर दिया। घायल महिला ज्ञानदेवी ने बताया कि वो लोग मामा के यहां आयोजित बरही के कार्यक्रम में गए थे आज सभी वापस लौट कर चौराहे के पास खड़े थे ।तभी पुलिस की गाड़ी चढ़ गई। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि पुलिस की गाड़ी से हादसे की जानकारी मिली है । मामले की जांच की जा रही है।

संक्षेप

## गैर इरादतन हत्या के आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कोतवाली नगर क्षेत्र के चुनहा गांव में 23 जनवरी को हैदर अब्बास की हुई गैर इरादतन हत्या के मामले में आरोपी तौकीर हुसैन को कोर्ट से राहत नहीं मिली। जिला जज सुनील कुमार ने आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर गिरफ्तारी से रोक लगाने से इंकार कर दिया। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने बताया कि मृतक की मां अफरोज बानो की तहरीर पर पड़ोसी खादिम, उसकी मां बिलकिश बानो, तौकीर हुसैन समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

## अमेठी के गुंगवाछ कांड में नहीं आया गवाह

**सुलतानपुर (वीओएल)।** अमेठी के गुंगवाछ कांड में मंगलवार को जामो थाने के दारोगा विनोद सिंह गवाही देने नहीं आए। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि मामले में अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी। 15 मार्च 2022 को अमेठी के ग्राम पूरे राजापुर मौजा गुंगवाछ के पूर्व ग्राम प्रधान संकठा यादव, उनके पुत्र हनुमान उर्फ बजरंगी व अमरेश यादव और पत्नी नइका उर्फ पार्वती देवी की जमीन को लेकर चल रही रंजिश में हत्या कर दी गई थी। मामले में वर्तमान ग्राम प्रधान आशा तिवारी, उनके पति रामशंकर तिवारी व पुत्र नितिन तिवारी और गांव के बृजेश यादव, अखिलेश यादव, अभिषेक यादव व राम दुलारे यादव के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया था।

## टप्पेबाज महिलाओं ने पार किया लाखों का सोना-चांदी

**रायबरेली।** टप्पेबाज महिलाओं लालगंज कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर रिक्से में बैठी महिलाओं को अपना षिकार बनाते हुए उनके लाखों के जेवर पार कर दिये। पीड़ितो ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को देते हुए कार्रवाई की मांग की है। सरेनी थाना क्षेत्र के रामपुर कलां गांव निवासिनी षालू सिंह पत्नी अर्जुन ने बताया कि वह बीती 4 फरवरी को अपने मायके गुरूबक्सगंज थाना क्षेत्र के बांस गांव निमंत्रण में गई थी। 9 फरवरी को सायं लगभग तीन बजे वह पूरे बदई गांव से सीएनजी आटो में बैठकर वापस लौट रही थी। बरस गांव के पास दो महिलाए जिनकी उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष के बीच थी उसी रिक्से में बैठ गई साथ ही रेलकोच के निकट दोनो महिलायें उतर भी गई। घर पहुंचकर उसने देखा कि बैग की चेन खुली है साथ ही उसमें रखा 2 अंगूठी, सोने की चेन, दो मंगलसूत्र, पायल आदि जेवर गायब थे। वही दूसरी घटना मलपुरा गांव की महिला ललिता पत्नी आशीष लोधी के साथ दो दिन पूर्व घटित हुई थी। जिसमें उसने बताया था कि वह बेंहटा चैराहे से ई-रिक्से में बैठकर पानी टंकी जा रही थी। तभी 35-40 वर्ष की तीन महिलायें उसी रिक्से में बैठी और उसकी बैग में रखी लगभग आधा किलो चांदी को पार कर दिया था। दोनो पीडित महिलाओं ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी की मदद से आरोपी महिलाओं की षिनाख्त की जा रही है।

# लालगंज रेलवे क्रॉसिंग पर कार बनी आग का गोला

- चालक ने किसी तरह कूद कर बचायी जान, आसपास के लोगों व फायर ब्रिगेड कर्मियों ने पाया आग पर काबू



**लालगंज, रायबरेली।** मंगलवार दोपहर लालगंज-रायबरेली रोड के रेलवे फाटक के अंदर पटरी पर एक चलती अल्टो कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। कार चालक निवासी ग्राम ओरहार थाना दही जिला उन्नाव निवासी

दीपक पुत्र सुरेंद्र सिंह कार का गेट खोलकर भाग निकाला जिसके चलते किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। दीपक सिंह ने बताया कि सीएनजी कार होने के चलते अचानक कार के इंजन से अचानक श्वटश की आवाज आई और तुरंत आग लग गई। इसके बाद उसने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। बीच रेलवे पटरी पर कार में लगी आग देखकर भगदड़ मच गई क्योंकि ट्रेन तुरंत ही निकली थी, काफी वाहनों का जमावड़ा था। पास ही मौजूद यादव मिष्ठान भंडार के कर्मचारियों विजय यादव, रामशंकर, नन्हकऊ, अभिषेक, दीपक आदि ने अपने फायर किट सिलेंडर लेकर जलती कार पर झोंक दिया जिससे आग बढ़ नहीं सकी।

सूचना पाकर तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रेलवे के गेटमैन राजबहादुर ने बताया कि फाटक खुलने के बाद कार से चट की आवाज आई और आग लग गई। स्थानीय लोगों ने फायर किट से आग बुझाने का प्रयास किया और पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचित किया।

वहीं फायर ब्रिगेड प्रभारी उप निरीक्षक मुकेश गिरी ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि कार में आग लगने की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में सहायता की है। वहीं कार चालक दीपक सिंह का कहना था कि वह तकिया मेला आया था। उसके बाद बाल्हेश्वर मंदिर दर्शन करने जा रहा था। हादसे में वह बाल बाल बच गया है।

## सेफर इंटरनेट डे का आयोजन संपन्न

**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर के निदेर्शानुसार सीडीओ अंजु लता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग और साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता के लिए सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला सूचना विज्ञान अधिकारी बृजेश तिवारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को ऑनलाइन सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर अपराध से बचाव, मजबूत पासवर्ड के उपयोग, सोशल मीडिया के सुरक्षित प्रयोग तथा डिजिटल शिष्टाचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग न केवल आम नागरिकों बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

## प्रधान के यहां कई वर्षों से रह रहे बुजुर्ग की संदिग्ध हालत में मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** चंदापुर थाना क्षेत्र के रुकुनपुर ग्राम प्रधान के यहां कई वर्षों से रह रहे बुजुर्ग की संदिग्ध मौत हो गई। मौत की सूचना पर बेटे और बहू ने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए पुलिस बुला ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पूरे डीहा गांव निवासी शिवनारायन यादव उम्र 75 वर्ष करीब पांच वर्षों से ग्राम प्रधान के अमरनाथ द्विवेदी के यहां रहते हैं। मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही उनके बड़े बेटे जंग बहादुर बहू शिव दुलारी ने प्रधान के घर पहुंचकर हंगामा करते हुए पुलिस बुला ली। बहू शिव दुलारी ने ग्राम प्रधान को आरोपित करते हुए उसके ससुर की मौत की जांच कराने की मांग की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



जानकारी के मुताबिक मृतक शिवनारायन करीब पांच वर्ष पहले उसने अपनी जमीन का आधा हिस्सा छोटे बेटे नारेंद बहादुर व ग्राम प्रधान गीता देवी के पति अमरनाथ द्विवेदी को आधा हिस्सा बैनामा कर दिया था। जिसको लेकर उनके बेटों व प्रधान पति में विवाद चल रहा था। ग्रामीणों के अनुसार 75 वर्षीय मृतक शिवनारायन टीबी का मरीज था जिसका इलाज चल रहा था। वह वर्षों से अमरनाथ द्विवेदी के यहां ही रहता था।

## कटका बाजार में हाई मास्क लाइट को युवाओं ने दे दी श्रद्धांजलि



**सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कटका बाजार में लगी हाई मास्क लाइट बीते वर्ष 2016 में लगाई गई थी जो दो ही महीने में बंद हो गई। अनोखे अंदाज में विरोध करते हुए युवाओं ने हाई मास्क लाइट को ही श्रद्धांजलि दे दिया। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर रहे सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों को जनता की जन समस्याओं से कोई वास्ता न हो, जनता को अंधेरे में छोड़ दिया जाए उनके द्वारा लगाए गए हाई मास्क लाइट केवल पक्षियों के लिए मीटिंग का अड्डा हो गया है तो समझ लीजिए आपके जनप्रतिनिधि केवल दिखावटी हैं। युवाओं ने मांग कि है लगी हाई मास्क लाइट को तत्काल ठीक कराया जाए और कटका बाजार में हाई मास्क लाइट लगवाई जाए। रात होते ही कटका बाजार में अंधेरे का साया होने लगता है आने जाने वाले राहगीरों को अंधेरे का सामना करना पड़ता है लेकिन थोड़ी सी सुगमता इसलिए हो जाती है बाजार में दुकान और रहने वाले अपने घर की लाइटों का प्रयोग करते हैं जिससे कि कोई भी रात को बाजार में आ जा सके और रुक सके आसानी से। कई बार प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिधियों को अवगत कराने पर अभी तक बाजार में हाई मास्क लाइट नहीं लगाई गई है जिसके चलते आगामी समय उग्र आंदोलन की तरफ हम सभी बाध्य होंगे। श्रद्धांजलि में बृजेंद्र मिश्र, विवेक तिवारी, पप्पू कोरी, मोनू यादव, आमिर, हर्षित, शीतला प्रसाद पांडेय, धर्मेंद्र शर्मा दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आवास योजना में अमीर मालामाल, गरीब बेहाल, सरकार के दावे फेल

**जायस, अमेठी।** सरकार की योजना अमेठी जिले में गरीबों के लिए चल रही सरकारी आवास योजना जमीनी स्तर पर पूरी तरह फेल होती नजर आ रही है। हालात यह हैं कि जो वास्तव में गरीब हैं, यहा तक कि विधवा औरत तक झुग्गी झोपडी मे रहकर अपना जीवन यापन कर रही है। जबकि प्रभावशाली और अमीरों को एक नहीं बल्कि एक ही घर मे कई कई आवास मिल गए। इसी क्रम मे जायस नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर-12 मौल्वी-कला में सगीर और उनके सगे भाई को पात्र बनाकर आवास दिए गया जबकि सगीर अहमद का बहुमजिला आलीशान मकान घर पर गाडियां कई बीघा जमीन राजसी ठाठ जैसा गांव मे सगीर का महौल फिर भी डूडा के कर्मचारी व जांचकर्ता लेखपाल अपनी आखो पर काला चश्मा लगाकर ऐसे व्यक्ति को पात्र बना कर लाखो रुपए आवास का पैसा इनके खाते पर डाल दिया। वैसे ये मामला अधिकारियों की मिलीभगत और सरकारी सिस्टम की नाकामी को भी उजागर करता है। देखा जाये तो सरकार मंचों से गरीबों के उत्थान और पारदर्शिता के बडे बडे दावे करती है, लेकिन अमेठी की हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। सवाल यह है कि जब सब कुछ प्रशासन की आंखों के सामने हो रहा है, तो जिम्मेदार अधिकारी और सरकार अब तक चुप क्यों हैं? यदि शीघ्र निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो यह माना जाएगा कि इस लूट को विभागीय जिम्मेदारों का संरक्षण प्राप्त है। देखा जाये तो इससे पहले भी नगर पालिका परिषद जायस पर भष्टाचार के कई आरोप लग चुके है। लेकिन जांच के नाम पर अधिकारी कतराते नजर आये थे।

## खेल में चमके भादर के बच्चे, बीईओ ने दी बधाई

**भादर, अमेठी।** परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम और पी एम श्री विद्यालय सवनगी के छात्र छात्राओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में नम्बर एक बने रहने का रिकॉर्ड बनाए रखा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव और जिला व्यायाम शिक्षक संदीप सिंह ने विजयी टीमों को बधाई दी। भादर की टीम का नेतृत्व वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक सुभाष सिंह, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव भारती, ने किया। ब्लाक अध्यक्ष कपिलेश यादव, मंत्री देवांशु सिंह, संतोष शुक्ला, इन्द्र पाल गौतम, विजय प्रताप यादव, सतीश शर्मा, लालती देवी, कौशलेंद्र सिंह, गीता पाल, वरुण कुमार, विकास पाठक, सर्वजीत, शिव मोहन यादव, ओम प्रकाश राव, नीतू सिंह, मिथिलेश मौर्य, सत्येन्द्र द्विवेदी, प्रवीण सिंह, अरूण कुमार, राणासमीर, विनोद कुमार गौतम आदि ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। भादर की सांस्कृतिक टीम का नेतृत्व लालती देवी शिक्षा मित्र और शिक्षक संतोष शुक्ला ने किया।

## डीएम की पहल पर ऑटोमोबाइल एसोसिएशन ने युवती को दी स्कूटी



**रायबरेली।** जिलाधिकारी की पहल पर आटोमोबाइल एसोसिएशन ने एक ऐसी गरीब युवती को स्कूटी प्रदान की है जिसके पिता दिव्यांग व माता का निधन हो गया है। युवती ने पिता को उपचार हेतु अस्पताल लाने ले जाने के लिए जिलाधिकारी से बीती छः जनवरी को जनसुनवाई में मदद की गुहार लगाई थी। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में बीती 6 जनवरी को जनसुनवाई में लक्ष्मी पुत्री सभादीन ग्राम पूरे भक्तन बभनपुर, विकास खण्ड छतोह ने प्रार्थना पत्र देकर अनुरोध किया था कि मेरे पिता दिव्यांग है, माता मृतक है, और वो अपने माता-पिता की अकेली संतान है, मेरी आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है, पिता को उपचार हेतु अस्पताल लाने ले जाने में समस्या उत्पन्न होती है। जिलाधिकारी के पहल पर आटोमोबाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिहर सिंह, सचिव शिवम सिंह, संजय सबरवार, राकेश सिंह, विजय रस्तोगी, मोहित गुप्ता व एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक शशांक श्रीवास्तव द्वारा सहयोग से आज एक स्कूटी प्रदान की गयी। लक्ष्मी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूटी मिलने से उसके पिता का इलाज अब आसानी से हो सकेगा और उसे भी राहत मिलेगी।

# कृषि को मजबूत कर विकसित भारत की नींव रख रही भाजपा सरकार

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने कृषि को आधार बनाया है। मौजूदा बजट और सरकारी नीतियों का फोकस सीधे तौर पर किसानों की आय बढ़ाने, लागत घटाने और उत्पादन को तकनीक से जोड़ने पर है। यह बात मुख्य अतिथि निवर्तमान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चैधरी ने कोथरा खुर्द स्थित मेला वाली बाग में आयोजित किसान संवाद सम्मेलन में कही।

विशिष्ट अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार किसान हित को सर्वोपरि मानकर काम कर रही है। बीज, खाद, सिंचाई, फसल बीमा और न्यूनतम समर्थन मूल्य जैसी व्यवस्थाओं को मजबूत किया गया है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अब योजनाओं के परिणाम




कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि गांव-खेत तक दिखने लगे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में कृषि क्षेत्र में निवेश और तकनीकी सहयोग को और बढ़ाया जाएगा, जिससे किसान आत्मनिर्भर बन सकें और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। प्रतापगढ़ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की नीतियों ने किसानों को सुरक्षा और स्थायित्व दिया है। उन्होंने कहा कि सशक्त किसान ही आत्मनिर्भर भारत की असली पहचान है। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने कहा कि सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना पार्टी की प्राथमिकता है और इसके लिए कार्यकर्ता पूरी प्रतिबद्धता से जुटे हैं। अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रदेश मंत्री मीना चैबे, ब्लॉक प्रमुख सुषमा जायसवाल, जिला अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष डॉ. आर.ए वर्मा आदि मौजूद रहे।

# बाल लीलाओं से श्रीकृष्ण ने गोकुलवासियों को किया भयमुक्त : वेंकटेश्वर महाराज



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षेत्र के गौरा गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास अयोध्या धाम के वेंकटेश्वर महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य का मन भगवान से जुड़ जाता है तो उसके भीतर का भय स्वतः समाप्त हो जाता है और जीवन में शांति का संचार होता है।

कथा के दौरान महाराज ने बताया कि श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला मानव जीवन को धर्म, प्रेम और करुणा का संदेश देती है। बाल्यकाल में ही भगवान ने इंद्र के अभिमान का मान-मर्दन कर यह सिद्ध कर दिया कि अहंकार का अंत निश्चित है। गोवर्धन पर्वत धारण कर उन्होंने गोकुलवासियों को इंद्र के प्रकोप से बचाया और प्रकृति पूजन का महत्व समझाया। चीरहरण प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए कथा व्यास ने इसे आध्यात्मिक दृष्टि से आत्मसमर्पण और निष्कपट भक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणाएं हैं। असुरी शक्तियों के विनाश और भक्तों की रक्षा के प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। संगीत की धुन पर भक्तिरस गीतो से शिव शंकर पांडेय ने साथियों संग मधुर भजन प्रस्तुत कर भाव विभोर किया। यजमान विजय तिपाठी ने सपत्नीक व्यास पीठ की आरती उतारी। इस मौके पर पूर्व बार अध्यक्ष राम विशाल तिवारी, डॉ. अम्बरीष तिवारी, वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत मिश्र, अपूर्व मंगलम तिवारी, गांधी तिवारी, पवन तिवारी, मधुर तिवारी, नीलेश सागर, विजय पाल मिश्र आदि मौजूद रहे।

## कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाकर अभियान का शुभारंभ

**रायबरेली।** जनपद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आयोजित किया गया। अभियान का शुभारंभ उच्च प्राथमिक विद्यालय किला, रायबरेली में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा ने बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिला कर किया। सलोन सीएचसी पर प्रधान संघ के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल ने बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजोल दवा खिलाकर किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने बताया कि जनपद में शिवगढ़ ब्लॉक को छोड़कर अन्य 19 सीएचसी एवं शहरी क्षेत्रों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत एक से 19 साल के 13.44 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जो बच्चे दवा सेवन से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 13 फरवरी को आयोजित मॉप-अप राउंड में दवा दी जाएगी। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर एल्बेंडाजोल टेबलेट बच्चों को खिलाने के लिए एक कैंप लगाया गया। इसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपने-अपने पाल्यों को यह दवा खिलवाई। विद्यालय कैंम्पस में भारी तादाद में अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने इस सरकारी योजना का लाभ उठाते हुए इसे बच्चों के हित में विद्यालय द्वारा उठाया गया सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि आज जो कृमिनाशक दवा विद्यालय में खिलाई जा रही है, यह डाक्टर के पर्चे द्वारा मिलने वाली दवा है। यह दवा खासतौर से पेट में कीडे के उपचार के लिए इस्तेमाल की जाती है।

## स्टेडियम में मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आज, सभी तैयारियां पूर्ण



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडल स्तरीय परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मेजबान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता की देखरेख में प्राथमिक और जूनियर बालक बालिका के दोनों संवर्गों में एथलेटिक्स खो खो कबड्डी जिम्नास्टिक पीटी टेबल टेनिस बैडमिंटन जूडो कुश्ती योगासन लोकगीत एकांकी जिम्नास्टिक हैंडबॉल वॉलीबॉल फुटबॉल क्रिकेट हॉकी बास्केटबाल शतरंज में खिलाड़ियों को दम दिखाना होगा। विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी ने बताया कि इसमें मंडल के सभी पांच जिलों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे, जिसमें बाराबंकी, सुलतानपुर, अमेठी, अम्बेडकरनगर और अयोध्या की टीम के खिलाड़ी दम दिखाएंगे। जिला व्यायाम शिक्षिका श्रद्धा सिंह ने बताया प्रतियोगिता संबंधी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस मौके पर सभी ब्लॉक व्यायाम शिक्षक जिला स्काउट मास्टर धर्मेंद्र सिंह, जिला गाइड कैप्टन ज्योति सिंह, डॉ. बबिता सिंह, हरीश, परमात्मा, महेश यादव, मुनेंद्र मिश्र, अभिषेक सिंह, ओम प्रकाश पाल, मनोज सिंह, उमेश यादव सहित शिक्षक एवं विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू



**गौरीगंज, अमेठी।** मंगलवार को थानाक्षेत्र के चंद्रिका मिश्र का पुरवा मजरे पठानपुर में भागवत कथा के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भागवत कथा के मुख्य यजमान ज्ञानप्रताप शुक्ल तथा आयोजक सुभाष शुक्ल के आयोजकत्व में वृन्दावन धाम से पधारे परमपूज्य धर्मेन्द्र शास्त्री जी महाराज के सानिध्य में कलश यात्रा दुर्गन भवानी धाम तक गई जिसमें गाजे बाजे के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। तत्पश्चात पूज्य व्यास जी ने आज श्रीमद्भगवत के प्रथम दिवस श्रीमद् भागवत कथा के माहात्म्य का विस्तार से विश्लेषण किया। उन्होंने कहा यह कथा भगवान के प्रति अटूट भक्ति, ज्ञान और मोक्ष प्राप्त करने का पावन मार्ग है। दोषों का समूल नाश करके मन को शुद्ध करते हुए समस्त पापों को नष्ट करने वाली है। कथा में प्रमुख रूप प्रो0विजय कुमार मिश्र, प्रो0राकेश कुमार शुक्ल, श्याम सुन्दर शुक्ल, रामचंद्र शुक्ल, राम शंकर शुक्ल, के0के0मिश्र, डिप्टी पाण्डेय, अनुपम सिंह, आलोक मिश्र, शिवकुमार मिश्र, उमानाथ मिश्र, अमित सिंह, विनोद, प्रशान्त आदि अनेकों गणमान्य उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस पोर्टल पर रायबरेली पुलिस प्रथम

**रायबरेली।** एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली पोर्टल के तहत जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण में रायबरेली पुलिस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। माह जनवरी 2026 की मासिक रैंकिंग में जनपद रायबरेली ने उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही, जनपद के 18 थानों को संयुक्त रूप से पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल हुआ है। यह उपलब्धि पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन और जनपदीय पुलिस की अथक मेहनत, लगन तथा समर्पण का परिणाम है। आईजीआरएस पोर्टल पर विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों की जांच हेतु जांचकर्ता अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर प्रकरणों की निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण जांच की गई। सभी शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्वक निस्तारण सुनिश्चित किया गया। इसके अतिरिक्त,



शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया गया, जिससे पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सका। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कारण पीड़ितों का पुलिस के प्रति विश्वास और समन्वय बेहतर हुआ है। कई पीड़ितों ने पुलिस की कार्यशैली की खुलकर प्रशंसा की है, जो इस टीम वर्क और प्रतिबद्धता की सबसे बड़ी पहचान है। पुलिस अधीक्षक के सतत मार्गदर्शन में जनपदीय पुलिस ने इस कठिन परिश्रम से न केवल जन शिकायतों के निवारण में उत्कृष्टता दिखाई, बल्कि प्रदेश स्तर पर एक मिसाल भी कायम की है। यह सफलता पुलिस विभाग की जन-केंद्रित नीतियों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शासन व्यवस्था के प्रति जवाबदेही की भावना को मजबूत करती है।

### एसपीने थाना मिलएरिया का किया आकस्मिक निरीक्षण

**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने बीती रात थाना मिलएरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने के प्रचलित अभिलेखों (रिकॉर्ड्स) का रख-रखाव और व्यवस्था, महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली, साइबर हेल्प डेस्क की सुविधाएं और शिकायत निस्तारण प्रक्रिया, मैस, बैरक, बंदीगृह की स्थिति और सुरक्षा का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के समय थाना परिसर में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, पुलिसकर्मियों की सुविधाएं और महिला एवं साइबर संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण की समीक्षा की गई। एसपी रवि कुमार ने पाया कि अभिलेख सुव्यवस्थित हैं और कई मामलों में शिकायतों का निपटारा संतोषजनक ढंग से हो रहा है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में और सुधार की आवश्यकता है। इसके अलावा, उन्होंने थाना स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## घूस लेते उपनिरीक्षक गिरफ्तार

**अमेठी।** एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए इन्हौना थाने में तैनात उप निरीक्षक राजेश पाल को हाईवे के पास स्थित एक ढाबे से हिरासत में ले लिया। टीम की कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे और क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। सूत्रों के अनुसार उप निरीक्षक पर एक सड़क हादसे से जुड़े मामले की विवेचना के नाम पर पीड़ित से धनराशि मांगने का आरोप है। पीड़ित द्वारा एंटी करप्शन टीम से शिकायत किए जाने के बाद टीम ने गोपनीय तरीके से कार्रवाई की। हालांकि अब तक इस मामले में रिश्वत की रकम या अन्य तथ्यों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। कार्रवाई के बाद एंटी करप्शन टीम उप निरीक्षक को अपने साथ ले गई और मामले की जांच शुरू कर दी है। टीम की ओर से फिलहाल पूरे प्रकरण को लेकर कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी विवेक कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने पुष्टि की है कि एंटी करप्शन टीम ने उप निरीक्षक को हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि रुपये लेने के आरोपों की अभी जांच की जा रही है और स्थिति स्पष्ट नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि एंटी करप्शन टीम से आधिकारिक रिपोर्ट मिलने के बाद ही विभागीय या कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरा मामला जांच के दायरे में है।

संक्षेप

## विशेष पुलिस अफसरों पुलिस मित्र को परिचय पत्र बांटे

**फिरोजाबाद**। एसएसपी सौरभ दीक्षित की नई पहल बेहतर पुलिसिंग के अन्तर्गत सम्पूर्ण जनपद से 220 से अधिक विशेष पुलिस अधिकारियों पुलिस मित्र को परिचय पत्र वितरित किए गए। मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देशीय हॉल में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं ग्रामीण की उपस्थिति में विशेष आयोजन किया गया,जिसमें आगामी त्योहार एवं चुनाव के दृष्टिगत शहर एवं देहात क्षेत्र से 220 से अधिक संभ्रांत व्यक्तियों को विशेष पुलिस अधिकारियों पुलिस मित्रों को परिचय पत्र बांटे गये। एसएसपी ने पुलिस मित्रों से विस्तृत विचार विमर्श कर उनके दायित्वों पर चर्चा की,जिसमें पुलिस को सूचना देने वे कानून व्यवस्था में सहयोग देने के संबंध में आवश्य दिशा-निर्देश दिये गये।

## छह यात्रियों की मौत के जिम्मेदार दोषी कैंटर चालक गिरफ्तार

**मथुरा**। यमुना एक्सप्रेस वे पर बस से लघुशंका को उतरे छह यात्रियों को रौंदने के आरोपित कैंटर चालक को सुरीर पुलिस ने मंगलवार को तेहरा अंडरपास पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दिल्ली के नांगलोई से औरैया के विधूना जा रही स्लीपर कोच बस के चालक ने यमुना एक्सप्रेस वे पर माइल स्टोन 88 पर बस मालिक के भतीजे सोनू को बैठाने के लिए बस को रोक लिया था। तभी कुछ यात्री लघुशंका करने के लिए नीचे उतर गए थे। इस दौरान नोएडा की ओर से कांच का स्क्रैप लेकर आ रहे कैंटर ने नीचे खड़े यात्रियों को रौंदते हुए बस में टक्कर मार दी थी, जिससे छह यात्रियों की मृत्यु हो गई थी। कैंटर चालक के अलावा बस चालक को भी हादसे के लिए जिम्मेदार मानते हुए सुरीर पुलिस ने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। क्योंकि चालक ने ग्रीन जोन के बजाय बस को सड़क की आखिरी लेन पर रोक लिया था हादसे के बाद दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार हो गए थे। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीम गठित की गईं थीं। सुरीर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि कैंटर चालक दिनेश कुमार निवासी मोहल्ला ओमनगर चंदवार गेट थाना लाइनपार जिला फिरोजाबाद को मंगलवार सुबह तेहरा अंडरपास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि बस चालक की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## मकान और मंदिर न देने की खायी शपथ

**मथुरा**। विश्व विख्यात बांकेबिहारी मंदिर कॉरिडोर विवाद में सेवायतों द्वारा मंगलवार को अपना विरोध दर्ज कराया। प्रस्तावित कॉरिडोर निर्माण के पीड़ित जनों ने बांकेबिहारी मंदिर चबूतरा पर हाथ उठाकर अपना मकान और मंदिर ना देने की शपथ खाई। सभी ने एक स्वर में कहा कि सरकार कुछ भूमाफियाओं द्वारा दबाव डालकर जबरदस्ती हमारे सैकड़ों साल पुराने मंदिरों और मकानों को छीनना चाहती है। पंडित सोहन लाल मिश्र ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का सख्त आदेश है कि यदि कॉरिडोर बनता है तो बिहारी जी के कोष से रकम दी जाएगी और बिहारी जी मंदिर के निमित्त ही रजिस्ट्री होगी तो फिर यह सरकार का प्रशासन अपने नाम रजिस्ट्री कैसे करवा सकता है और कहाँ से धन दे रहा है, यह सब जो रजिस्ट्री हुई है, सभी अवैध है और दबाव डालकर करवाई गई है। राधा मिश्रा ने कहा कि प्रशासन जनता के बीच में भ्रम की स्थिति पैदा करके बाकी अन्य लोगों को भी दबाव में लेने की कोशिश कर रहा है।

# जिले में आज खिलायी गयी कृमि मुक्ति दवा



**मॉप अप राउंड 13 को, जिसमें दवा खाने से छूटे बच्चों को किया जायेगा आच्छादित**

**मथुरा**। जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएमओ डॉ राधा बल्लभ के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान शुरू हो गया। अभियान का शुभारंभ पीएम केंद्रीय विद्यालय तीन बाद जनपद मथुरा में सीएमओ की उपस्थित बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाकर किया गया।

शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित निजी व सरकारी विद्यालयों और आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। जो बच्चे किसी कारणवश दवा खाने से छूट जाएंगे उन्हें 13 फरवरी को मॉप-अप राउंड के दौरान दवा खिलाई जाएगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों में कृमि संक्रमण होने की आशंका रहती है। कृमि संक्रमण के कारण कुपोषण भी हो जाता है। पेट के कीड़े संक्रमित व्यक्ति के शरीर से पोषण लेते है, इसके कारण अच्छा पौष्टिक भोजन देने के बाद भी बच्चा कुपोषित रहता है। इसलिए सभी जनपदवासियों से अपील है कि वह अपने एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों को 10 फरवरी को चलने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के दौरान अल्बेंडाजोल की दवा जरूर खिलाएं। कृमि मुक्ति अभियान बच्चों को स्वस्थ रखने की दिशा में एक कदम हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। जिला सामुदायिक प्रक्रिया समन्वयक डॉ. पारुल शर्मा ने बताया कि इस अभियान को आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्कूलों के सहयोग से चलाया जायेगा। 1 से 5 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को, 6 से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों, ईंट भट्ठों पर कार्य करने वाले व घुमंतू लाभार्थियों को आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी। इसके अलावा सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों, मदरसों में शिक्षकों के माध्यम से और किशोर जुबेनाइल होम में प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से 6 से 19 वर्ष तक के बच्चों को दवा खिलाई जाएगी। डीसीपीएम ने बताया कि अभियान के बाद 13 फरवरी को जिले में मॉप अप राउंड चलाया जाएगा। इसमें स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों पर कृमि मुक्ति दिवस के दिन जो लाभार्थी अनुपस्थित रहने या किन्हीं अन्य कारणों से दवा खाने से वंचित रह जायेंगे।

## श्री वामन भगवान महोत्सव समिति ने लगाया निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

**मथुरा**।श्री वामन भगवान महोत्सव समिति (रजिस्टर्ड, उत्तर प्रदेश) के तत्वावधान में मंगलवार को गली पातीराम, मंडी रामदास स्थित सुरेश चंद गोला जी के आवास पर, मंदिर के समीप एक निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शिविर में अनुभवी नेत्र चिकित्सकों द्वारा स्थानीय नागरिकों की आँखों की जाँच की गई तथा उन्हें चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया गया। इस शिविर का लाभ 65 से अधिक नागरिकों ने उठाया।

इस अवसर पर समिति के संस्थापक श्याम शर्मा ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाना समिति का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है और इस प्रकार के शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं।समिति के कार्यकारी अध्यक्ष संजय हरियाणा ने शिविर के सफल आयोजन हेतु चिकित्सकों, कार्यकताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति भविष्य में भी जनहित में इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर करती रहेगी।शिविर में उपस्थित डॉ. सिद्धार्थ तरकर ने नेत्र रोगों से बचाव, नियमित जाँच की आवश्यकता एवं आँखों की उचित देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण



जानकारियाँ साझा कीं तथा लोगों से समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराने की अपील की।वहीं समिति के महामंत्री श्री अर्जुन पंडित ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा प्रत्येक तीन माह में इस प्रकार के निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

इस अवसर पर श्याम शर्मा, संजय हरियाणा, विजय शर्मा, अर्जुन पंडित, आशीष शर्मा, कुलदीप शर्मा, शिव नारायण, डोमेश शर्मा, सुरेश गोला, हरिकिशन गोला, डॉ. सिद्धार्थ तरकर, योगेश शर्मा, मोना डागोर, सिंधु ,बिस्सा चैधरी, विवेक शर्मा,सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन




**फिरोजाबाद**। डीएम के नेतृत्व में मंगलवार को विकास भवन सभागार कक्ष में सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अंकित कुमार ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया।जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ए.आई के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जहाँ ए आई शिक्षा एवं कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक है,वहीं इसके माध्यम से फैल रहे डीप-फेक डेटा प्राइवेसी उल्लंघन जैसे खतरों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी ए आई टूल का उपयोग करते समय व्यक्तिगत एवं संवेदनशील जानकारी साझा न करें। वित्तीय सुरक्षा के संबंध में उन्होंने बताया कि इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करते समय सदैव बैंक की आधिकारिक वेबसाइट एवं सुरक्षित नेटवर्क का ही प्रयोग करें। सार्वजनिक वाई-फाई के माध्यम से वित्तीय लेन-देन करने से बचें तथा अपने पासवर्ड और पिन को समय-समय पर बदलते रहें। उन्होंने अनजान लिंक पर क्लिक न करने की सलाह दी तथा साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नं. 1930 या वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करने का आह्वान किया। उप्र पुलिस की साइबर सुरक्षा टीम से लोकेश ने बताया कि ह्यडिजिटल अरेस्ट जैसी कोई वैधानिक प्रक्रिया नहीं है। यदि इस प्रकार की कोई कॉल प्राप्त होती है, तो उसकी तुरंत सूचना दें, ताकि साइबर अपराधियों के खिलाफ उचित स्तर पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके। कार्यशाला में जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय नेटवर्क इंजीनियर डीआरएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने किया तहसील सदर का औचक निरीक्षण

**फिरोजाबाद**। डीएम रमेश रंजन द्वारा मंगलवार को डीएम वि0रा0 विशु राजा एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी के साथ सदर तहसील का औचक निरीक्षण किया गया,निरीक्षण के दौरान कार्यों में अत्यधिक शीथिलता और लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराज की व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए, डीएम निरीक्षण की शुरूआत में उप जिलाधिकारी कोर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने मुकदमों के वर्तमान स्थिति की समीक्षा की धारा-24 के अंतर्गत मुकदमों की सही पैरवी न करने और विशेष रूप से अमर सिंह बनाम करण सिंह मामले में रिपोर्ट सही ढंग से प्रस्तुत न करने पर जिलाधिकारी ने पेशकार को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। तहसीलदार कोर्ट के निरीक्षण के दौरान लंबित वादों की संख्या अत्यधिक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताई, उन्होंने तहसीलदार और उनके पेशकार को चार्जशीट देने के निर्देश देते हुए कार्य प्रणाली में सुधार की चेतावनी दी, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि लंबित बैनामों की सूची तैयार कर तत्काल पेंडेंसी निकालने और केस दर्ज करने के बाद नोटिस जारी करने के निर्देश दिए जाए, धारा-67, धारा-24 और धारा-16 के अंतर्गत लंबित अनुपालनों को पूर्ण करने को कहा, तहसील के खतौनी कक्ष में लगी पे0टी0एम0 मशीन खराब मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी आपत्ति जताई और तहसीलदार को निर्देशित किया, कि इसे तत्काल ठीक कराया जाए, जिलाधिकारी ने ऑफलाइन मुकदमों के दर्ज होने पर सख्त रूप अपनाते हुए कहा कि जिन पटलों पर ऑफलाइन केस सर्वाधिक है, उनकी सूची तत्काल प्रस्तुत की जाए, उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे पटल सहायकों और उत्तरदाई अधिकारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध चार्जशीट जारी की जाए,अंत में उन्होंने कहा कि जनता के वादों के निस्तारण में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जो भी अधिकारी या कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी के प्रति लापरवाही बरतेगा.उसके विरुद्ध कठोरतम अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मथुरा-वृंदावन विप्रा में बड़ी फेरबदल



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा**। मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण में प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने और कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से बड़ा फेरबदल किया गया है। प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन. के निदेशार्नुसार सचिव आशीष कुमार सिंह ने सोमवार को एक कार्यालय आदेश जारी करते हुए शहर के विभिन्न सेक्टरों में तैनात अवर अभियंताओं के कार्यक्षेत्रों में व्यापक बदलाव किए हैं। ?इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में बढ़ रहे अवैध निमार्णों पर प्रभावी रोक लगाना और शमन संबंधी मानचित्रों की पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण करना है। प्राधिकरण ने पूरे क्षेत्र को 12 सेक्टरों में विभाजित करते हुए जिम्मेदारियां सौंपी हैं। प्रमुख आवंटन इस प्रकार हैं। वृंदावन क्षेत्रः सेक्टर-01 (छटीकरा से वृंदावन दांई ओर) की जिम्मेदारी सुनील कुमार राजौरिया को दी गई है जबकि सेक्टर-02 (वृंदावन शहर) का कार्यभार बदन सिंह संभालेंगे। ?मथुरा शहर व यमुना पारः सेक्टर-03 (यमुना पार) के लिए अनिल सिंघल और सेक्टर-04 (मथुरा शहर) के लिए बदन सिंह को नामित किया गया है। हाईवे और सीमावर्ती क्षेत्रः सेक्टर-05 (गोकुल बैराज से आगरा सीमा) की जिम्मेदारी मनोज अग्रवाल को मिली है। वहीं गोवर्धन-राधाकुण्ड क्षेत्र (सेक्टर-10) का जिम्मा हिमांशु दिवाकर को सौंपा गया है। कोसी-नन्दगाँव क्षेत्रः सेक्टर-11 में मनोज अग्रवाल कार्यों की देखरेख करेंगे।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अनिल सिंघल (अवर अभियंता) के अवकाश से लौटने तक उनके आवंटित क्षेत्र (सेक्टर-03) का कार्य बदन सिंह द्वारा अतिरिक्त रूप से देखा जाएगा। ?सूत्रों के अनुसार यह फेरबदल उन शिकायतों के बाद किया गया है जिनमें कुछ क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों और निमार्णों की गति बढ़ने की बात सामने आई थी। नए आवंटन के बाद अब अवर अभियंताओं के साथ-साथ संबंधित सहायक अभियंताओं जैसे पंकज शुक्ला, सुमित कुमार-प्रथम और सुमित कुमार-द्वितीय की जवाबदेही भी तय कर दी गई है।

## प्लाटून कमांडर की बेटी चीर घाट के समीप से लापता, हरियाणा से पति के संग आई थी घूमने

**मथुरा**। हरियाणा के हिसार से पति के साथ वृंदावन घूमने आई युवती रविवार दोपहर को चीर घाट के समीप भीड़ के बीच से अचानक लापता हो गई। साथ चल रहे पति के काफी तलाश करने के बाद निराशा हाथ लगने पर पति ने वृंदावन कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। लापता युवती के पिता हरियाणा के फतेहाबाद में होमगार्ड के प्लाटून कमांडर हैं। वह अपनी बेटी की तलाश पिछले दो दिनों से कर रहे हैं। प्लाटून कमांडर बलवंत सिंह ने बताया कि उनकी बेटी सपना पति हिसार निवासी संजय के साथ शुक्रवार को वृंदावन घूमने आई थी। रविवार दोपहर को वह चीर घाट के समीप भीड़ के बीच अपने पति से बिछुड़ गई। उसके बाद से ही वह लापता हो गई। इसकी जानकारी दामाद संजय ने उन्हें फोन कॉल करके दी। वह भी हरियाणा से बेटी की तलाश में आए। उन्होंने और दामाद के साथ बेटी को काफी तलाश किया, लेकिन कुछ भी सुराग नहीं लगा। किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पति संजय ने पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं युवती का फोन भी बंद जा रहा है।

## रेहड़ी व पटरी वालों ने फिर से की मनमानी नगर पालिका को दिखाया ठेंगा

**शिकोहाबाद**। नगर पालिका द्वारा चलाए गए अतिक्रमण अभियान के दौरान फुटपाथ को घेरे सब्जी के ठेल वाले को हटा दिया गया था। जिसके मैनपुरी चौराहा पूरी तरह से साफ सुथरा और अतिक्रमण मुक्त हो गया था। लेकिन नगर पालिका की टीम के जाते ही रेडी एवं पटरी वालों ने फिर से मनमानी करते हुए नगर पालिका को ठेंगा दिखाते हुए फुटपाथ पर कब्जा कर लिया गया।

## स्थापना दिवस पर इंडियन ओवरसीज बैंक ने बांटी सिलाई मशीनें




**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)**। देश की प्रमुख इंडियन ओवरसीज बैंक का 90वां स्थापना दिवस मथुरा में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बैंक द्वारा जनकल्याण और सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में इंडियन ओवरसीज बैंक वाई एन वाई शाखा मथुरा द्वारा पी एम वी पॉलिटेक्निक कॉलेज मथुरा को पांच सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। यह योजना कौशल विकास महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित की गई। इस अवसर पर वाई एन वाई शाखा मथुरा जय कृष्ण वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मथुरा मुख्य शाखा गौरव शर्मा प्रबंधक तथा सचिन यादव प्रबंधक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक हेमंत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इंडियन ओवरसीज बैंक समाज के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहा है। बैंक शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रहा है। पी एम वी पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रतिनिधि अतुल कुमार वर्मा तथा प्राचार्य सूर्य प्रताप सिंह ने बैंक द्वारा दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डीएम ने राजनीतिक दलों के संग की बैठक




**फिरोजाबाद**। डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में विशेष प्रगाढ़ निर्वाचन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध पारदर्शी और समावेशी बनाना रहा, बैठक में डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वह अपने-अपने क्षेत्र में फार्म-6 के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करने में प्रशासन का सहयोग करें, उन्होंने जोर देते हुए कहा कि डाटा कलेक्शन की प्रक्रिया को त्रुटि रहित बनाने के लिए बी एल ओ बूथ लेवल ऑफिसर के साथ अपने बी एल ए बूथ लेवल एजेंट को अनिवार्य रूप से लगाए ताकि किसी भी स्तर पर त्रुटि की संभावना न रहे, बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 1 अक्टूबर 2026 तक जो नागरिक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं उन्हें भी मतदाता सूची में शामिल करने हेतु चिन्हित किया जाए,जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि अब सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्वयं आधिकारिक फील्ड विजिट कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे,अंत में जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकतंत्र की मजबूती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकतंत्र की असली खूबसूरती इसी में है कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में हो और वह अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहे,इसमें सभी राजनीतिक दलों का सक्रिय सहयोग अनिवार्य है,

बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व विशु राजा एडीएम नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता,डिप्टी कलेक्टर सहायक निर्वाचन अधिकारी अनुराधा सिंह,तथा बहुजन समाज पार्टी के यादवेंद्र सिंह,अमित गर्ग एडवोकेट जिला अध्यक्ष आप, शैलेंद्र शुक्ला जिला महासचिव कांग्रेस,शैलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, डॉक्टर विजय आर्य समाजवादी पार्टी नवल किशोर एडवोकेट महामंत्री सीपीआईएम,राम नरेश कटारा बीजेपी आदि उपस्थित रहे।

## भादर ने जीती वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता की चैम्पियनशिप, जगदीशपुर उपविजेता

**अमेठी**। बेसिक शिक्षा विभाग के कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता मंगलवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में भादर विकास खंड की टीम विजेता और जगदीशपुर विकास खंड की टीम उपविजेता रही। बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने विजेता और उपविजेता टीम को शील्ड प्रदान की और प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।पी एम श्री विद्यालय के बच्चों की विजेता टीमों को खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव और डॉ संतोष कुमार यादव ने पुरस्कार प्रदान किए दूसरे दिन कबड्डी, खो-खो, वालीबाल के फाइनल मैच हुए। एथलेटिक्स की गोला फेंक,चक्का फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद,600मी दौड़ ,रिले रेस, जिमनास्टिक और बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। अधिकांश प्रतियोगिताएं भादर, जगदीशपुर, सिंहपुर, बहादुरपुर, संग्रामपुर और मुसाफिरखाना की टीमों ने जीतीं।भादर के आजाद ने लम्बी कूद, ऊंची कूद और गोला-फेंक में स्वर्ण पदक हासिल किए। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, शैक्षिक महासंघ के विवेक शुक्ला, प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री अरुण कुमार सिंह,एस सी एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पवन कुमार के साथ कपिलेश यादव, अवधेश प्रताप, राघवेन्द्र सिंह, इन्द्र पाल गौतम, सालेहा खातिर जमा, सतीश शर्मा, राकेश तिवारी, रामदेव पांडेय आदि शिक्षक नेताओं ने खेल मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता का कुशल संचालन जिला व्यायाम शिक्षक संदीप सिंह और व्यायाम शिक्षिका आरती सिंह ने किया। विजेता टीम का नेतृत्व वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक सुभाष सिंह और उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने किया।

## राजस्व वसूली को लेकर डीएम ने की समीक्षा

**मथुरा**। डीएमचंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड (राजस्व), कर-करेत्तर, राजस्व प्रशासन, राजस्व कार्यों, चकबंदी कार्यों, राजस्व वादों, आईजीआरएस संदर्भों तथा खाद्य सुरक्षा/खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा बैठक हुई संपन्न। बैठक में डिएम ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए निर्देश दिए कि मुख्यमंत्रीजी, प्रमुख सचिव एवं मंडलायुक्त स्तर से संदर्भित शिकायतों को संबंधित अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर रिपोर्ट प्रेषित करें तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम द्वारा एलडीएम, सीएमओ, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी, वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा विभाग), एएमए जिला पंचायत, अधिशासी अधिकारी फरह, राधाकुंड व नंदगांव, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, एडीओ पंचायत राया व अधिशासी अभियंता सिंचाई मांट ब्रांच को आईजीआरएस पर खबर प्रगति पर स्पष्टीकरण (कारण बताओ नोटिस) जारी करने के निर्देश दिए गए है। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। डीएम ने कहा कि शिकायतकताओं की संतुष्टि अहम है। डीएमने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीदारों को निर्देश दिए कि धारा 80, धारा 24, धारा 116, धारा 34 आदि के निस्तारण ससमय सुनिश्चित करें। अपने-अपने कोर्ट केस का निराकरण करे। 5 साल से अधिक लंबित मामलों को खत्म करे। डीएम ने स्टांप, विद्युत, राज्य कर, परिवहन, रोडवेज, आबकारी, मंडी समिति, बांट माप, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, खनन आदि विभागों को राजस्व वसूली के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए।


## जनपद पुलिस ने चलाया चाइनीज मांझों के विरुद्ध विशेष अभियान

**फिरोजाबाद**। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मंगलवार को जनपद के समस्त नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चाइनीज माँझों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत सम्बन्धित क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों मय पुलिस टीम द्वारा पतंग एवं माँझे का क्रय-विक्रय तथा भण्डारण करने वाले दुकानदारों की दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चाइनीज माँझे का अवैध रूप से क्रय-विक्रय एवं भण्डारण करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त दुकानदारों एवं आमजन को चाइनीज माँझे के प्रयोग से होने वाली गंभीर दुर्घटनाओं, पर्यावरणीय क्षति तथा जनहानि के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा भविष्य में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों से दूर रहने हेतु आमजन को आवश्यक सलाह एवं निर्देश दिए गए, जिसमें बताया गया कि चीनी माँझे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित एवं अवैध है, चाइनीज माँझा जनसुरक्षा पशु-पक्षियों एवं पर्यावरण के लिए अत्यंत घातक सिद्ध होता है। इसका निर्माण विक्रय, भण्डारण एवं उपयोग करना कानून अपराध है, जिस पर सख्त कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। केवल पारंपरिक सूती अथवा बायोडिग्रेडेबल माँझे का ही प्रयोग करें, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना एवं जनहानि से बचा जा सके। पुलिस अधिकारियों ने अपील की कि यदि किसी आमजन को चाइनीज माँझे के अवैध क्रय-विक्रय अथवा उपयोग की जानकारी प्राप्त होती है,तो तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्यवाही की जा सके। जनहित एवं जनसुरक्षा के दृष्टिगत यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

# फुटपाथ पर किये कब्जे पर नपा का बुलडोजर चला

जिला संवाददाता (vol)

**शिकोहाबाद**। कई दिनों से नगर जाम के झाम से परेशान था कुछ दिन पहले ही नगर पालिका चेयरमैन ने सड़क और फुटपाथ पर किए गए कब्जे को लेकर चेतावनी देते हुए कहा था कि जल्द ही लोग अपना कब्जा हटा ले नहीं तो नगर पालिका का अतिक्रमण अभियान चला कर उसको कब्जा मुक्त कराएगी। 25 दिन बीतने के बाद जब लोगों ने कब्जा नहीं हटाया तो मंगलवार दोपहर को मैनपुरी चौराहा से मैनपुरी तिराहा तक नगर पालिका प्रशासन का बुलडोजर गरजा यह देखकर फुटपाथ पर कब्जा करें सब्जी के ठेल वालों में हड़कंप मच गया कई सब्जी के ठेल को ट्रैक्टर में लाद कर वाटर बॉक्स पर खड़ा करा दिया और आगे से चेतावनी दी अगर यहां कब्जा किया तो होगी बड़ी कार्रवाई।पिछले कई दिनों से नगर में फुटपाथों पर




कब्जा होने के चलते लोग जाम के झाम परेशान थे। जिसको लेकर लोगों ने आक्रोश पनप रहा था। लोगो की परेशानियो को देखते हुए 25 दिन पूर्व नगर पालिका चेयरमैन रानी गुप्ता ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते कहा था कि एक हफ्ते के अंदर लोग फूटपाथ को खाली कर दे नहीं तो नगर पालिका अतिक्रमण अभियान चलाकर सड़कों को मुक्त कराएगी। 25 दिन बीतने के बाद लोगों द्वारा फुटपाथों पर किए गए कब्जे को नहीं हटाया गया था। मंगलवार को नगर पालिका की टीम ने मैनपुरी चौराहा से मैनपुरी तिराहा तक अतिक्रमण अभियान चलाया नगर पालिका का बुलडोजर देखकर फुटपाथों पर कब्जा करें सब्जी के ठेल वालों में हड़कंप मच गया कई सब्जी वाले अपने ठेल लेकर इधर-उधर भागने लगे तो कई सब्जी के ठेले को ट्रैक्टरों में लाद कर वाटर बॉक्स पर खड़ा कर दिया गया। आधे घंटे के अंदर ही मैनपुरी चौराहा सबसे व्यस्त चौराहा लगने वाला एक साफ सुथरा मैनपुरी चौराहा लग रहा था अतिक्रमण अभियान के बाद लोगों ने नगर पालिका टीम की सराहना करते हुए कहा काफी समय से यहां जाम की स्थिति पैदा होती थी आज नगर पालिका ने अतिक्रमण अभियान चलाकर इस सड़क को मुक्त कर दिया है। चेयरमैन रानी गुप्ता ने कहा कि नगर में लगातार अतिक्रमण अभियान जारी रहेगा लोगों द्वारा किए गए फुटपाथों से कब्जा हटाया जाएगा उन्होंने कहा कि मैनपुरी चौराहा और एटा चौराहा पर कई ऑटो बीच सड़क पर खड़ा कर देते हैं जिसके चलते जाम लगता है। कोई भी ऑटो ऐसा करते देखा गया तो सभी ऑटो को वाटर बॉक्स में खड़ा कर दिया जाएगा।

# सेंसेक्स में 208 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 208 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 68 अंक के लाभ में रहा। मजबूत वैश्विक संकेतों और भारत-अमेरिकी व्यापार समझौते को लेकर बनी उम्मीद के बीच बाजार में तेजी जारी है। हालांकि, निवेशकों ने उच्चस्तर पर मुनाफावसूली भी की।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 208.17 अंक यानी 0.25 प्रतिशत चढ़कर 84,273.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, मानक सूचकांक 417.2 अंक तक चढ़कर 84,482.95 अंक के उच्चतम स्तर तक चला गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 67.85 अंक यानी 0.26 प्रतिशत बढ़कर 25,935.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, मानक सूचकांक 122.15 अंक की तेजी के साथ 25,989.45 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इटर्नल, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, मारुति सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक, टाइटन और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स और आईटीसी शामिल हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश में तेजी और रुपये की मजबूती से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों में बीच-बीच में मुनाफावसूली देखने को मिली। उन्होंने कहा कि शुल्क संबंधी चिंताओं के काफी हद तक दूर होने के साथ, निकट भविष्य में बाजार की दिशा कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों पर निर्भर करेगी, जो अब तक मिले-जुले रहे हैं और उम्मीदों से कम हैं। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,587 लाभ में रहे, जबकि l,675 में गिरावट आई। वहीं 145 शेयरों के भाव अपरिवर्तित रहे। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.40 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप सेलेक्ट 0.31 प्रतिशत के नुकसान में रहा। वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन बाजार सीमित दायरे में रहे, लेकिन मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। इससे पिछले कुछ सत्रों से जारी तेजी को और बल मिला। वैश्विक संकेतों के समर्थन से निफ्टी की शुरुआत ऊंची रही और यह 26,000 अंक के स्तर की ओर बढ़ा, लेकिन इसे पार नहीं कर पाया और अंततः 25,935.15 अंक पर बंद हुआ। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय रुझान मिले-जुले रहे।

# रुपया नौ पैसे की बढ़त के साथ 90.57 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया मंगलवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए नौ पैसे की बढ़त के साथ 90.57 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू बाजारों में तेजी और वैश्विक बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख से रुपये को मजबूती मिली।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू बाजार में सकारात्मक रुख और विदेशी पूंजी प्रवाह से मिल रहे समर्थन को भू-राजनीतिक तनाव एवं आयातकों द्वारा डॉलर की मांग ने बेअसर कर दिया जिससे रुपये की कीमत में स्थिरता बनी हुई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.63 प्रति डॉलर पर खुला। दिन में यह 90.77 प्रति डॉलर के निचले व 90.48 प्रति डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंचा। अंत में यह 90.57 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की बढ़त है। रुपया सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद एक पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.66 बंद हुआ था। घरेलू बाजारों में मजबूती एवं व्यापार समझौते को लेकर आशावाद से रुपये में मामूली सकारात्मक रुझान रहने के आसार हैं। डॉलर की कमजोरी और विदेशी निवेश में वृद्धि से रुपये को और मजबूती मिल सकती है। उन्होंने कहा कि हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव और आयातकों की ओर से डॉलर की मांग से तेजी सीमित हो सकती है। डॉलर के मुकाबले रुपये की हाजिर कीमत 90.30 से 90.80 के दायरे में रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 96.82 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 208.17 अंक चढ़कर 84,273.92 अंक पर जबकि निफ्टी 67.85 अंक की बढ़त के साथ 25,935.15 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 68.93 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को शुद्ध लिवाल रहे और उन्होंने 2,254.64 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# दिल्ली सरकार की कर्ज देने वाली एजेंसी डीएफसी बंद

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने बढ़ते घाटे के चलते कर्ज देने वाली एजेंसी दिल्ली वित्त निगम (डीएफसी) को बंद कर दिया है और इसकी परिसमापन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए नौ सदस्यीय समिति का गठन किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

डीएफसी के परिसमापन की अधिसूचना वित्त विभाग ने छह फरवरी को जारी की थी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले महीने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इस संस्थान को बंद करने का निर्णय लिया गया था। मझोली, लघु और सूक्ष्म परियोजनाओं को ज्‍ण प्रदान करने वाली डीएफसी को जिन गंभीर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, उन्हें पिछले वर्ष नवंबर में इसके निदेशक मंडल के सदस्यों की बैठक में उजागर किया गया था। बोर्ड को सूचित किया गया था कि डीएफसी की शेयर पूंजी में भारी गिरावट आई है और 42 करोड़ रुपये का घाटा हो चुका है। सितंबर, 2025 तक यह दिल्ली सरकार को देय 80 करोड़ रुपये के कुल बकाया ऋण को चुकाने की स्थिति में भी नहीं थी। इसके अलावा, आधिकारिक दस्तावेजों से पता चला है कि निगम की संपूर्ण पूंजी और भंडार पूरी तरह से समाप्त हो गए थे और इसकी शुद्ध संपत्ति (नेटवर्थ) में 15 करोड़ रुपये की गिरावट आई थी।

# वायदा बाजार में सोने व चांदी के भाव में गिरावट



नयी दिल्ली। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच कारोबारियों की मुनाफावसूली से वायदा बाजार में सोने व चांदी के भाव में मंगलवार को गिरावट आई। चांदी दो प्रतिशत टूटकर 2.57 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर जबकि सोना 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च में आपूर्ति वाले चांदी के अनुबंध की कीमत 5,422 रुपये या 2.06 प्रतिशत टूटकर 2,57,198 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। सोमवार को इसका बंद भाव 2,62,620 रुपये प्रति किलोग्राम था। सोने के वायदा भाव में भी बिकवाली का दबाव देखने को मिला। अप्रैल आपूर्ति वाले सोने के अनुबंध का भाव 677 रुपये या 0.43 प्रतिशत घटकर l,57,389 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले सत्र में सोने का बंद भाव l,58,066 रुपये प्रति 10 ग्राम था। कारोबारियों ने कहा कि मजबूत अमेरिकी डॉलर ने भी बाजार की धारणा पर दबाव डाला तथा घरेलू बाजारों में सोने की कीमतों को आगे बढ़ने से रोक दिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर मार्च में आपूर्ति वाले चांदी का वायदा भाव 1.20 प्रतिशत टूटकर 81.25 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। सोमवार को इसकी कीमत 82.23 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी। व्यापारियों के मुनाफावसूली करने से मंगलवार को चांदी की कीमत 82 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गई। इससे दो दिन की बढ़त का सिलसिला टूटा जबकि हाल के हफ्तों में ऐतिहासिक गिरावट के बाद कीमती धातुओं के बाजार में अस्थिरता बनी रही। वहीं कॉमेक्स पर सोने के अप्रैल में आपूर्ति वाले अनुबंध का वायदा भाव 24.19 डॉलर या 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,055.21 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। पिछले बाजार सत्र में यह 5,079.4 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ था।

# नीति आयोग की रिपोर्ट में परिवहन क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने पर जोर

नयी दिल्ली। नीति आयोग ने मंगलवार को भारत के शुद्ध शून्य 2070 लक्ष्य को पूरा करने के लिए मॉडल शिफ्ट (परिवहन के तरीकों में बदलाव) और शून्य उत्सर्जन वाहनों के साथ ही स्वच्छ ईंधन एवं प्रौद्योगिकियों की मदद से परिवहन क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने पर जोर दिया है।

सरकारी शोध संस्थान ने एक रिपोर्ट में कहा कि परिवहन क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था के प्रमुख चालक में एक है। यह देश के ऊर्जा उपयोग और उत्सर्जन में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। वर्ष 2020 में अंतिम ऊर्जा मांग में इसकी हिस्सेदारी 20 प्रतिशत और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में लगभग 10 प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार, शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को लागू करने के लिए 2070 तक कुल 4.3 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की आवश्यकता है, जो इस समय नीति मार्ग के तहत आवश्यक 3.44 लाख करोड़ डॉलर से लगभग 25 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, यह अतिरिक्त निवेश लागत के बोझ के बजाय एक रणनीतिक अवसर है। भारत में शहरीकरण और यात्रा की मांग बढ़ने के साथ ही इस क्षेत्र में उच्च ईंधन आयात, खराब वायु गुणवत्ता और बढ़ती लॉजिस्टिक लागत का जोखिम बना हुआ है।

# 23 को आरबीआई बोर्ड को संबोधित करेंगी वित्त मंत्री



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 फरवरी को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय बोर्ड को संबोधित करेंगी। इस दौरान वह वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के मुख्य बिंदुओं के बारे में बताएंगी, जिनमें विनिर्माण को बढ़ावा देने के उपाय और कृषि एवं पर्यटन के लिए समर्थन शामिल है।

यह बैठक आरबीआई द्वारा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच प्रमुख नीतिगत दर (रेपो रेट) को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने के फैसले के कुछ दिन बाद होने जा रही है। सूत्रों ने कहा कि बजट के बाद होने वाली यह बैठक 23 फरवरी के लिए निर्धारित है, जहां वित्त मंत्री बोर्ड के सदस्यों को संबोधित करेंगी और बजट 2026-27 में की गई उन घोषणाओं के बारे में बात करेंगी। इस बार के बजट में वृद्धि और राजकोषीय विवेक के बीच संतुलन बनाया गया है। बजट के बाद वित्त मंत्री का आरबीआई बोर्ड को संबोधित करना एक परंपरा है। लोकसभा में एक फरवरी को लगातार नौवां बजट पेश करते हुए सीतारमण ने कहा था, जब से हमने 12 साल पहले कार्यभार संभाला है, भारत की आर्थिक दिशा स्थिरता, राजकोषीय अनुशासन, निरंतर वृद्धि और मध्यम मुद्रास्फीति की गवाह रही है। सरकार ने ऋण-जीडीपी अनुपात को मार्च, 2031 तक घटाकर लगभग 50 प्रतिशत करने का एक नया मसौदा घोषित किया है, जिसके वित्त वर्ष 2026-27 में 55.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। बैठक के दौरान वित्त मंत्री के साथ वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव, व्यय सचिव, वित्तीय सेवा सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## बीओबी ने कार ऋण पर ब्याज दर घटायी

नयी दिल्ली। बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) ने सोमवार को अपनी कार ऋण पर ब्याज दरों में 0.30 प्रतिशत की कटौती करने की घोषणा की। नयी दरें तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। बैंक ने एक बयान में कहा कि उसकी परिवर्तनशील (फ्लोटिंग) ब्याज दर अब 7.6 प्रतिशत वार्षिक से शुरू होगी। इसके अलावा, बैंक बड़ौदा कार लोन पर आकर्षक निश्चित ब्याज दर की भी पेशकश कर रहा है, जो 8.5 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होती है। बयान के अनुसार, 7.6 प्रतिशत की शुरुआती ब्याज दर नयी कार की खरीद पर उपलब्ध होगी और यह कर्ज लेने वाले व्यक्ति के क्रेडिट प्रोफाइल से जुड़ी होगी। ब्याज दरों में कटौती के साथ ही बैंक व्यक्तिगत कर्जदारों को फ्लोटिंग रेट वाले कार ऋण पर समय पूर्व भुगतान या आंशिक भुगतान पर लगने वाले शुल्क से राहत दे रहा है।

# देश में 98 प्रतिशत स्वच्छ बिजली के लिए 14230 अरब डॉलर निवेश की जरूरत



नयी दिल्ली। देश को 2070 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए बिजली क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा, भंडारण और पारेषण समेत अन्य क्षेत्रों में 14,230 अरब डॉलर के निवेश की आवश्यकता है। इसमें 98 प्रतिशत बिजली उत्पादन स्वच्छ ईंधन आधारित होगा।

नीति आयोग की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह कहा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के विकास और जलवायु लक्ष्य तेजी से एक ही प्रणाली पर निर्भर करते हैं और वह है बिजली। जैसे-जैसे देश 2047 तक विकसित भारत और 2070 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, बिजली क्षेत्र की वृद्धि यह निर्धारित करेगी कि विकास समावेशी और टिकाऊ हो सकता है या नहीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जीवन स्तर में सुधार, उत्पादकता बढ़ाने और परिवहन, भवन और उद्योग में कम कार्बन उत्सर्जन की दिशा में बदलाव लाने के लिए भरोसेमंद, किफायती और स्वच्छ बिजली आवश्यक है। विकसित भारत परिदृश्य और शुद्ध शून्य उत्सर्जन क्षेत्रीय दृष्टिकोणः बिजली शीर्ष से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर, 2025 तक लगभग 258 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर l,000 मेगावाट) नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित होने के साथ, भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा बाजार बनकर उभरा है। यह स्वच्छ ऊर्जा विस्तार के पैमाने और गति को दर्शाता है। हालांकि, अगला चरण अधिक जटिल है। शहरीकरण, एसी, डिजिटलीकरण, इलेक्ट्रिक परिवहन और हरित हाइड्रोजन के साथ मांग में तेजी से वृद्धि होगी और प्रणाली को परिवर्तनशील नवीकरणीय ऊर्जा के बहुत अधिक हिस्से को अवशोषित करने की आवश्यकता होगी।

## संक्षेप

### पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग ने 10 लाख स्मार्ट मीटर का आंकड़ा पार किया

नई दिल्ली। पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग ने अपनी एएमआईएसपी एवं बिजली वितरण यात्रा में भारत सरकार की पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत बाजारों में 10 लाख से अधिक स्मार्ट मीटरों का विनिर्माण कर उन्हें लगाने का एक बड़ा कीर्तिमान हासिल करने की आज घोषणा की। यह उपलब्धि इस देश में वृहद स्तर पर स्मार्ट मीटरिंग को अपनाने और बिजली क्षेत्र के डिजिटलीकरण में पोलारिस की अहम भूमिका रेखांकित करती है। सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और उद्योग के भागीदारों की उपस्थिति में जयपुर में पोलारिस की अत्याधुनिक इकाई में 10 लाख वें स्मार्ट मीटर का अनावरण इस उपलब्धि का प्रतीक था।

### बंधन लाइफ का नया मिड कैप फंड लॉन्च

नई दिल्ली। बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने एक नया यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) आई इन्वेस्ट अल्टिमा लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने एक नया और आकर्षक मिड-कैप फंड भी पेश किया है जो निवेशकों को भारत की सबसे आशाजनक मिड-साइज कंपनियों में निवेश का अवसर देता है। यह नया फंड 10रुपये के एनएवी(एनएवी) पर लॉन्च किया गया है और 18 फरवरी 2026तक निवेश के लिए खुला रहेगा। हमारा मिड कैप फंड मजबूत बैलेंस शीट, सशक्त लीडरशिप और स्केलेबल बिजनेस मॉडल वाली क्वॉलिटी कंपनियों पर फोकस करता है, जिनका रिटर्न ऑन इक्विटी संतुलित और उचित है। आईइन्वेस्ट अल्टिमा को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह ग्राहकों को संपत्ति बढ़ाने में मदद करने के साथ-साथ उनके प्रियजनों को वित्तीय सुरक्षा भी प्रदान करता है।

### एसीपीएल एक्सपोर्ट्स ने किया ट्रूसिलवर लॉन्च

नई दिल्ली। एसीपीएल एक्सपोर्ट्स ने अपने पहले डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर ज्वेलरी ब्रांड ट्रूसिलवर के लॉन्च की घोषणा की है। इसके साथ ही कंपनी ने घरेलू और डिजिटल रिटेल क्षेत्र में अपने रणनीतिक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एसीपीएल की दशकों की वैश्विक विनिर्माण विशेषज्ञता पर आधारित ट्रूसिलवर, कंपनी की कारीगरी और गुणवत्ता मानकों को एक आधुनिक, डिजाइन-प्रेरित और डिजिटल-नेटिव ब्रांड के रूप में सीधे भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुँचाता है। यह ब्रांड विशेष रूप से मिलेनियल्स और जेन जी उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। ट्रूसिलवर ने महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए करीब 900 उत्पादों के साथ लॉन्च किया है। कलेक्शन का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें ब्रेसलेट, ईयररिंग्स, रिंग्स, नेकलेस और पायल शामिल हैं।

### टीसीआई ने की वित्तीय परिणामों में मजबूत वृद्धि की घोषणा

बंगलुरु। ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने आज 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। चालू वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए टीसीआई ने 12,609 मिलियन का समेकित राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 11,539मिलियन की तुलना में 9.3प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। ईबीआईटीडीए कंपनी का ब्याज, कर एवं परिशोधन से पूर्व लाभ 1,616 मिलियन रहा, जो चालू वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही के 1,478 मिलियन की तुलना में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि है। कर पश्चात लाभः पीएटी में 13.4 प्रतिशत की वृद्धि होकर यह 1,158 मिलियन रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 1,021 मिलियन था।

### ब्रेस्ट कैंसर की जागरूकता के लिए सुता भी पिंक टैग पहल में शामिल

मुंबई। दिल्ली शहर के पास एक इलाके में रहने वाली एक महिला अपने ब्लाउज की अंदरूनी सिलाई में, वॉश-केयर लेबल के पास एक गुलाबी टैग देखती है। टैग पर है तो बस जागरूकता। इस तरह शुरू हुआ फेडरल बैंक होर्मिस मेमोरियल फाउंडेशन और नेटवर्क-एटीन संजीवनी का पिंक टैग प्रोजेक्ट! ग्रामीण इलाकों में स्थानीय दर्जियों और सामुदायिक ट्रस्ट के माध्यम से यह पहल बड़े स्तर पर दूर-दूर तक पहुंची है। यह महत्वाकांक्षी योजना अब सुता के जरिए फैशन की मुख्यधारा में प्रवेश कर रही है। सुता एक स्वदेशी डी-टू-सी ब्रांड है। यह ब्रांड आधुनिक भारतीय महिला के लिए साड़ी के मायने को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है।

## पेज एक का शेष

### अभिनेता रणवीर

सिंह और दीपिका पादुकोण द्वारा बिना सोसायटी की अनुमति के छह सशस्त्र गार्ड तैनात किए गए हैं, जो हथियारों के साथ लॉबी, जिम और बच्चों के खेल क्षेत्र जैसे साझा स्थानों में आवाजाही करते देखे गए। सोसायटी ने पुलिस से यह स्पष्ट करने का अनुरोध किया है कि सुरक्षा गार्डों के पास वैध हथियार लाइसेंस है या नहीं? क्या पुलिस ने इसकी अनुमति दी है? और, वहां तैनात पुलिसकर्मी की नियुक्ति किस आधार पर की गई है?

### ओम बिरला

अधिकार है। विपक्ष ने नोटिस में कहा बीते दो फरवरी को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते समय अपना भाषण पूरा नहीं करने दिया गया। यह कोई अकेली घटना नहीं है। करीब-करीब हमेशा ही ऐसा होता है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जाता।

उन्होंने दावा किया कि गत 3 फ़रवरी को, विपक्ष के आठ सांसदों को पूरे बजट सत्र के लिए मनमाने ढंग से निलंबित कर दिया गया और उन्हें केवल अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल करने के लिए दंडित किया जा रहा है।

नोटिस में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का नाम लिए बगैर कहा गया है, बीते चार फ़रवरी 2025 को, भारतीय जनता पार्टी के एक सांसद को दो पूर्व प्रधानमंत्रियों पर पूरी तरह आपत्तिजनक और व्यक्तिगत हमले करने की अनुमति दी गई और स्थापित परंपराओं व मर्यादा के मानदंडों की अवहेलना करने के बावजूद उन्हें एक बार भी नहीं टोका गया। हमारे अनुरोध के बावजूद इस सांसद के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की गई, जबकि वह आदतन ऐसी गतिविधियां करते हैं।

### कयामत तक

होगा। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्ष पश्चात यह गौरवशाली क्षण आया। इतने वर्षों में अनेक राजा-महाराजा आए। 1952 के बाद से अनेक सरकारें बनीं, लेकिन किसी से मन में यह नहीं आया कि भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या पर भव्य मंदिर निर्माण हो। राम सबके हैं, लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं जो अवसरवादी रवैया अपनाते हैं। जब संकट आता है तो उन्हें राम याद आते हैं, बाकी समय राम को भूल जाते हैं। ऐसे लोगों को भगवान राम भी भूल चुके हैं, अब उनकी नैया कभी पार नहीं होनी है। रामभक्तों पर गोली चलाने वालों और रामकाज में बाधक रामद्रोहियों के लिए कोई जगह नहीं है। बाबरी ढांचे का सपना देखने वालों को योगी ने चेताया कि कयामत का दिन कभी नहीं आने वाला। कयामत के दिन के लिए मत जियो। हिंदुस्तान में कायदे से रहना सीखो। यहां का कानून मानो, कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे। कानून तोड़ने वालों का रास्ता जन्नत नहीं, सीधे जहन्नुम की तरफ जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि यह देश कभी कमजोर नहीं था। हमारे पास सब कुछ था। उन्होंने 2017 के पहले यूपी में फैली असुरक्षा का जिक्र किया। कहा, हर तीसरे-चौथे दिन किसी न किसी जनपद व शहर में कर्फ्यू-दंगे होते थे। परिवार का कोई सदस्य बाहर गया है और सूर्यास्त होते यदि घर नहीं आया तो घरवाले सशंकित रहते थे। गरीबों की जमीन पर कब्जा हो जाता था। सैकड़ों पहलवान तैयार करने वाले बाबा हरिशंकर दास का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि श्रीराम जानकी मंदिर की जमीन पर भी कब्जा करने का प्रयास हुआ। बाबा जी को गोली मार दी गई, लेकिन सरकार बदलते ही यूपी में सारी अराजकता गायब हो गई। 2013 कुंभ में 12 करोड़ श्रद्धालु आए थे और इस वर्ष माघ मेला में अब तक 21 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। अयोध्या व वाराणसी में पहले लाखों श्रद्धालु आते थे, अब वह संख्या करोड़ों में पहुंच गई है। 2024-25 में 122 करोड़ श्रद्धालु यूपी के धार्मिक स्थलों पर दर्शन करने आए। महाकुम्भ में 66 करोड़ श्रद्धालु आए, यह संख्या बताती है कि यूपी में अब सुरक्षा और सुविधा है। बेटी सुरक्षित होगी तो समाज सुरक्षा का अहसास कर लेगा, व्यापारी सुरक्षित होगा तो उत्तर से दक्षिण तक सेतुबंध के रूप में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी समृद्धि की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। पहले यूपी में वेतन देने का पैसा नहीं था, लेकिन आज पैसे का उपयोग हर तबके के हित के लिए हो रहा है। छात्रों को बिना भेदभाव छात्रवृत्ति दी जा रही है। यूपी में अच्छे संस्थान खुल रहे हैं, हर तीर्थ स्थल का विकास हो रहा है। सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य कर रही है। कानून को ठेंगा दिखाने वालों को ऐसा मजा चखाएंगे कि सात पीढ़ियां याद करेंगी। सीएम ने विकास कार्यों को गिनाया और कहा कि 8-9 साल पहले तक जो पैसा भ्रष्टाचार में खर्च होता था, वह आज विकास में खर्च हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी देश की तीन बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल है। यूपी अब बीमारू नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था का मजबूत राज्य बनकर उभरा है। गांव की बेटी, सबकी बेटी मानते हुए सरकार बेटी के जन्म लेने से लेकर स्नातक की पढ़ाई, शादी आदि की जिम्मेदारी उठा रही है। दिव्यांगजन, वृद्धजन व निराश्रित महिलाओं के रूप में 1.6 करोड़ परिवारों को सरकार 12 हजार रुपये सालाना की पेंशन दे रही है। यूपी में 15-16 करोड़ लोग राशन की सुविधा पा रहे हैं। आयुष्मान भारत के अंतर्गत अब तक 5.46 करोड़ से अधिक गरीबों के लिए पांच लाख रुपये निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा वाले गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराए गए हैं। सरकार बिना भेदभाव सबके विकास के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि हर भारतीय का दायित्व सकारात्मक सोच के साथ भारत का विकास होना चाहिए। सभी भारतीय मिलकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत के लिए कार्य करें। जीवन का संकल्प होना चाहिए कि हमारा देश वैभवशाली व विकसित हो। हर संत की साधना देश, धर्म के लिए होती है और धर्म भी देश के लिए समर्पित होता है। एक शरीर है तो दूसरा उसकी आत्मा। भारत और सनातन एक-दूसरे के पूरक हैं, इसे अलग करके नहीं रखा जा सकता। वर्तमान में दुनिया भर से सनातन, भारत-भारतीयता पर प्रहार हो रहे हैं। अंदर-बाहर से होने वाले इन प्रहारों से सचेत रहना होगा। जिन्हें भारत की प्रगति अच्छी नहीं लग रही है, विकसित भारत की संकल्पना पचती नहीं है, वे लोग साजिश में लगे हैं। कुछ लोग साजिश कर रहे हैं, कुछ लोग साजिश का शिकार हो रहे हैं और कुछ लोग साजिश के लिए बिक कर कार्य कर रहे हैं। हमें यह दुष्प्रवृत्ति रोकनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा हरिशंकर दास जी महाराज संत स्वभाव के थे। वह हनुमान जी के परमभक्त और पहलवानी में पारंगत थे। उन्होंने सैकड़ों नौजवानों को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनकी वाणी में सिद्धि थी। उनका आशीर्वाद इस क्षेत्र में बरस रहा है।

### योगी सरकार

वाले वर्षों में प्रदेश को आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक रूप से नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रस्तावित बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, औद्योगिक निवेश, रोजगार सृजन और महिला और युवा सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है। विशेष रूप से पूर्वांचल, बुंदेलखंड एवं अन्य पिछड़े क्षेत्रों के संतुलित विकास के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं। सरकार की विकासशील सोच और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतिबिंब है। अगले साल प्रस्तावित चुनाव के मद्देनजर बजट के लोकलुभावन होने की उम्मीद है। हालांकि, सरकार बुनियादी ढांचे के विकास के अपने लक्ष्य पर भी मजबूती से आगे बढ़ती दिखाई देगी। योगी सरकार अपने दसवें बजट में सामाजिक योजनाओं को तव्वजों देने के साथ ही विकास की परियोजनाओं के लिए सरकारी खजाने से बड़ी धनराशि दे सकती है। चुनावी बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान रखते हुए सरकार युवाओं से लेकर महिलाओं व बुजुर्गों के जीवन को सुगम बनाने के लिए तमाम योजनाओं के जरिए तो भारी-भरकम धनराशि देगी ही, विकसित उत्तर प्रदेश के लिए अवस्थापना व आवागमन संबंधी परियोजनाओं पर भी और फोकस बढ़ाने वाली है ताकि राज्य आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सके। कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के इरादे से योगी सरकार इस बार पुलिस महकमे को 45 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा दे सकती है। अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लगभग नौ लाख करोड़ रुपये के अनुमानित बजट में सरकार ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक विकास कार्यों के लिए रख सकती है। 1,43,450 शिक्षा मित्रों के मानदेय को बढ़ाने की घोषणा भी बजट में की जा सकती है। प्रदेशभर में रोड नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग को इस बार 42 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा मिल सकते हैं। हवाई सफर बेहतर बनाने के लिए जेवर सहित सभी हवाई पट्टियों के निर्माण के लिए दो हजार करोड़ रुपये दिए जा सकते हैं। लखनऊ, कानपुर, मेरठ व मथुरा-वृंदावन आदि प्राधिकरण के विकास व नगर क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए तथा मंडलीय कार्यालयों के लिए भी बजट की व्यवस्था की उम्मीद की जा रही है।

### आखिरकार घुटनों

का अनुरोध किया था। इसमें कहा गया, श्रीलंका के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री से मौजूदा गतिरोध को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के लिए गंभीरता से विचार करने का अनुरोध किया था।

### महिलाओं को

धामी ने बताया कि राज्य के शेष सात जिलों की 540 पात्र महिलाओं को भी इसी माह के अंत तक लगभग 4 करोड़ रुपये की सहायता राशि उड्डळ के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह योजना उन महिलाओं के लिए सशक्त संबल बनेगी, जो विषम परिस्थितियों में अकेले जीवन और परिवार की जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही हैं। उन्होंने बताया कि योजना में विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता, एसिड अटैक पीड़िता, अपराध से प्रभावित और ट्रांसजेंडर महिलाएं शामिल हैं, जो सरकार की संवेदनशील, समावेशी और मानवीय दृष्टि को दर्शाता है। मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट किया कि महिला सशक्तिकरण का आशय केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को स्वाभिमान, आत्मविश्वास और स्थायी आजीविका से जोड़ना ही इसका मूल उद्देश्य है। स्वरोजगार के माध्यम से एकल महिलाओं को समाज और अर्थव्यवस्था दोनों स्तरों पर सशक्त बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि वर्तमान में उत्तराखण्ड में लगभग 5 लाख महिलाएं 70 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका गतिविधियों से जुड़ी हुई हैं। इसके अतिरिक्त 7 हजार से अधिक ग्राम संगठन और 500 से अधिक क्लस्टर संगठन महिला नेतृत्व को मजबूत कर रहे हैं। वहीं 1 लाख 68 हजार से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनकर राज्य की आर्थिक प्रगति में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, सचिव चंद्रेश यादव, निदेशक बी.एल. राणा, विक्रम, आरती, मोहित चौधरी सहित विभागीय अधिकारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### मथुरा में

दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा, जहां उसने अपने परिवार के सदस्यों को मृत पाया। एसएसपी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार मनीष कुमार द्वारा लिखे गए कथित सुसाइड नोट में, मनीष ने कहा है कि वह और उसकी पत्नी स्वेच्छा से अपनी जान देना चाहते हैं और उनकी मौत के लिए कोई भी जिम्मेदार नहीं है। क्षेत्राधिकारी (महावन) श्वेता वर्मा ने सुसाइड नोट का हवाला देते हुए कहा कि मनीष कुछ समस्याओं से परेशान था और उन्हें दूसरों के साथ साझा करने में असमर्थ था।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने इसे एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताते हुए कहा कि मनीष ने घटना से पहले अपने मोबाइल फोन पर एक वीडियो रिकॉर्ड किया था।




# न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से रौंदा

## टी-20 : न्यूजीलैंड की यह लगातार दूसरी जीत है, सिफर्ट और एलन ने खेली आक्रामक पारी

एजेंसी

चेन्नई। टिम सिफर्ट (नाबाद 89) और फिन एलन (नाबाद 84) की आक्रामक पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 92 गेंद में 175 रन की रिकॉर्ड साझेदारी ने न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप मैच में मंगलवार को यहां 28 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। यूएई को छह विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने महज 15.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड की यह लगातार दूसरी जीत है। टीम ने इससे पहले अफगानिस्तान को हराया था। प्लेयर ऑफ द मैच सिफर्ट ने 42 गेंद की नाबाद पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाये। एलन ने 50 गेंद की नाबाद पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके लगाये, इसके साथ उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 छक्के पूरे किए।



इस जोड़ी ने पारी की शुरुआत से ही आक्रामक रूख अपनाते हुए यूएई के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। दोनों की 175 रन की साझेदारी टी20 विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। कप्तान मोहम्मद वसीम (नाबाद 66) और अलीशाह शराफू (55) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने छह विकेट पर 173 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज वसीम में 45 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के मारे जबकि शराफू ने 47 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। मयंक कुमार ने आखिरी ओवरों में 13 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 21 रन बनाकर टीम को इस प्रारूप के विश्व कप में अपने सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने आखिर ओवर में दो विकेट लिए जबकि जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए एलन ने मैच के दूसरे ओवर में मोहम्मद रोहिद के खिलाफ चौके से हाथ खोला तो वहीं सिफर्ट ने इस ओवर को लगातार दो चौके से खत्म किया। एलन ने जुनैद के खिलाफ दो छक्के लगाकर अपने आक्रामक तेवर दिखाये। उन्होंने गेंदबाज के सिर के ऊपर से गेंद को बाउंड्री पर भेजने के बाद अच्छी गेंद को डीप फाइन लेग के ऊपर से छह रनों के लिए भेज दिया। सिफर्ट ने छठे ओवर में रोहिद के खिलाफ एक छक्का और तीन चौके जड़े जिससे पावरप्ले में ही न्यूजीलैंड ने बिना किसी नुकसान के 78 रन बनाकर मैच पर पूरा नियंत्रण बना लिया। पावरप्ले के बाद भी दोनों की आक्रामकता में कोई कमी नहीं आई। सिफर्ट ने हैदर अली के खिलाफ चौके के साथ 23 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया तो वहीं एलन को इस आंकड़े तक पहुंचने में 27 गेंद लगे। टीम ने नौवें ओवर में रनों का शतक भी पूरा कर लिया। सिफर्ट ने हैदर अली के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाया एलन में मोहम्मद अरफान की गेंद को दर्शकों के दर्शन कराये। सिफर्ट ने 16वें ओवर में रोहिद की गेंद पर छक्के के साथ टीम को एकतरफा जीत दिला दी।

इससे पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद आर्यांश शर्मा (आठ) ने दो चौके जड़ आक्रामक तेवर दिखाये लेकिन दूसरे ओवर में डफी की शॉट गेंद को संभाल नहीं सके और फिलिप्स को देकर पवेलियन लौटे। क्रीज पर आये शराफू ने मैट हेनरी के खिलाफ दो चौके जड़े जबकि वसीम ने डफी की गेंद पर मैच का पहला छक्का लगाया। टीम ने पावरप्ले में एक विकेट पर 50 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। वसीम ने रचिन रविंद्र जबकि शराफू ने मिचेल सैंटनर और जेम्स नीशम के खिलाफ चौके जड़कर रन गति को बनाये रखा। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने इसके बाद शिकंजा कसना शुरू किया लेकिन फर्ग्यूसन के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर शराफू ने दबाव कम कर दिया। उन्होंने हेनरी के खिलाफ अपनी पारी के दूसरे छक्के से 39 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 15वें ओवर में सैंटनर की ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर डीप मिडविकेट की दिशा में बड़ा शॉट खेला लेकिन मार्क चैपमैन के शानदार प्रयास से उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। चैपमैन ने बाउंड्री के पास गेंद लपककर उसे डेरिल मिचेल की तरफ फेंका जिन्होंने रिले कैच को पूरा किया।

# एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप आकृति ने रजत और अंजुम ने कांस्य पदक जीता



नयी दिल्ली। भारत की आकृति दहिया और अंजुम मौदगिल ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) स्पर्धा में मंगलवार को यहां क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में कजाकिस्तान की सोफिया शुल्झेंको ने कर्णी सिंह परिसर में नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सोफिया ने 35 शॉट के फाइनल में 358.2 अंक हासिल किए, जो रजत पदक विजेता आकृति दहिया से चार अंक अधिक थे। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंजुम मौदगिल ने 340.4 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। सोफिया के इस स्कोर के साथ तीन नये रिकॉर्ड विश्व जूनियर, एशियाई और एशियाई जूनियर कायम किये। जूनियर महिलाओं की 3पी स्पर्धा में भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। 14 वर्षीय कजाकिस्तान की निशानेबाज टोमिरिस अमानोवा ने 351.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि भारत की अनुष्का ठाकुर ने 341.1 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

प्राची, अनुष्का और हेजल की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में 1748 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो कजाकिस्तान से सात अंक अधिक था। सीनियर महिला 3पी टीम स्पर्धा में कजाकिस्तान ने 1760 अंकों के साथ भारत को चार अंकों से पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में भारत के आदर्श सिंह ने प्रिसीजन चरण के बाद 291 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। अनीश भानवाला 287 अंकों के साथ फाइनल की दौड़ में बने हुए हैं, जबकि नीरज कुमार के नाम 277 अंक है। उन्हें फाइनल की दौड़ में शामिल होने के लिए बुधवार को बेहतर प्रदर्शन की जरूरत होगी। टूर्नामेंट में भारत 39 स्वर्ण, 15 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

## अब मौजूदा खिलाड़ियों के पास इतिहास रचने का मौका : सैमी

मुंबई। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने 2016 में आईसीसी प्रतियोगिताओं के तीन खिताबों का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि वेस्टइंडीज क्रिकेटरों के सामने मौजूद चुनौतियां आज भी लगभग वही हैं जो उस समय थी। वेस्टइंडीज ने पिछली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट का खिताब एक दशक पहले 2016 में जीता था। उस साल कोलकाता में तीन अप्रैल को उनकी पुरुष टीम ने टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। इसी साल उनकी महिला टीम भी इस प्रारूप की विश्व चैंपियन बनी थी जबकि इससे पहले अंडर-19 टीम ने विश्व कप फाइनल में भारत को हराया था। इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज के टी20 विश्व कप मैच की पूर्व संध्या पर सैमी ने कहा, 2016 हमारे लिए बेहद खास साल था।

## संक्षेप

### विश्व कप के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी : आईसीसी

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को बताया कि 2026 टी20 विश्व कप के पहले छह मैच के बाद पिछले चरण की तुलना में उनके डिजिटल मंच पर वीडियो व्यूज में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बयान में विश्व संस्था ने कहा कि उनके डिजिटल प्लेटफॉर्म को कुल 647 मिलियन (64.7 करोड़) वीडियो व्यूज मिले। दर्शकों की इस भारी बढ़ोतरी में नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका जैसे देशों का बड़ा योगदान रहा जिनकी राष्ट्रीय टीमें टूर्नामेंट में खेल रही हैं। आईसीसी ने कहा आईसीसी ऐप में 2024 के बाद यूजर्स की संख्या में 83 प्रतिशत की वृद्धि देखी है जबकि इसी दौरान आईसीसी वेबसाइट पर उपयोगकर्ताओं में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। आईसीसी ने कहा, सबसे ज्यादा बढ़ोतरी पूर्ण सदस्यीय देशों से बाहर की टीम के प्रशंसकों की है। नेपाल ने रविवार को अपने ग्रुप सी मुकाबले में इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी। वह इस बढ़ोतरी के मामले में सबसे आगे रहा और इस दक्षिण-पूर्व एशियाई देश से उपयोगकर्ताओं में 442 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका में क्रमशः 196 प्रतिशत और 49 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई जो दर्शाता है कि यह टूर्नामेंट खेल को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने में सक्षम है।

### अभिषेक अस्वस्थ, बुमराह ने किया गेंदबाजी अभ्यास

नयी दिल्ली। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पेट की समस्या से उबर रहे हैं और इसी वजह से उन्होंने नामीबिया के खिलाफ बृहस्पतिवार को यहां खेले जाने वाले मैच से पहले टीम के अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया। उनकी उपलब्धता पर संकट के बादल है तो वहीं वॉशिंगटन सुंदर का टीम से जुड़ना राहत की बात है। भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने अभ्यास सत्र के दौरान मंगलवार को कहा, वॉशिंगटन सुंदर कल टीम से जुड़ गए हैं और आज अभ्यास करेंगे। अभिषेक को अभी पेट से जुड़ी कुछ परेशानी है, लेकिन उम्मीद है कि कुछ दिनों में वह मैच के लिए उपलब्ध हो जाएंगे। इस बीच जसप्रीत बुमराह को लेकर राहत भरी खबर मिली। यह तेज गेंदबाज पूरी तरह फिट नजर आया। उन्होंने शुरुआत में हल्की दौड़ लगाई और फिर स्पाइक्स (क्रिकेट के विशेष जूते) बदलने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव को पूरी रफ्तार से गेंदबाजी की। बुमराह ने इस दौरान भारतीय कप्तान को अपनी रफ्तार से चकमा देते हुए बोल्ड भी किया।

# डॉ. आनंद किशोर खेल सुविधा प्रबंधन में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित



लखनऊ। खेल सुविधा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय को हाल ही में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल परिसर में आयोजित 'शुभारंभः गीता का संदेश - साइकिल के संग' कार्यक्रम के अवसर पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदान करते हुए खेल जगत में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं, उपलब्धियों और सामाजिक सरोकारों के लिए सराहना की। इस दौरान किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ की कुलपति पद्मश्री प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद की विशिष्ट उपस्थिति रही। वहीं सम्मानित होने के बाद डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए 'ऑक्सीजन' की तरह है, जो उन्हें जमीनी स्तर पर खेलों के विकास के लिए और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने इस सम्मान के लिए सनातन महापरिषद भारत, मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ साइक्लिंग एसोसिएशन एवं सभी सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार जताया। बताते चले कि डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय ने लखनऊ ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर खेल अवसंरचना के विकास एवं संचालन में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

# आयरलैंड पर ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी

एजेंसी

कोलंबो। हाल के खराब प्रदर्शन और दो प्रमुख तेज गेंदबाजों के चोटिल होने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की टीम आयरलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेज़लवुड आधुनिक क्रिकेट की सबसे मजबूत तेज गेंदबाजी इकाइयों में से एक हैं और ऑस्ट्रेलिया को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में उनकी कमी खलेगी। जहां कमिंस और हेज़लवुड चोटों के कारण बाहर हो गए, वहीं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रारूप से संन्यास ले लिया है।

उनकी अनुपस्थिति में नाथन एलिस तेज गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व कर सकते हैं, लेकिन उन पर भी चोट का साया मंडरा रहा है। हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण बिग बैश लीग (बीबीएल) के फाइनल से बाहर रहने के बाद से उन्होंने अभी तक एक भी मैच नहीं खेला है। अनुभवी लेग स्पिनर एडम ज़म्पा कमर की चोट से उबरकर टूर्नामेंट में प्रवेश कर रहे हैं। उपमहाद्वीप की मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए ज़म्पा टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2022 में यह टूर्नामेंट जीता था।



पिछली बार उसकी टीम सेमीफाइनल में भारत से हार गई थी। अनुभवी ज़म्पा अपने साथी स्पिनरों कूपर कॉनॉली और मैट कुहनेमैन के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया की स्पिन आक्रमण को मजबूत करेंगे। ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप चरण के अपने चारों मैच श्रीलंका में खेलने हैं। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी इकाई निस्संदेह अतीत की तुलना में कमजोर दिखती है। ऑस्ट्रेलिया के पास बल्लेबाजी में जरूरी मजबूती है और टीम में काफी ऑलराउंडर भी हैं जो विरोधी टीमों को परेशान कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा था कि कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने के बावजूद उनके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो भारत और श्रीलंका की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हैं।

ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी काफी मजबूत है जिसमें ट्रैविस हेड, कप्तान मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन, जोश इंग्लिस और मार्कस स्टोइनिस जैसे खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पिछले पांच पूरे खेले गए मैचों में से कोई भी मैच नहीं जीता है, जिसमें पाकिस्तान में 0-3 से करारी हार भी शामिल है।

# दक्षिण अफ्रीका की टीम में अनुभव और संयम लाता हूं : डेविड मिलर

अहमदाबाद। अनुभवी बल्लेबाज डेविड मिलर का कहना है कि उनके अनुभव और संयम से दक्षिण अफ्रीका को अपना पहला आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब जीतने में मदद मिल सकती है। छत्तीस वर्षीय मिलर टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं। उनका मानना है कि युवाओं के साथ अपना अनुभव साझा करना बेहद जरूरी है। अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप-डी के मैच से पहले मिलर ने कहा, अनुभव के साथ-साथ धैर्य बनाये रखना भी बहुत अहम है।

मैं जहां भी टीम की मदद कर सकता हूं, वहां अपना योगदान देना चाहता हूं। उन्होंने आगे कहा, टीम में कुछ युवा खिलाड़ी हैं। मेरी कोशिश रहती है कि वे खुद को जितना हो सके उतना सहज महसूस करें। मैदान पर मैं अपना अनुभव टीम के काम लाता हूं और मैदान के बाहर यह देखता हूं कि टीम सही दिशा में आगे बढ़े। दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को कनाडा को 57 रन से हराकर अपने टी20 विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत की। अफगानिस्तान के बाद टीम 14 फरवरी को न्यूजीलैंड से भिड़ेगी।

मिलर ने कहा, आगे के मुकाबले ज्यादा चुनौतीपूर्ण होंगे, लेकिन हम किसी भी मैच को हल्के में नहीं ले रहे हैं। पहला मैच जीतना अच्छा रहा लेकिन अगले दो मैच बहुत अहम हैं। हम एक-एक मैच पर ध्यान दे रहे हैं। अभी पूरा फोकस अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच पर है। मिलर ने कहा, यह मैच सुबह 11 बजे से होगा, यह थोड़ा अलग होगा। हमारे खिलाड़ी तैयार है और जैसा कि आपने कहा, यह हमारी घरेलू परिस्थितियां जैसी है। उन्होंने कहा कि टीम को भारतीय परिस्थितियों का फायदा मिल रहा है। मिलर ने कहा, हम यहां कुछ दिन से हैं और अभी एक हफ्ते और रहेंगे। इससे हमें रणनीति बनाने में मदद मिलती है। टीम अच्छी क्रिकेट खेल रही है और मुकाबले रोमांचक होंगे।

# दक्षिण अफ्रीका व अफगानिस्तान आमने-सामने



एजेंसी

अहमदाबाद। अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से हारने के बाद अफगानिस्तान के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाला टी20 विश्व कप का मैच करो या मरो जैसा होगा क्योंकि प्रत्येक ग्रुप से केवल दो टीम ही सुपर आठ चरण में पहुंचेंगी। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी में शीर्ष पर काबिज है और बाकी टीमों से काफी आगे है। कनाडा पर 57 रन की जीत ने न सिर्फ उसे दो अंक मिले बल्कि इसने उसके नेट रन रेट को 2.850 तक पहुंचा दिया है। दूसरी ओर न्यूजीलैंड (1.162) से पांच विकेट से हारने के कारण अफगानिस्तान -1.162 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। उसे अगले दौर में पहुंचने की अपनी उम्मीद को बरकरार रखने के लिए न केवल मैच जीतना होगा बल्कि अपना नेट रन रेट भी सुधारना होगा। इस तरह की परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। अफगानिस्तान की टीम कभी हार नहीं मानने का जज्बा रखती है और दक्षिण अफ्रीका इससे अच्छी तरह से वाकिफ होगा। दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान जैसी टीमों की मौजूदगी के कारण यह ग्रुप आफ डेथ बन गया है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने गुलबदीन नायब की 35 गेंदों में खेली गई 63 रन की पारी और अन्य बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से 182 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था।

## पाक विवाद के सौहार्दपूर्ण समाधान पर आईसीसी को धन्यवाद : राजीव शुक्ला

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की प्रशंसा करते हुए कहा कि उसने बहुत अच्छा समाधान निकाला जिसके कारण पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार वापस ले लिया। बांग्लादेश और श्रीलंका के आग्रह के बाद पाकिस्तान सरकार ने बहिष्कार की अपील वापस लेने का फैसला किया जिसका मतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगा।

# टी-20 : नीदरलैंड ने नामीबिया को सात विकेट से हराया

एजेंसी

नयी दिल्ली। बास डि लीडे के 48 गेंद में नाबाद 72 रन और दो विकेट की मदद से नीदरलैंड ने टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के मैच में मंगलवार को यहां नामीबिया को सात विकेट से हराया। टॉस जीतकर नामीबिया को बल्लेबाजी के लिये भेजने वाली नीदरलैंड की टीम ने अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर उसे आठ विकेट पर 156 रन पर रोक दिया।

डि लीडे ने तीन ओवर में 20 रन देकर और लोगान वान बीक ने तीन ओवर में 13 रन देकर दो दो विकेट लिये। जवाब में डि लीडे ने 48 गेंद में नाबाद 72 रन की पारी के दम पर नीदरलैंड ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाये। डि लीडे ने अपनी पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े और कोलिन एकेरमैन (28 गेंद में 32) के साथ तीसरे विकेट के लिये 70 रन की साझेदारी भी की। उन्हें हरफनमौला प्रदर्शन के लिये प्लेयर आफ द मैच चुना गया। टी20 विश्व कप का अरूण जेटली स्टेडियम पर यह पहला मैच था लेकिन स्कूल की परीक्षा का समय और सप्ताह के बीच में होने से मैदान खाली ही पड़ा रहा। इसी मैदान पर 12 फरवरी को भारतीय टीम नामीबिया से खेलेगी। नीदरलैंड की शुरूआत हालांकि खराब रही थी और तीसरे ही ओवर मैक्स ओ डाउड (सात) को बर्नार्ड शोल्ज ने पवेलियन भेजा। माइकल लेविड भी 15 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हो गए जिसके बाद डि लीडे और एकेरमैन ने टीम को जीत तक पहुंचाया।



इससे पहले नामीबिया के लिये लोफ्टी इटोन (38 गेंद में 42 रन) और सलामी बल्लेबाज जान फ्रायलिंक (26 गेंद में 30 रन) ने दूसरे विकेट के लिये 50 रन की साझेदारी की। इनके अलावा जेजे स्मिट ने 15 गेंद में 22 रन बनाये। वहीं नीदरलैंड के लिये डि लीडे के अलावा वान बीक ने तीन ओवर में 13 रन देकर दो और स्पिनर आर्यन दत्त ने तीन ओवर में 13 रन देकर एक विकेट चटकाया।

# एफआईएच प्रो लीग में दमदार शुरुआत करेगा भारत

एजेंसी

राउरकेला। भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार से यहां बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होगी क्योंकि पिछली बार वह आठवें स्थान पर रही थी। भारत बुधवार को मजबूत बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद गुरुवार को उसका अर्जेंटीना से मुकाबला होगा। भारतीय टीम शनिवार को एक बार फिर बेल्जियम का सामना करेगी और रविवार को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के संतुलित मिश्रण वाली भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली दो टीमों के खिलाफ परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश करेगी।



भारत ने प्रो लीग में अभी तक अपना अभियान शुरू नहीं किया है, जबकि अर्जेंटीना और बेल्जियम दोनों ही सत्र की शानदार शुरुआत के बाद राउरकेला पहुंचे हैं। अर्जेंटीना फिलहाल 11 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसने अब तक चार मैच खेले हैं, जिनमें से तीन में उसने निर्धारित समय में और एक में शूटआउट में जीत दर्ज की। बेल्जियम चार मैचों में 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जिसमें उसने निर्धारित समय के अंदर तीन मैच में जीत हासिल की लेकिन शूटआउट तक खिंचे एक अन्य मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था। भारत का हाल के वर्षों में बेल्जियम के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से 35 मैच खेले गए हैं। इनमें बेल्जियम ने 22 मैच और भारत ने 11 मैच जीते हैं जबकि दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

हालांकि अर्जेंटीना के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड बेहतर है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से अब तक खेले गए 19 मैच में से भारत ने 10 में जीत हासिल की है, जबकि अर्जेंटीना ने केवल सात मैच जीते हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा अमनदीप लाकड़ा, मनमीत सिंह और रोसन कुजूर जैसे युवा खिलाड़ियों को टीम में मौका मिलते देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने हाल ही में हीरो हॉकी इंडिया लीग में असाधारण प्रदर्शन किया। यह उनके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का सही समय है और मुझे विश्वास है कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएंगे।

उन्होंने कहा, पूरी टीम फिट, प्रेरित और उत्साहित है। हम इन युवा खिलाड़ियों को खुद को अभिव्यक्त करते हुए और टीम के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं। बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में भारत को दर्शकों का अपार समर्थन मिलेगा और टीम इसका फायदा उठाना चाहेगी।

# राहुल को राजनीति से बाहर करने का समय आ गया है: भाजपा



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस लोकसभा महासचिव को सौंपे जाने को लेकर विपक्ष की कड़ी आलोचना की। पार्टी ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस को राजनीति से बाहर कर दे।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां पार्टी मुख्यालय में बिरला के खिलाफ विपक्ष के नोटिस के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, जिन लोगों की चेतना नष्ट हो चुकी है, वे भारत के सभी संवैधानिक पदों को समाप्त करना चाहते हैं। भाजपा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के बाद से कांग्रेस और उसके सहयोगी अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस के इशारे पर संवैधानिक संस्थाओं एवं पदों पर हमला कर रहे हैं। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल और अन्य विपक्षी नेताओं को बोलने की इजाजत न देने तथा सदन की अवमानना के मामले में आठ विपक्षी सांसदों को निलंबित किए जाने के मुद्दे को लेकर विपक्ष ने बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को लोकसभा महासचिव को सौंपा। कांग्रेस के मुख्य सचेतक के सुरेश की ओर से लोकसभा महासचिव को सौंपे गए प्रस्ताव पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और कई अन्य विपक्षी दलों के 100 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। विपक्ष के इस कदम पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए पात्रा ने कहा, पूरा देश सदन में राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के व्यवहार को देख रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल के इशारे पर प्रधानमंत्री की कुर्सी का घेराव करने का प्रयास किया गया था, ताकि उन्हें नुकसान पहुंचाया जा सके। यह किस तरह की सोच है? मुझे लगता है कि अब पूरे देश को इस पर विचार करना होगा। समय आ गया है कि भारत राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को राजनीति से बाहर कर दे।

## बीजापुर में नक्सली खतरे को रोकने और विकास को बढ़ावा देने के लिए नया सुरक्षा शिविर स्थापित

बीजापुर (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान पर एक नया सुरक्षा शिविर स्थापित किया गया है ताकि सुरक्षा को मजबूत किया जा सके और माओवादियों की अंतरराज्यीय आवाजाही पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह शिविर छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) की 20वीं बटालियन का अग्रिम परिचालन अड्डा होगा और दूरदराज के क्षेत्रों में विकास कार्यों में भी तेजी लाएगा। उन्होंने बताया कि डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी), जिला पुलिस और सीएएफ की संयुक्त टीम ने सोमवार को फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पालसेगुंडी गांव में शिविर की स्थापना पूरी कर ली। अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार की नियद नेल्ला नार योजना के तहत इस शिविर की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य नक्सल विरोधी अभियानों को तेज करना और आंतरिक क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देना है। दुर्गम भूभाग, सड़क संपर्क की कमी और खराब मौसम के बावजूद सुरक्षा बलों ने सफलतापूर्वक अभियान को पूरा किया।

# असम में अंतिम मतदाता सूची जारी, 2.43 लाख नाम हटे




गुवाहाटी। असम में विशेष पुनरीक्षण के बाद मंगलवार को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के जलुकबाड़ी निर्वाचन क्षेत्र से कुल 2.05 प्रतिशत नाम हटा दिए गए हैं। असम में अंतिम मतदाता सूची मंगलवार को प्रकाशित कर दी गई, जिसमें मसौदा सूची में शामिल 2.43 लाख से अधिक नाम हटा दिए गए हैं। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

कामरूप महानगर जिला अधिकारियों द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जलुकबाड़ी में 2,06,314 मतदाताओं के नाम पाए गए, जो पिछले साल 27 दिसंबर को प्रकाशित मसौदा सूची में 2,10,624 नामों की तुलना में 4,310 कम हैं। अंतिम मतदाता सूची में 97,653 पुरुषों के मुकाबले 1,08,654 महिलाएं हैं, साथ ही सात तृतीय लिंग के मतदाता भी शामिल हैं। इससे पता चलता है कि मसौदा सूची से 2,754 पुरुषों, 1,555 महिलाओं और एक तृतीय लिंग मतदाता के नाम हटा दिए गए। चुनावी राज्य असम के लिए अंतिम मतदाता सूची में 2,49,58,139 मतदाता के नाम दर्ज किए गए, जो मसौदा सूची की तुलना में 0.97 प्रतिशत कम है। मुख्यमंत्री शर्मा 2001 से जलुकबाड़ी से पांच बार के विधायक हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मतदाता सूची से जिनके नाम हटाए गए हैं, वे 15 दिन के भीतर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष अपील कर सकते हैं, जबकि मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के पास 30 दिन के भीतर दूसरी अपील करने का अवसर उपलब्ध है। असम विधानसभा के 126 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव इस साल मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है। वर्ष 2023 में परिसीमन प्रक्रिया के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव होगा।

## संक्षेप

### बांग्लादेश में 62-वर्षीय हिंदू व्यापारी की हत्या

ढाका। बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले के त्रिशाल उपजिला में अज्ञात लोगों ने 62-वर्षीय एक हिंदू व्यापारी की उसकी दुकान के अंदर धारदार हथियारों से हमला करके हत्या कर दी। स्थानीय मीडिया में प्रकाशित खबरों में यह जानकारी दी गयी है। यह घटना सोमवार रात उपजिला के बोगर बाजार चौराहे पर हुई। पीड़ित की पहचान साउथकंडा गांव के निवासी सुसेन चंद्र सरकार के रूप में हुई है, जो भाई भाई एंटरप्राइज के मालिक थे। हुसैन ने बताया कि हमलावरों ने सरकार पर धारदार हथियार से हमला करने के बाद उसे दुकान के अंदर छोड़ दिया तथा शटर बंद कर दिए। सरकार का परिवार उसे ढूंढ रहा था और जब उन्होंने दुकान के शटर खोले, तो वह खून से लथपथ पाया गया। सरकार को तुरंत मयमनसिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़ित के बेटे सुजान सरकार ने बताया, हमारा चावल का पुराना कारोबार है। किसी से हमारी कोई दुश्मनी नहीं थी। अपराधियों ने मेरे पिता की बेरहमी से हत्या करने के बाद दुकान से कई लाख टका लूट लिये। उनके पिता के हत्यारों की जल्द से जल्द पहचान की जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। सरकार की हत्या अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाकर की गई हिंसा की नवीनतम घटना है।

# शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए योजना को अप्रैल से लागू करने की घोषणा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार एक अप्रैल से युवासाथी बेरोजगारी भत्ता योजना शुरू करेगी, जिसे पहले अगस्त से शुरू करने की घोषणा की गई थी।

राज्य सचिवालय नबान्न में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि इस योजना के तहत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को 1,500 रुपये का मासिक भत्ता मिलेगा। योजना की शुरुआत की तारीख को पहले करने के फैसले के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, हमने इसे एक अप्रैल से वितरित करना शुरू करने का निर्णय लिया है, क्योंकि वित्तीय वर्ष अप्रैल से शुरू होता है। राज्य में तीन महीने से भी कम समय में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। हमने अपने राज्य के बजट में तीन से चार योजनाओं की घोषणा की थी। युवासाथी कार्यक्रम उन लोगों के लिए है, जिन्होंने माध्यमिक (कक्षा 10) की परीक्षा पास की है और जिनकी आयु 21-40 वर्ष है। उन्होंने यह भी कहा कि इस योजना के लाभार्थी मौजूदा छात्रवृत्तियों के लिए पात्र बने रहेंगे।

# यदि भाषा विरोध बीमारी है तो अधिकांश राज्य इससे ग्रस्त हैं



मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने सोमवार को कहा कि अगर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के अनुसार अपनी भाषा की बात करना एक बीमारी है, तो देश के अधिकांश राज्य इससे ग्रस्त हैं।

ठाकरे ने एक्स पर एक पोस्ट में यह भी दावा किया कि सात और आठ फरवरी को आरएसएस के शताब्दी समारोह के अवसर पर मुंबई में आयोजित भागवत के कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोग उनके प्रति मोह के कारण नहीं, बल्कि नरेन्द्र मोदी सरकार के डर से आए थे। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इन टिप्पणियों को खारिज करते हुए कहा कि लोग आरएसएस के कार्यक्रमों में स्वेच्छा से और अनुशासन के साथ भाग लेते हैं। मराठी भाषा और पहचान के मुद्दे पर भाजपा ने कहा कि मराठी गौरव का विषय है, लेकिन किसी भी भाषा को संघर्ष का नहीं, बल्कि संवाद का माध्यम बने रहना चाहिए। ठाकरे ने कहा कि तमिलनाडु और कर्नाटक जैसे दक्षिणी राज्यों में क्षेत्रीय भावना प्रबल है। पंजाब, पश्चिम बंगाल और गुजरात में भी ऐसी ही भावना देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि जब देश के चार-पांच राज्यों से बड़ी संख्या में लोग दूसरे राज्यों में जाते हैं और वहां अकड़ दिखाते हैं, स्थानीय संस्कृति को नकारते हैं, स्थानीय भाषा का अपमान करते हैं और अपना अलग वोट बैंक बनाते हैं, तो इससे वहां के लोगों में नाराजगी पैदा होती है और गुस्सा भड़क उठता है। ठाकरे ने सवाल किया कि क्या भागवत इसे भी बीमारी कहेंगे।

# सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को मानसरोवर गार्डन स्थित एक सर्वोदय विद्यालय में नए स्कूल भवन खंड का उद्घाटन किया और कहा कि उनकी सरकार स्कूलों में बुनियादी ढांचे और सीखने की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने मंगलवार को मानसरोवर में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) प्रयोगशाला और दिलशाद गार्डन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार का लक्ष्य दिल्ली सरकार के अधीन स्कूलों को अभिभावकों की पहली पसंद बनाना है, जो गुणवत्ता, सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के मामले में निजी संस्थानों के बराबर या उनसे बेहतर हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में वास्तविक सफलता तब हासिल होगी, जब माता-पिता स्वयं अपने बच्चों के लिए सरकारी स्कूलों का चुनाव करेंगे।

# इमरान खान से जेल में मिल सकेंगे वकील



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के एक वकील को जेल में बंद पीटीआई प्रमुख इमरान खान से मिलने की मंगलवार को अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने वकील को जेल में इमरान की रहने की स्थिति के बारे में एक रिपोर्ट पेश करने को भी कहा।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान पांच अगस्त 2023 से सलाखों के पीछे हैं, जब उन्हें भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषसिद्धि के बाद लाहौर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया था। मौजूदा समय में उन्हें रावलपिंडी के अडियाला जेल में रखा गया है। उच्चतम न्यायालय की दो सदस्यीय पीठ ने इमरान से मुलाकात की अनुमति देने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान पीटीआई के वकील सलमान सफदर को मामले में अदालत के सहयोग के लिए न्याय मित्र नियुक्त किया और उन्हें जेल का दौरा करने का आदेश दिया। पीठ में प्रधान न्यायाधीश याह्या अफरीदी और न्यायमूर्ति शाहिद बिलाल हसन शामिल थे। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसे यह निर्देश देना उचित महसूस होता है कि जेल में याचिकाकर्ता के रहने की वर्तमान स्थिति के सिलसिले में एक रिपोर्ट पेश की जाए। उसने कहा, सलमान सफदर को अदालत के मित्र के रूप में अडियाला (जेल) जाना चाहिए। अदालत को उन पर पूरा भरोसा है। न्यायमूर्ति अफरीदी ने कहा कि सफदर को पीटीआई के संस्थापक तक पूरी पहुंच दी जानी चाहिए, ताकि वह लिखित जवाब दाखिल कर सकें। उन्होंने जेल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सफदर को जेल के बाहर इंतजार न करना पड़े। सफदर ने अदालत से पूछा कि क्या रिपोर्ट का दायरा केवल रहने की स्थिति तक ही सीमित था। उन्होंने हाल ही में हुई एक चिकित्सा प्रक्रिया के बाद इमरान के स्वास्थ्य के बारे में सामने आई चिंताओं का हवाला दिया। इस पर न्यायमूर्ति अफरीदी ने स्पष्ट किया कि सफदर को केवल रहने की स्थिति के बारे में रिपोर्ट पेश करनी है। इमरान से मुलाकात की अनुमति के लिए याचिका दायर करने वाले वकील लतीफ खोसा ने अदालत से अपना अनुरोध स्वीकार करने का आग्रह किया।

❍ मिली अनुमति


# एनजीटी ने दिया पूर्वी दिल्ली में एसटीपी का उपयुक्त रखरखाव नहीं होने की शिकायत पर कार्रवाई का निर्देश

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने दिल्ली जल बोर्ड और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को एक याचिका के संबंध में उपचारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, जिसमें मलजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) के अनुचित रखरखाव एवं आसपास के क्षेत्र में उसकी वजह से स्वास्थ्य खतरों का आरोप लगाया गया है।

एनजीटी पूर्वी दिल्ली में लोनी रोड के एक निवासी कल्याण संघ (आरडब्ल्यूए) की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। याचिका में दावा किया गया है कि समीप का एक मलजल शोधन संयंत्र उचित रखरखाव के अभाव में बदबूदार गैसें उत्सर्जित कर रहा है तथा लोगों के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर रहा है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की पीठ ने नौ फरवरी को जारी एक आदेश में कहा कि शिकायत की उचित जांच और निवारण की आवश्यकता है, जिस पर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के वकील ने आश्वासन दिया कि उचित कार्वाई की जाएगी। पीठ ने कहा, अतः हम मूल आवेदन का निपटारा करते हुए डीजेबी को निर्देश देते हैं कि वह शीघ्र ही उचित सुधारात्मक कार्रवाई करे। डीपीसीसी के सदस्य सचिव को एसटीपी का निरीक्षण करने, निर्गमन बिंदु से नमूना एकत्र कर यह पता लगाने का निर्देश दिया गया कि यह इकाई पर्यावरणीय मानदंडों का अनुपालन कर रही है या नहीं। पीठ ने कहा, यदि कोई उल्लंघन पाया जाता है, तो सदस्य सचिव (एनजीटी) उचित दंडात्मक और सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। एनजीटी ने अधिकारियों को आठ सप्ताह के भीतर आदेश का पालन करने का निर्देश दिया।

## इंटरटेनमेंट...

# पीरियड ड्रामा लाहौर 1947 की रिलीज डेट का ऐलान




**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस ने अपनी अपकमिंग पीरियड ड्रामा लाहौर 1947 की थिएट्रिकल रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म इंडिपेंडेंस डे वीक के दौरान 13 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

लाहौर 1947 में पहली बार सनी देओल, निर्देशक राजकुमार संतोषी और प्रोड्यूसर आमिर खान एक साथ नजर आएंगे। आमिर खान ने कहा, यह धरमजी की सबसे पसंदीदा स्क्रिप्ट्स में से एक थी और मुझे बेहद खुशी होती अगर वह यह फिल्म देख पाते। बता दें, लाहौर 1947 में सनी देओल, शबाना आजमी, प्रीति जिंटा और करण देओल अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। सनी देओल के बेटे करण देओल भी इस फिल्म में एक अहम किरदार निभाते दिखेंगे। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान ने दिया है और गाने जावेद अख्तर ने लिखे हैं। निर्देशक राजकुमार संतोषी और सनी देओल की जोड़ी पहले भी 'घायल, 'घातक' और 'दामिनी' जैसी यादगार फिल्में दे चुकी है।

अब कई सालों के बाद यह जोड़ी फिर से साथ लौट रही है, जिससे उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं। 1947 के दौर को जीवंत करने वाली यह फिल्म देशभक्ति और वीरता की एक नई मिसाल पेश कर सकती है। आखिरी बार सनी देओल बॉर्डर 2 में नजर आए थे। वर्ल्डवाइड 440 करोड़ का कलेक्शन कर यह फिल्म इस साल की सबसे बड़ी फिल्म बन चुकी है। बॉर्डर के बाद रानी मुखर्जी की फिल्म मदार्नी 3 रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब तक 37 करोड़ रुपए की कमाई कर चुकी है।

# मनोरंजन से आगे पॉप संगीत अब बदलाव का जरिया

मुंबई। पॉप-कल्चर पहले ट्रेंड फॉलो करता था, लेकिन 2026 की दुनिया में ट्रेंड वही बनता है जिसे टेलर स्विफ्ट और बियॉन्से छू देती हैं। वे सिर्फ गानों के जमाने नहीं बदल रहीं, वे तय कर रही हैं कि समाज किन मुद्दों पर बात करेगा। राजनीति, पहचान और नस्ल जैसे मुद्दों पर आज बहस किस दिशा में जाएगी, यह इन कलाकारों की आवाज से तय होता है। उनके एक फैसले से शहरों की अर्थव्यवस्था बदल जाती है। डिजिटल समुदाय सक्रिय होते हैं और इंडस्ट्री अपने नियम फिर से लिखने को मजबूर हो जाती है। यही वजह है कि इस समय पॉप-कल्चर को समझना मतलब इन दो कलाकारों के प्रभाव को समझना है। 2016 के एल्बम 'लिमनेड' से साबित कर दिया कि पॉप सिर्फ धुन नहीं, इतिहास और पहचान भी हो सकता है।

# आरोपी के निशाने पर थे फिल्म निर्देशक

मुंबई। फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के मुंबई स्थित घर के बाहर 31 जनवरी को पांच राउंड फायरिंग की घटना सामने आई थी, जिसके बाद से मुंबई क्राइम ब्रांच इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

जांच के दौरान यह खुलासा हुआ है कि इस फायरिंग में रोहित शेट्टी ही हमलावरों का मुख्य टारगेट थे। इस मामले में पुलिस ने 5 फरवरी को आरोपी आसाराम फसाले को गिरफ्तार किया था। पुलिस जांच के मुताबिक, आसाराम फसाले पिछले चार वर्षों से गैरेज मैकेनिक के तौर पर काम कर रहा था और लॉरेंस गैंग से जुड़ा हुआ था। वह गैंग के मास्टरमाइंड शुभम लोंकर के निर्देश पर हथियारों की सप्लाई करता था। इस केस में पहले से गिरफ्तार चार आरोपियों में से आसाराम फसाले की सीधी पहचान स्वप्निल सकट से थी, जो शुभम लोंकर के जरिए कराई गई थी। बताया जा रहा है कि लोंकर के निर्देश पर फसाले ने ही सकट को हथियार मुहैया कराए थे, जिन्हें बाद में एक अज्ञात शूटर तक पहुंचाया गया। इन्हीं हथियारों का इस्तेमाल फायरिंग की घटना में किया गया।

❍ रोहित शेट्टी पर फायरिंग का मामला

# मर्दानी-3 ने 10.55 करोड़ का कलेक्शन




मुंबई। यश राज फिल्म्स की मदार्नी 3 को रिलीज हुए 11 दिन हो गए हैं। फिल्म ने अपने दूसरे वीकेंड पर 10.55 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है, जिसके बाद भारत में फिल्म की कमाई 37.10 करोड़ रुपए हो गई है। मदार्नी 3 ने दूसरे शुक्रवार को 2.15 करोड़ रुपए की कमाई की। जबकि दूसरे शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त उछाल देखने को मिला और कलेक्शन में 79 प्रतिशत की बढ़त के साथ यह 3.85 करोड़ रुपए नेट तक पहुंच गया। इसके बाद रविवार को कमाई और बढ़ी और फिल्म ने 4.55 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। फिल्म बॉर्डर 2 के एक हफ्ते बाद यानी 30 जनवरी को रानी मुखर्जी की पॉपुलर मदार्नी फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म मदार्नी 3 रिलीज हुई है। इस फिल्म ने महज 4 करोड़ रुपए का ओपनिंग कलेक्शन किया था ओपनिंग डे पर मदार्नी 3 ने सभी उम्मीदों को पार करते हुए मदार्नी फ्रेंचाइजी और रानी मुखर्जी की सोलो फिल्मों में अब तक की सबसे बड़ी ओपनर बनने का रिकॉर्ड बनाया।

❍ मदार्नी 3 बॉक्स ऑफिस कलेक्शन




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com